ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 1 जून 2024
वर्ष 5, अंक 195, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली


एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



होम रन नहीं, चौके-छक्कों की होगी बारिश 13

केडी द डेविल्स की शूटिंग शिल्पा ने की पूरी 14



## ध्यान-साधना में लीन प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अपनी ध्यान साधना के दूसरे दिन विवेकानंद रॉक मेमोरियल कन्याकुमारी (तमिलनाडु) में सूर्योदय के दौरान सूर्य अर्घ्य दिया। भगवा कुर्ता, शॉल और धोती पहने हुए ध्यान मंडपम में ध्यान में वह लीन दिखाई दिए। प्रधानमंत्री ने 30 मई की शाम को ध्यान लगाना शुरू किया और एक जून की शाम तक ध्यान करेंगे। उन्होंने 2019 में लोकसभा चुनाव में प्रचार के बाद केदारनाथ गुफा में भी इसी तरह ध्यान लगाया था। ● एजेंसी

## देश को तानाशाही से बचाने के लिए जा रहा हूं जेल : केजरीवाल



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत 1 जून को खत्म हो रही है। इससे पहले उन्होंने शुक्रवार को वीडियो जारी कर केंद्र सरकार और जेल अधिकारियों पर खुद को प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा- देश को तानाशाही से बचाने के लिए जेल जा रहा हूं। मैं रविवार को 3 बजे बजे सरेंडर करूंगा। इस बार मेरे प्राण चले जाएं तो गम मत करना। जेल में मुझे प्रताड़ित करने की फिर कोशिश होगी।

# दुनिया को पछाड़ तेजी से दौड़ी भारतीय अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली, एजेंसी

देश की अर्थव्यवस्था के अच्छे प्रदर्शन की बदौलत वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गई।

इसके साथ ही भारत ने दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा। मौजूदा चुनाव प्रक्रिया के अंतिम चरण में पहुंचने के बीच सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से संबंधित आंकड़ा शुक्रवार को सामने आया। 4 जून को लोकसभा चुनावों के नतीजे घोषित होंगे। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जीडीपी से संबंधित आंकड़े जारी करते हुए कहा कि जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही जो पिछली चार तिमाहियों में सबसे कम है। एनएसओ ने कहा समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में वास्तविक जीडीपी में वृद्धि की दर 8.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है जबकि 2022-23 में यह सात प्रतिशत थी। इस तेजी के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था मार्च, 2024 के अंत में 3.5 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच गई और अगले कुछ वर्षों में इसके 5 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने का मंच तैयार हो चुका है।



● देश की जीडीपी वृद्धि 8.2 प्रतिशत के साथ दुनिया में सबसे ऊपर

### भारत ने चीन की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ा

इस तेजी के साथ भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है। चीन की अर्थव्यवस्था इस साल जनवरी-मार्च के दौरान 5.3 प्रतिशत की दर से बढ़ी। एनएसओ ने फरवरी में जारी अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि 7.7 प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी। एनएसओ के आंकड़ों के मुताबिक, वास्तविक जीडीपी यानी स्थिर कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद 2023-24 में 173.82 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच जाने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी का पहला संशोधित अनुमान 160.71 लाख करोड़ रुपये है। एनएसओ के मुताबिक, मौजूदा कीमतों पर जीडीपी वित्त वर्ष 2023-24 में 295.36 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच जाने का अनुमान है जबकि वर्ष 2022-23 में यह 269.50 लाख करोड़ रुपये थी। यह 9.6 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्शाती है। बीती मार्च तिमाही में देश की वास्तविक जीडीपी 47.24 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 43.84 लाख करोड़ रुपये थी। यह 7.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्शाता है। वहीं मार्च तिमाही में देश की मौजूदा कीमतों पर जीडीपी 9.9 प्रतिशत बढ़कर 78.28 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जबकि एक साल पहले यह 71.23 लाख करोड़ थी।



SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।
डिजाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी कुर्ता पायजामा | डिजाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

## प्रचंड गर्मी का कहर

# 15 मतदान कर्मियों ने दम तोड़ा


### मिर्जापुर में 13 व सोनभद्र में चुनाव ड्यूटी पर थे 2 कर्मचारी, प्रदेशभर में गई 86 की जान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** जानलेवा गर्मी लगातार कहर बरपा रही है। नौतपा का उग्र रूप जनजीवन अस्त-व्यस्त करने पर अमादा दिख रहा है। शुक्रवार को मिर्जापुर में लोकसभा चुनाव के लिए ड्यूटी पर तैनात 13, सोनभद्र में तैनात 2 व रायबरेली में तैनात सब इंस्पेक्टर समेत अलग-अलग जिलों में 86 लोगों की गर्मी से मृत्यु हो गई है।

मिर्जापुर में लोस. चुनाव के लिए डयूटी पर तैनात 13 चुनाव कर्मियों की शुक्रवार को तेज बुखार और उच्च रक्तचाप की शिकायत के बाद मेडिकल कॉलेज में मौत हो गयी। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य के मुताबिक, इन सभी कर्मियों की मौत के सटीक कारण का पता अभी नहीं चल सका है। मिर्जापुर स्थित मां विंध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजबहादुर कमल ने न्यूज एजेंसी को बताया कि मृतकों में सात होमगार्ड जवान (गोंडा के दो, प्रयागराज, बस्ती, कौशांबी व मीरजापुर के एक-एक), तीन सफाई कर्मचारी, सीएमओ कार्यालय में तैनात एक लिपिक, एक चकबंदी अधिकारी व होमगार्ड टीम का एक चपरासी शामिल है। उप निरीक्षक हरिशंकर तो रायबरेली में इवीएम की सुरक्षा डयूटी में थे।

वहीं, हमीरपुर में 12, प्रतापगढ़ में दस, बांदा में सात, महोबा में सात, लखनऊ व बाराबंकी में 4-4, प्रयागराज में चित्रकूट में एक, फतेहपुर में दो, कन्नौज में एक की मौत हो गई। राजस्थान निवासी 45 वर्षीय ट्रक चालक तेजा राम की इटावा के इकदिल के पास हाईवे पर लू लगने से मौत हो गई। कानपुर नगर में शुक्रवार को नौ शव अलग-अलग स्थानों पर मिले। इनमें से एक भी शिनाख्त नहीं हो सकी। कानपुर देहात में एक व्यक्ति की मौत हुई। बहराइच में चार, अमेठी में दो, अयोध्या में तीन, रायबरेली में एक, हरदोई में एक, अंबेडकरनगर में एक मौतें हुई है।



वाराणसी में लू के बीच एक मतदान अधिकारी वितरण केंद्र पर बेहोश हो गया। ● एजेंसी

## इंसान हों या जानवर, हर स्तर पर हों बचाव के प्रबंध : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



● हीट वेव (लू) की स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश
● गांव हो या शहर, न हो अनावश्यक बिजली कटौती

**अमृत विचार :** गर्मी के जानलेवा मिजाज का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंसानों के साथ-साथ जीव-जन्तुओं की भी सुरक्षा किए जाने को हर स्तर पर आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने राहत आयुक्त कार्यालय से भी उम्मीद की है कि, मौसम पूर्वानुमान का दैनिक बुलेटिन वहां से जारी हो। यहां तक कि गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती न हो।

योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को जारी एक संदेश में कहा कि, आम जनजीवन और पशुधन, वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर मजबूत प्रबंध किए जाएं। उन्होंने कहा कि तेज गर्मी, लू का मौसम चल रहा है। ऐसे में जरूरत हो तो अतिरिक्त बिजली खरीदने की व्यवस्था हो। योगी के मुताबिक, सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ रखवाए जाएं। सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए। पानी की कमी से अत्यधिक प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए।

# मतदान आज, मोदी व योगी की अग्निपरीक्षा

नई दिल्ली/ लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव का अंतिम चरण मोदी और योगी की भी अग्निपरीक्षा का होगा। हालांकि देशभर के एनडीए प्रत्याशियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी तो वहीं उप्र. के उम्मीदवारों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की साख जुड़ी है। लेकिन चुनाव के इस आखिरी पड़ाव में वाराणसी सीट से खड़े नरेन्द्र मोदी के सामने इस बार जीत की हैट्रिक लगाने का लक्ष्य है तो वहीं योगी आदित्यनाथ के घर की सीट गोरखपुर से भाजपा ने अभिनेता से नेता बने रवि किशन शुक्ला को फिर से मैदान में उतारा है। जहां योगी की भी प्रतिष्ठा मायने रखती है।

शनिवार को आखिरी चरण के मतदान में देश की 57 सीटों पर वोटिंग होगी। उत्तर प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों के साथ सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट पर उपचुनाव भी होगा। इस दौरान 144 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला मतदाता करेंगे। इस चरण में उप्र. की महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (अजा), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व रॉबर्ट्सगंज (अजा) लोकसभा सीट के लिए मतदान होना है। सातवें चरण के चुनाव में भाजपा नीत राजग के दो घटक दलों अपना दल (एस) और सुभासपा के तीन उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। मिर्जापुर से अपना दल (एस) प्रमुख व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल और राबर्ट्सगंज (सुरक्षित) सीट से रिंकी कोल मैदान में हैं।




मतदान केंद्र जाती पोलिंग पार्टी।

● देश की 57 लोकसभा सीटों पर मतदाता आज डालेंगे वोट
● उप्र. की 13 सीटों पर 144 उम्मीदवार मैदान में

## गुप्त तरीके से धन देने के मामले में ट्रंप दोषी करार

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिका में 2016 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले पॉर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को गुप्त तरीके से धन देने के मामले में डोनाल्ड ट्रंप को रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 34 आरोपों के तहत बृहस्पतिवार को दोषी पाया गया। इसी के साथ वह किसी गंभीर अपराध के लिए दोषी ठहराए गए अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए। ऐसे में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनावों में शामिल हो एक बार फिर से व्हाइट हाउस पहुंचने की उनकी उम्मीदों की राह में कानूनी चुनौतियां बढ़ती दिख रही हैं। मैनहट्टन के 12 जूरी सदस्यों के एक समूह ने बृहस्पतिवार को एक ऐतिहासिक फैसले में कहा कि वे सर्वसम्मति से इस बात पर सहमत हैं कि 77 वर्षीय ट्रंप ने वयस्क फिल्म स्टार डेनियल्स को 130,000 अमेरिकी डॉलर की राशि का भुगतान छिपाने के लिए व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी की।



● दोषी ठहराए जाने वाले अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति

# प्रज्वल 7 दिन की हिरासत में

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु की एक अदालत ने शुक्रवार को जनता दल (सेक्युलर) के निलंबित नेता एवं सांसद प्रज्वल रेवन्ना को 6 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पोते 33 वर्षीय प्रज्वल को शुक्रवार तड़के जर्मनी के म्यूनिख से लौटने के बाद गिरफ्तार किया गया था। कई महिलाओं के कथित यौन शोषण के वीडियो सामने आने के बाद हासन से सांसद प्रज्वल जर्मनी चले गए थे।



अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के.एन. शिवकुमार ने रिमांड अर्जी और प्रज्वल के वकील की आपत्ति पर सुनवाई के बाद उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

**यौन उत्पीड़न मामला**

● जर्मनी से भारत लौटते ही एयरपोर्ट से किया गया था गिरफ्तार

### जमानत रद करने का अनुरोध

एसआईटी ने हाईकोर्ट में प्रज्वल के पिता एवं जद (एस) विधायक एचडी रेवन्ना की अपहरण मामले में जमानत रद करने का अनुरोध किया। न्यायमूर्ति कृष्ण दीक्षित की एकल पीठ ने मामले की सुनवाई सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी। सत्र अदालत ने एचडी रेवन्ना को जमानत दी थी।

### भवानी की जमानत अर्जी खारिज

सांसद प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी की अग्रिम जमानत अर्जी एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को खारिज कर दी। भवानी ने मैसुरु जिले के केआर नगर में एक महिला के अपहरण से जुड़े मामले में बुधवार को विशेष अदालत में अग्रिम जमानत अर्जी दायर की थी।

## बिभव कुमार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली कोर्ट ने केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को शुक्रवार को यह कहते हुए 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया कि जांच अभी प्रारंभिक चरण में है और इसे पूरा करने में समय लगेगा। केजरीवाल के निजी सहायक कुमार ने 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित तौर पर मारपीट की थी। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने कहा दोनों पक्षों की दलीलों सुनने के बाद उन्हें हिरासत में भेजने का फैसला किया। उन्हें 14 जून को पेश किया जाए।

# आंधी-तूफान ने ली 10 की जान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी/शाहजहांपुर

● शाहजहांपुर में दो बच्चों समेत पांच की गई जान, लखीमपुर में भी पांच लोगों की मौत

**अमृत विचारः** नौतपा की तपिश से बेहाल लोगों के लिए गुरुवार को उठा आंधी तूफान आफत बन गया। तूफान से लखीमपुर में जहां पांच लोगों की मौत हो गई, वहीं शाहजहांपुर में दो बच्चों समेत पांच की गई जान चली गई।

शाहजहांपुर में गुरुवार शाम आई आंधी और बारिश से बचने के लिए पुवायां के सतवां बुजुर्ग निवासी रामनरेश का आठ वर्षीय पुत्र सूरज, वहीं का 12 वर्षीय मुनेश पुत्र महेंद्र और 35 वर्षीय इंद्रेश पुरानी गोशाला में जाकर दीवार से सटकर बैठ गए। आंधी में गोशाला की टिनशेड उड़ गई और दीवार गिर गई। सूरज की मौत मौके पर ही हो गई। इंद्रेश और मुनेश ने राजकीय मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। उधर, निगोही के गांव करौधा निवासी नरेश सिंह (56) अपने बेटे विकास के साथ खेत पर गन्ने की गुड़ाई कर रहे थे। आंधी-बारिश में दोनों आम के पेड़ के नीचे खड़े हो गए। अचानक आम का पेड़ धराशायी हो गया। पिता- पुत्र घायल हो गए। राजकीय मेडिकल कॉलेज में नरेश सिंह की देर रात मौत हो गई। निगोही क्षेत्र के गांव कुदरिना में कोठरी की दीवार ढहने से दबकर 62 वर्षीय रामरती पत्नी सुखपाल की मौत हो गई जबकि रेनू व ब्रजेश घायल हो गए। एडीएम एफआर डॉ. सुरेश कुमार ने कहा कि आंधी-बारिश के दौरान दीवार गिरने से अलग-अलग स्थानों पर पांच लोगों की जान चली गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद 24 घंटे में मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता दे दी जाएगी। वहीं लखीमपुर में पांच लोगों की जान चली गई।



लखीमपुर की शास्त्रीनगर कालोनी में कार पर गिरा खंबा।

# बंदूक जांचते समय गोली चलने से गार्ड की मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● एक माह बाद शुक्रवार को ड्यूटी पर आए थे उमेश चौहान
● निजी बंदूक को जांचते समय फायर, सीने में जा धंसी गोली

**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र में लाकड़ी फाजलपुर स्थित डायनेमिक एक्सपोर्ट फर्म में शुक्रवार सुबह सिक्योरिटी गार्ड उमेश की गोली लगने से मौत हो गई।

प्रकाश नगर लाइन पार में रह रहा उमेश चौहान मूल रूप से मैनपुरी का था। शुक्रवार सुबह अपनी बंदूक लेने के लिए गार्ड रूम में गए थे। बंदूक मिलने के बाद उसे जांचते समय फायर हो गया। सीने में गोली लगने के कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई थी। फैक्ट्री के मुख्य सुरक्षा अधिकारी का कहना है कि उमेश लंबे समय से बीमार चल रहा था। 5 मई के बाद वह ड्यूटी पर नहीं आ रहा था। उधर, मृतक के बेटे अमित चौहान ने बताया कि दोपहर 12 बजे एक्सपोर्ट फर्म से उनके पास फोन आया कि उमेश का एक्सीडेंट हो गया। उन्होंने उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाने का अनुरोध भी किया था। वह एक्सपोर्ट फर्म में दोपहर एक बजे पहुंचे तो देखा कि उनके पिता खून से लथपथ पड़े थे। अमित ने फर्म के लोगों को अपने पिता की मौत का जिम्मेदार ठहराया।

## नैक मूल्यांकन में नरेंद्र देव कृषि विवि को ए++ रैंक

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज ने नया इतिहास रच दिया। नेशनल असेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल (नैक) के मूल्यांकन में ए++ रैंक पाने वाला यह देश का पहला कृषि विश्वविद्यालय बन गया है। रैंकिंग की जानकारी के बाद विश्वविद्यालय और इससे जुड़े महाविद्यालयों में जश्न का माहौल शुरू हो गया।

नैक मूल्यांकन के लिए आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवम प्रौद्योगिक विवि कुमारगंज ने कड़ी मेहनत की। हर पहलू को बेहतर किया गया। रैंकिंग के लिए मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की छह सदस्यीय टीम ने दो चरणों में यहां का दौरा किया। 22-24 अप्रैल और 27 से 29 मई को कृषि विवि और कृषि महाविद्यालयों में परीक्षण किया। हर स्तर पर इसका मूल्यांकन किया। टीम कृषि महाविद्यालय कोटवा आजमगढ तक पहुंची थी। इसके बाद शुक्रवार को कृषि विश्वविद्यालय को ए++ रैंक मिलने की घोषणा की गई। इसकी सूचना मिलने के बाद विश्वविद्यायालय में शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई।

# अब ऑनलाइन गवाही, कोर्ट जाने की जरूरत नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**एक जुलाई से न्यायिक प्रक्रिया में देशभर में नई व्यवस्था लागू होने जा रही**

**अमृत विचार :** एक जुलाई से न्यायिक प्रक्रिया में देशभर में नई व्यवस्था लागू होने जा रही है जिसके तहत अब गवाहों को बयान दर्ज कराने के लिए कोर्ट जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

गवाह वीडियो कांफ्रेंसिंग बूथ के जरिये गवाही दे सकेगा। इसके लिए प्रत्येक जिले में बूथ बनाए जाएंगे। हालांकि कानपुर में यह सुविधा पहले से ही शुरू है। अभी तक यह व्यवस्था नियमावली के तहत हो रही थी, अब नई संहिता में इसको विधिक उपबंध के रूप में स्थापित किया गया है, जो एक जुलाई लागू होगा। अभी तक साक्षियों को कोर्ट में हाजिर होना पड़ता है। कई बार गवाह, वादकारी मजबूरीवश पेश नहीं हो पाते। बयान देने के लिए लोग एक शहर से दूसरे शहर के चक्कर काटते थे, जिस कारण न्यायिक प्रक्रिया में भी देरी होती थी। हालांकि कानपुर में वर्ष 2021-22 में ही ऑनलाइन गवाही शुरु करा दी गई थी। कानपुर में एडीसीपी मनीष सोनकर को इस व्यवस्था का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### इस तरह उठाएं सुविधा का लाभ

संयुक्त निदेशक (अभियोजन) कुंवर विक्रम सिंह ने बताया कि वीडियो कांफ्रेंसिंग नियमावली 2020 के अनुसार हर जिले में वीडियो कांफ्रेंसिंग बूथ गठित किए जाएंगे, जो न्यायालय परिसर में भी होंगे और जिला मजिस्ट्रेट अथवा जनपदीय पुलिस कार्यालय में भी। बूथ पर कोआर्डिनेटर लेवल का एक अधिकारी होगा, जो यह तय करेगा कि गवाही देने वाला व्यक्ति वही है जिसके लिए समन जारी किया गया है। इसी अधिकारी के माध्यम से साक्षी अन्य जनपद की न्यायालय को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से गवाही देने की सूचना भेजेगा।



कोरोना महामारी के दौरान वर्ष 2020 में वीडियो कांफ्रेंसिंग से बयान या पेशी की नियमावली लाई गई थी। अब नई संहिता में इसको विधिक उपबंध के रूप में स्थापित किया गया है, जो एक जुलाई लागू होगा। – **कुंवर विक्रम सिंह,** संयुक्त निदेशक (अभियोजन)

### कुछ इस तरह होगी गवाही

संयुक्त निदेशक (अभियोजन) ने बताया कि गवाह अपने बूथ कोआर्डिनेटर से संपर्क कर वीडियो कांफ्रेंसिंग के संबंध में नियमावली में दिया गया फार्म भरेगा। जिसमें मोबाइल, ईमेल आईडी आदि देगा। यह सब कार्यवाही करने के बाद बूथ कोआर्डिनेटर के माध्यम से कोर्ट को भेजा जाएगा। इसके बाद कोर्ट बयान के लिए तिथि व स्लॉट निर्धारित करेगी। यह सब चीजें गवाह को निर्धारित तिथि से पहले उपलब्ध करा दी जाएंगी।

## एक नजर

### ओवरटेक करते समय कार की ट्रक से टक्कर

**गजरौला।** असम हाईवे पर थाना गजरौला के सामने शुक्रवार शाम करीब साढ़े छह बजे पूरनपुर की तरफ से आ रही कार ओवरटेक करते वक्त ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि उसमें सवार लोगों को चोट नहीं आई। मौके पर भीड़ जमा हो गई और जाम लग गया। पुलिस ने वाहनों को हटवाकर जाम खुलवाया। कस्बा इंचार्ज कमलेश सिंह ने बताया कि हादसे में किसी को चोट नहीं आई है।

### बेटे संग निकली महिला लापता, गुमशुदगी दर्ज

**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के ग्राम जयोराह कल्यानपुर के रहने वाले सत्यपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पत्नी पुष्पा देवी (28) मंगलवार शाम बिना बताए घर से कहीं चली गई। आठ वर्षीय पुत्र को भी अपने साथ ले गई। काफी तलाशने के बाद भी मां-बेटे का कुछ पता नहीं लग सका है। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच करा रहे हैं।

### पुलिस ने बंडा चौराहे पर पकड़ा मिट्टी लदा डंपर

**पूरनपुर।** पिछले कई दिनों से पुरनपुर पीलीभीत मार्ग पर डंपर से मिट्टी की ढुलाई की जा रही है। गुरुवार को कोतवाली पुलिस ने बंडा चौराहे के पास मिट्टी लदा डंपर रोक लिया। चालक से मिट्टी ले जाने से संबंधित दस्तावेज मांगे गए तो वह नहीं दिखा सका। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि दस्तावेज न होने पर डंपर पकड़ा गया था। उधर, बंडा चौराहे के पास दूसरे डंपर को पकड़ा लेकिन दस्तावेज पूरे होने पर उसे छोड़ दिया गया।

# गर्मी से हांफे ट्रांसफार्मर...पानी की बौछार से ठंडे करने पड़ रहे

## गुरुवार रात शहर में कई जगहों पर ट्रांसफार्मर बने आग का गोला, जर्जर बिजली के तारों में आग से मची खलबली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** इन दिनों भीषण गर्मी से हर कोई बेहाल है। नौतपा के दौरान जनपद में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। गर्मी के बीच लोड बढ़ने से बिजली की खपत बढ़ने के बाद लगातार बढ़ते ओवरलोड के बीच ट्रांसफार्मर हांफ रहे हैं। ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने के लिए पानी की बौछार का सहारा लेना पड़ रहा है। बीती रात बिजली के जर्जर तार हो या फिर ट्रांसफार्मर कई जगह आग लगने की सूचनाएं मिलती रहीं। जिस पर पावर कॉरपोरेशन की टीमें दौड़ती रहीं। इस दौरान बिजली भी घंटों गुल रही। कहा जा रहा है कि भीषण गर्मी में बिजली की खपत बढ़ने से डेढ़ गुना तक मांग बढ़ गई है। मांग और आपूर्ति में तालमेल गड़बड़ाने से शेड्यूल धड़ाम हो गया है।

शहर की बिजली व्यवस्था को लेकर जनप्रतिनिधि हो या अधिकारी हर कोई जल्द बेहतर व्यवस्था का दावा करता है। यहां तक की हर साल गर्मी में होने वाली अघोषित कटौती की समस्या दूर करने को बीते साल सर्दियों में पावर कॉरपोरेशन की ओर से काम कराया गया और ये भरोसा दिलाया था कि इस बार राहत मिलेगी लेकिन हालात जस के तस बने हैं। बीते माह एक माह से गर्मी की मार के बीच अघोषित कटौती बढ़ती जा रही है। इसका कोई उपाय जिम्मेदार नहीं तलाश सके हैं। इतना जरुर है उपभोक्ताओं को बेवकूफ बनाने के लिए जिम्मेदार उसे लोकल फाल्ट का नाम दे रहे हैं। गुरुवार रात को शहर के तमाम इलाकों में कहीं तारों में आग लगी तो ट्रांसफार्मर जल उठे। जिससे स्थानीय लोगों को बिजली कटौती की चिंता के साथ हादसे का डर सताता रहा। सूचना मिलने पर पावर कॉरपोरेशन की टीम ने सुधार कराया। फिर भी लो-वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या बनी है। जिस कारण घरों में विद्युत संचालित उपकरण शोपीस बने हैं। बजरिया, इनायतगंज समेत आसपास के इलाकों में रात भर बिजली की आपूर्ति ठप रही। दूसरे दिन शुक्रवार को टीम भेजकर सुधार कराया। डोरीलाल, आसफजान, मोहतसिम खां, साहूकारा, सुनगढ़ी समेत कई इलाकों में भी बिजली आती-जाती रही।



मोहल्ला बजरिया में हुए फाल्ट को ठीक करते कर्मचारी।

- सूचना पर पावर कॉरपोरेशन की ओर से भेजी गई टीम ने कराया सुधार, घंटों सप्लाई रही बाधित

"इन दिनों लोड अधिक होने की वजह से तारों और ट्रांसफार्मर में आग लग रही है। बिजली चोरी करने के साथ ही फेस बदलने के प्रयास में भी आग लगने की आशंका बनी रहती है। सूचनाएं मिलने पर टीम भेजकर संबंधित स्थानों पर सुधार कराया गया। सब स्टेशन पर ट्रांसफार्मर ठंडा रखने के लिए कूलर लगवाए गए हैं। – **जहांगीर आलम,** जेई पावर कॉरपोरेशन

### गांधी स्टेडियम रोड-ट्रांसफार्मर में आग से दहशत

**सीन 1** शहर के गांधी स्टेडियम रोड पर दिन-रात आवाजाही होती है। पावर कॉरपोरेशन के कई ट्रांसफार्मर सड़क किनारे रखे हैं। गुरुवार रात 12 बजे के बाद यहां पर रखे एक ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों की नजर पड़ी तो अफरा-तफरी मच गई। पावर कॉरपोरेशन के अफसर-कर्मचारियों को इसकी सूचना दी गई। जिसके बाद टीम ने पहुंचकर सुधार कराया। हालांकि इस दौरान आसपास के इलाकों की बिजली काफी देर तक गुल रही।



### लाल रोड- जर्जर तारों से निकलती चिंगारी

**सीन 2** शहर के मुख्य लाल रोड का इलाका घनी आबादी क्षेत्र है। यहां पर भी तारों के मकड़जाल लंबे समय से है। जिनका सुधार नहीं हो सका है। कुछ जगह तार नीचे झूलते रहते हैं। मकानों के पास से बिजली की तारें गुजरी हुई है। यहां पर भी गुरुवार रात रंगीलाल चौराहा के नजदीक कबाड़ी की दुकान के बाहर तारों में आग लग गई। करीब सवा 12 बजे इसकी जानकारी कुछ स्थानीय लोगों ने पावर कॉरपोरेशन के ग्रुप पर दी। जिसके बाद टीम को मौके पर भेजा गया।



### छतरी चौराहा- धू-धूकर जलता ट्रांसफर्मार

**सीन 3** टनकपुर हाईवे पर छतरी चौराहा के पास रखे ट्रांसफार्मर में गुरुवार रात करीब साढ़े ग्यारह बजे अचानक आग लग गई। उस वक्त मार्ग पर आवाजाही अधिक थी। लोगों की नजर जलते हुए ट्रांसफार्मर पर गई तो उन्हें हादसे का डर सताने लगा। इसकी सूचना पावर कॉरपोरेशन के कर्मचारियों को दी गई। जिसके बाद सप्लाई बंद करने के साथ ही दमकल टीम की मदद से आग बुझाई गई। फिर सुधार कार्य कराकर बिजली सप्लाई चालू कराई जा सकी।



### ट्रांसफार्मर की गर्मी दूर करने को लगाए कूलर

**सीन 4** इन दिनों पड़ रही गर्मी के बीच लोड अधिक होने पर ट्रांसफार्मरों को खराब होने से रोकने के लिए पावर कॉरपोरेशन की ओर से भी इंतजाम किए गए हैं। इसी क्रम में नकटादाना सब स्टेशन पर पावर परिवर्तन ट्रांसफार्मर को ठंडा रखने के लिए बड़े-बड़े कूलर लगवा दिए गए हैं। जेई जहांगीर आलम ने बताया कि ट्रांसफार्मर को ठंडा रखने के लिए कूलर लगाए गए हैं।



## अभद्र टिप्पणी करने पर कब्रिस्तान के बाहर युवकों में मारपीट

**पूरनपुर, अमृत विचार:** फिलिस्तीन को लेकर संवेदनाएं व्यक्त करने पर एक युवक ने अभद्र टिप्पणी कर दी। जिसके बाद मारपीट हो गई। शोर शराबा होने पर कब्रिस्तान में मौजूद कई लोग बाहर निकल आए। इसको लेकर काफी देर तक युवकों के बीच नोक झोंक होती रही। किसी तरह मौजूद लोगों ने मामला शांत कराया। देर शाम तक मामले की किसी तरह की कोई शिकायत पुलिस से नहीं की गई है।

घटना शुक्रवार दोपहर ब्लॉक रोड पर स्थित एक कब्रिस्तान के बाहर की है। यहां पर लोग फातिहा पढ़ने गए थे। इस दौरान बाहर निकले एक व्यक्ति ने सड़क किनारे लगे हैंडपंप पर तेज धूप के चलते पैर धोए। इस दौरान उस व्यक्ति ने कहा कि गर्मी में हाल बेहाल हो रहे हैं। फिलिस्तीन में क्या हाल होगा। इस दौरान पास में ही खड़े एक अन्य युवक ने टिप्पणी कर दी। इसी बात पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। टिप्पणी करने वाले युवक की पिटाई लगा दी। शोर शराबा होने पर कब्रिस्तान के अंदर मौजूद लोग भी बाहर निकल आए। पिटाई के बाद युवक वहां से खिसक गया। कब्रिस्तान के पास गाली गलौज को लेकर मारपीट करने वाले व्यक्ति की दूसरे युवक से फिर नोक झोंक होने लगी। इससे वहां भीड़ एकत्र हो गई। लोगों ने समझा बुझाकर मामला शांत कराया।

# त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में होगी मतगणना, जिम्मेदारियां तय

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- चार जून को मंडी समिति परिसर में होनी है मतगणना

**अमृत विचार:** चार जून को मंडी परिसर में होने वाली मतगणना त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में होगी। वहीं निष्पक्ष व सकुशल मतगणना संपन्न कराने को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रभारी अधिकारियों को नामित किया गया है।

लोकसभा की चुनाव की मतगणना होने में तीन दिन का समय शेष बचा है। प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह की देखरेख में तैयारियों पर पूरी नजर रखी जा रही है। ताकि मतगणना के दौरान कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। इधर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतगणना संबंधी सभी कार्यों के कुशल निष्पादन के लिए प्रभारी अधिकारियों को नामित किया गया है। इसको लेकर खाद्य विपणन अधिकारी विजय कुमार शुक्ला की ड्यूटी मंडी समिति गेट नंबर एक पर लगाई गई है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी श्याम नारायण राम को मंडी समिति गेट नंबर दो, उपायुक्त उद्योग आत्म देव शर्मा मंडी समिति गेट नंबर तीन, परियोजना अधिकारी नेडा अतुल कुमार श्रीवास्तव गेट नंबर दो के आगे दाहिनी तरफ अधिकारी पार्किंग प्रवेश द्वार के बैरियर, जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव मंडी कार्यालय के पास बैरियर पर तैनात रहेंगे। जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अशोक कुमार मंडी कार्यालय के पास विधानसभा 129 व 130 के बैरियर पर, सहायक आयुक्त, राज्य कर विभाग राजेंद्र प्रसाद चौहान मुख्य प्रवेश द्वार मतगणना स्थल विधानसभा-127,128, जिला कृषि अधिकारी डॉ. विनोद यादव मुख्य प्रवेश द्वार मतगणना स्थल विधानसभा-129 व130, प्रभारी खनन अधिकारी अशोक कुमार आसाम रोड चौराहा, जिला सेवायोजन अधिकारी विवेक कुमार शुक्ला नौगवा चौराहा, भूमि संरक्षण अधिकारी गणेश शंकर परिहार उपाधि महाविद्यालय चौराहा पर अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। उप निबंधक श्रीनिवास यादव मंडी गेट नंबर दो पर कर्मचारियों/अधिकारियों के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स जमा करेगें। उप निबंधक शाकिब मंडी कार्यालय के पास के बैरियर पर मतगणना कार्मिक एवं मतगणना एजेंटों के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स जमा करेगें।

### 100 मीटर परिधि क्षेत्र प्रथम स्तर सुरक्षा के अंतर्गत

चार जून को मंडी समिति परिसर स्थित मतगणना स्थल त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में रहेगा। मतगणना स्थल की 100 मीटर परिधि का क्षेत्र प्रथम स्तर सुरक्षा के अंतर्गत आएगा। जहां क्षेत्रीय पुलिस द्वारा सुरक्षा प्रदान की जाएगी। किसी भी वाहन का प्रवेश वर्जित रहेगा। केवल अधिकृत पास के साथ ही प्रवेश मान्य होगा। मतगणना परिसर द्वितीय स्तर सुरक्षा के अंतर्गत आएगा। यहां राज्यस्तरीय सशस्त्र सुरक्षा बल तैनात रहेगा। यहां कोई भी अनुचित सामग्री( हथियार, ज्वलनशील पदार्थ, माचिस आदि) लेकर प्रवेश नहीं कर सकेगा। मतगणना कक्ष तृतीय स्तर सुरक्षा के अंतर्गत आएगा। यहां केंद्रीय सशस्त्र बल तैनात रहेगा। इसमें किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, कैमरा आदि के उपयोग पूरी तरह से पाबंदी रहेगी।

## डीएम-एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** डीएम, एसपी ने शुक्रवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं का जाना और संबंधित अधिकारियों को तत्काल समस्याओं का निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

डीएम संजय कुमार सिंह, एसपी अविनाश पांडेय ने शुक्रवार को जिला कारागार पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कारागार में बैरक संख्या तीन, चार और पांच के साथ किशोर बैरक का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पुरुष बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना। बंदियों की समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि मानक के अनुरूप बंदियों को समस्त सुविधायें उपलब्ध कराई जाएं। इस दौरान उन्होंने साफ सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।



जिला कारागार का निरीक्षण कर बाहर आते डीएम व एसपी। • अमृत विचार

- बंदियों की समस्याओं को सुना, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

## पुरानी रंजिश में घर में घुसकर दंपती समेत तीन को पीटा

**बीसलपुर, अमृत विचार:** पुरानी रंजिश को लेकर महिला, उसके पति व जेठ की पिटाई कर दी गई। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

कोतवाली में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में ग्राम रढैता की रहने वाली प्रीति पत्नी विनोद कुमार ने बताया कि 29 मई की रात साढ़े आठ बजे गांव के शिवम, सुनील, राकेश और सूरज पुरानी रंजिश के चलते उसके घर के भीतर घुस आए। लाठी डंडे और धारदार हथियार हाथों में लिए थे। आरोपियों ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर प्रीति की पिटाई कर दी। शोर पर जब पति विनोद और जेठ राजेश कुमार बचाने आए तो उनकी भी पिटाई कर दी। धाररदार हथियारों से वार कर घायल कर दिया। आसपास के ग्रामीणों के जमा होने पर आरोपी धमकी देकर भाग गए। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## दिन में दो बार ठंडे किए जा रहे बिजली घरों के ट्रांसफार्मर

संवाददाता, पूरनपुर

- तापमान बढ़ने से गर्म होकर फुंकने की आशंका

**अमृत विचार:** लगातार तापमान बढ़ने से बिजली कर्मचारियों के लिए मशक्कत भी बढ़ती जा रही है। आपूर्ति देने वाले ट्रांसफार्मर अत्यधिक गर्म हो रहे हैं। निर्बाध आपूर्ति के लिए ट्रांसफार्मर दिन भर में दो बार पानी डालकर ठंडे किए जा रहे हैं।

पूरनपुर बिजली घर में पांच और आठ एमबीए के भारी भरकम ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं। इनसे कस्बे में बिजली की आपूर्ति की जा रही है। इसके अलावा कुर्रैया, शेरपुर कलां, घुंघचाई और 132 केवीए बिजली घर में भारी भरकम ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं। पिछले एक सप्ताह से गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। तापमान 40 से लेकर 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। ऐसे में बिजली आपूर्ति करने वाले भारी भरकम ट्रांसफार्मर भी बढ़ते तापमान के चलते गर्म हो गए। अत्यधिक तापमान होने से ट्रांसफार्मर के खराब होने की आशंका बनी हुई है। पहले कूलर और पंखे चलाकर ट्रांसफार्मर ठंडे किए जा रहे थे। लेकिन बढ़ते तापमान के आगे कूलर फेल हो गए। हवा करने के बाद भी वह तपने लगे हैं। अब आपूर्ति बंद करने के बाद इन विशालकाय ट्रांसफार्मर को पानी डालकर ठंडा किया जा रहा है। अब दिन में दो बार ट्रांसफार्मर पानी से नहलाये जा रहे हैं। कस्बे और ग्रामीण क्षेत्र में लगे ट्रांसफार्मर को बचाने के लिए दिन भर कर्मचारी जतन करते रहते हैं। एक्सईएन प्रशांत गुप्ता ने बताया कितापमान बढ़ने पर अब दिन में दो बार बड़े ट्रांसफार्मरों पर पानी डाला जा रहा है। जिससे उपभोक्ताओं को लगातार बिजली आपूर्ति मिल सके।







# स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती मनाई

सवाददाता, दियोरियाकलां

**अमृत विचार:** महर्षि दयानंद सरस्वती का जन्मोत्सव कार्यक्रम शुक्रवार को ग्राम बढ़ैरा में हुआ। प्रातः कालीन यज्ञ के साथ इसकी शुरुआत की गई। यज्ञाचार्य राम बहादुर शास्त्री ने यज्ञ और वेद मंत्रों की व्याख्या की। कहा कि यदि मानव अपनी उन्नति चाहता है तो उसे वेदों की ओर वापस लौटना होगा।

मुख्य यजमान भोजेंद्रपाल आर्य सपत्नीक ने बताया कि दयानंद सरस्वती का जन्म 12 फरवरी, 1824 को टंकारा में हुआ था और उन्होंने अपना पूरा जीवन वैदिक ज्ञान व सांस्कृतिक विरासत के लिए समर्पित कर दिया. उन्होंने अपने विचारों और संदेशों के माध्यम से समाज को समृद्धि, स्वतंत्रता और समानता की ओर प्रेरित किया। कार्यकम में सहायक यजमान उमाशंकर आर्य रहे। दोपहर दो बजे से पांच बजे तक बरेली से आए भजनोपदेशक नेत्रपाल आर्य, गुरुकुल महाविद्यालय रुद्रपुर तिलहर से आए आचार्य अवधेश शास्त्री, शाहजहांपुर के स्वामी विजय देव नैष्ठिक ने भजन एवं प्रवचन किए। समस्त आर्य बंधु सपरिवार शामिल हुए।

आचार्य नरेश शास्त्री, रामप्रताप आर्य, रामचंद्र आर्य, रामकृष्ण आर्य, उमाचरन आर्य, मुरारी लाल, शिशुपाल शास्त्री, सुरेश, कृष्ण पाल आर्य, धीरज आर्य, भूपेंद्र आर्य, ऋषभ आर्य, प्रांजल आर्य आदि मौजूद रहे।




ग्राम बढ़ैरा में हुए यज्ञ में शामिल आर्यजन। • अमृत विचार

## खेत से वापस लौटते समय ग्रामीण को पीटा, फिर धमकाया

**घुंघचिहाई, अमृत विचार:** गांव मंडनपुर खुर्द के दलजीत सिंह ने बताया कि 30 मई को उसका भाई हरजीत सिंह खेत से वापस घर लौट रहा था। रास्ते में गांव के ही कुछ लोगों ने घेर लिया और गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर सभी ने हमला कर मारपीट की। पीड़ित बचने के लिए घर की तरफ भागा। इस पर आरोपी पीछा करते हुए आए और पकड़ लिया। जान से मारने की नीयत से गला दबाया। इसकी सूचना मिलने पर जब वह पहुंचे तो आरोपी धमकी देकर भाग गए। घायल भाई को सीएचसी पूरनपुर ले गए। वहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कार्रवाई के लिए पुलिस को मामले की तहरीर दी गई है। एसओ घुंघचिहाई धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

## लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई



सफौरा इंटर कॉलेज में हुए कार्यक्रम में मौजूद पाल समाज के लोग। • अमृत विचार

संवाददाता, बीसलपुर (पीलीभीत)

- शहर में सपा कार्यालय और बीसलपुर में भी हुए कार्यक्रम

**अमृत विचार:** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 299वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई।शहर से लेकर तहसील स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

शहर के नकटादाना चौराहा पर समाजवादी पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा की अगुवाई में गोष्ठी आयोजित की गई। सर्वप्रथम कार्यकर्ताओं ने अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और विचार व्यक्त किए। इस मौके पर नरेश कुमार, नरेंद्र मिश्र कट्टर, बालकराम सागर, काशीराम सरोज, कमलेश कुमार, गुरप्रीत सिंह, गुरनाम सिंह, हरनाम सिंह, महेश पटेल, राधेश्याम, आरिफ खां, चंद्रपाल, पलविंदर सिंह आदि मौजूद रहे। उधर, बीसलपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम सफौरा में जीडीएसके इंटर कॉलेज में धूमधाम से पाल समाज के लोगों की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्प व फूल मालाएं अर्पित की। उनके बताए हुए आदर्श पर चलने का संकल्प लिया। भाजपा नेता रामरक्ष पाल, भारतीय पाल महासभा के जिला अध्यक्ष डॉ. महेंद्र पाल, ग्राम सफौरा के प्रधान सुरेंद्र पाल, विजय सिंह, खुशीराम, अरविंद कुमार, कमलेश कुमार, ओम प्रकाश आदि मौजूद रहे।

द्वितीय पुण्यतिथि



माँ हर पल तुम साथ हो हमारे, हमको यह अहसास है, आज तुम बहुत दूर हो हमसे पर दिल के बहुत पास हो। तुम्हारी यादों की वह अमूल्य धरोहर आज भी हमारे साथ है, जिंदगी की हर जंग को जीतने के लिए, हमारे सर पर आज भी तुम्हारा हाथ है।

शोकाकुल परिवार :

श्री विद्याराम मौर्य (पति) कृष्णा मौर्य, दुर्गेश मौर्य, शान्ती मौर्य, रिंकी मौर्य, आरती मौर्य (पुत्रियाँ) विजय मौर्य, मोहिनी मौर्य (पुत्र-पुत्रवधु)

## जेठ पर नशीली गोली खिलाकर दुष्कर्म का आरोप

**पूरनपुर।** ससुराल में प्रताड़ित की जा रही एक विवाहिता के साथ उसके जेठ ने नशीली गोलियां खिलाकर दुष्कर्म किया। शिकायत पर पति और सास ससुर ने उसके साथ मारपीट की। जेठ सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पंजाब की रहने वाली एक युवती की शादी कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र के युवक से 2016 में हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति और अन्य ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करने लगे। विवाहिता का आरोप है कि अप्रैल 2023 में उसके जेठ ने परिजनों के न होने पर उसे नशीली गोलियां खिला दी। बेसुध होने पर उसके साथ दुष्कर्म किया। जब विवाहिता ने इसके बारे में अपने पति और सास ससुर को बताया तो उन्होंने विवाहिता के साथ मारपीट की। विवाद के बाद से विवाहित पंजाब में अपने मायके में रह रही है। उसका आरोप है ससुराल वाले उसे धमका रहे हैं। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।






# सावधान! सेहतमंद बनाने के बजाए कहीं सेहत न बिगाड़ दे दूध

## पिछले कई दिनों से प्रचंड गर्मी की मार के बीच पशुओं ने दूध देना किया कम तो मिलावटखोरों ने तेज किया मिलावट का धंधा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** इन दिनों प्रचंड गर्मी पड़ रही है। तापमान इन दिनों 40 के पार 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। जिसकी वजह से जनजीवन बेहाल है। वहीं दुधारू पशु भी त्रस्त हैं। तेज धूप और लू के कारण दुधारू पशुओं ने 15 से 20 फीसदी तक दूध देने भी कम कर दिया है। जो भैंस 10 लीटर दूध दे रही थी वह सात लीटर दूध दे पा रही है। ऐसे में दूध की खपत पूरा करने को मिलावट खोर दूध में पानी के साथ-साथ डिटर्जेंट से भी दूध तैयार कर बाजार में बेच रहे हैं। जो सेहत पर भारी पड़ सकता है।

नगरपालिका के आंकड़ों में शहर में 153 डेयरियां पंजीकृत हैं। हालांकि वर्तमान में संख्या और बढ़ चुकी है। इनमें कई डेयरियां बिना पंजीकरण के चल रही हैं। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी डेयरियां चल रही है। पशुपालन विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले में 87,573 दुधारू पशु हैं। इनमें भैंसों की संख्या 49573 और गायों की


शहर की एक डेयरी में बंधे पशु।

- डेयरी संचालकों की मानें तो प्रति भैंस दो से तीन लीटर दूध गर्मी में तापमान बढ़ने से हुआ कम
- डेयरियों पर दूध की पूर्ति करने को डिटर्जेंट की मिलावट कर बनाया जा रहा हानिकारक दूध

संख्या 38000 है। मगर, धरातल पर दूध देने वाले पशुओं की संख्या 30 से 40 हजार ही बताई जा रही है। जोकि अधिकतम पशु तीन से चार लीटर ही दूध दे रहे हैं। जबकि कुछ पशु ऐसे हैं, जो अधिकतम 10-12 लीटर दूध दे रहे हैं।

जिले में अधिकतम 1.20 लाख से 1.35 लाख लीटर दूध उत्पादन होना बताया जा रहा है। लेकिन प्रचंड गर्मी के चलते दूधारु पशु धूप और लू से तनाव में हैं। इसका सीधा असर दूध उत्पादन पर पड़ रहा है। पशु चिकित्सकों की मानें तो इस मौसम में पशु खाना कम कर देते हैं। ऐसी स्थिति में दूध में कमी आ जाती है। धूप और लू से पशुओं में बीमारियां होने की आशंका भी बना रहता है। डेयरी संचालकों की मानें तो उनकी भैंसों ने प्रतिदिन एक से दो लीटर दूध देना कम कर दिया है। जिस वजह से डेयरी संचालक चिंतित है।

वह दूध की सप्लाई पूरी नहीं कर पा रहे। यह देख मिलावटखोरों ने अपना मिलावट का धंधा तेज कर दिया है। जनपद में एफएसडीए की ओर से लिए गए सैंपलों में अधिकांश दूध के ही अधोमानक निकलते हैं। जिसमें डिटर्जेंट की मिलावट भी कई बार पुष्ट हो चुकी है। बताते हैं कि गर्मी में अब मिलावटी दूध का खेल भी तेजी से शुरू हो गया है।

### बच्चों की सेहत के लिए बेहद खतरनाक

मेडिकल कॉलेज के डॉ. रमाकांत सागर ने बताया कि सबसे ज्यादा मिलावट दूध और दूध से बनने वाले उत्पाद में होती है। अगर दूध में गंदा पानी मिला दिया गया तो उसके हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस अंदर पहुंचकर उल्टी, दस्त, पीलिया, टाइफाइड जैसी बीमारी के कारण बन जाते हैं। दूध में यूरिया भी मिला दिया जाता है जो किडनी खराब कर सकता है। मिलावटी दूध बच्चों के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक है।

### पैकेट वाले दूध की भी डिमांड बढ़ी

दुग्ध विभाग के अफसरों के अनुसार एक व्यक्ति को कम से कम 420 से 500 मिलीग्राम दूध की जरुरत होती है। जिले की आबादी करीब 22 लाख है। इस हिसाब से जिले को 500 मिलीग्राम के हिसाब से 11 लाख लीटर दूध की आवश्यकता पड़ रही है। मगर उसके मुताबिक दूध की उत्पादन कम है। ऐसे में पैकेट वाले दूध की डिमांड भी बढ़ गई है। मिठाई की दुकानों, चाय की दुकानें आदि मकानों में पैकेट वाले दूध की सप्लाई पहुंचाई जा रही है। औसतन करीब जिले में करीब 3 .50 लाख लीटर दूध की खपत पैकेट वाले दूध से हो रही है। उसके बाद भी इस खपत को पूरा नहीं किया जा पा रहा है।

### लू से हीट स्ट्रोक का बढ़ा खतरा

इन दिनों तपिश बढ़ने और लू चलने से पशुओं में हीट स्ट्रोक की आशंका है। हीट स्ट्रोक से पशु को तेज बुखार हो जाता है और पशु सुस्त होकर खाना-पीना बंद कर देता है। पशु के सांस लेने की व नाड़ी की गति तेज हो जाती है। पशुओं में यह दशा रूक-रूककर यदि दो महीने से अधिक समय तक बनी रहती है तो पशु को सांस लेने में परेशानी होने लगती है तो वह हांफने लगता है और वह बेहोश हो जाता है। ठीक से उपचार न मिलने पर उसकी मौत भी हो सकती है। इसलिए पशुओं को पशुपालक ज्यादा देर तक धूप न रहने दें। समय-समय पर चारा पानी देकर छाया में ही बांधे।

### गर्मी में ऐसे करे पशुओं का बचाव

पशु चिकित्साधिकारी डा. अरविंद कुमार ने बताया कि पशुओं को लू से बचाने के लिए धूप में न जाने दें, बार-बार पानी पिलाएं। दिन में दो बार सुबह और शाम जरूर नहलाएं। थोड़े-थोड़े अंतराल पर खिलाएं। पशुओं को पेड़ों के नीचे अधिक देर तक न बांधे। पशुशाला पक्की है तो छत पर सूखी घास रखें, जिससे छत ठंडी रहे। टिनशेड और कम ऊंचाई की पक्की छत के नीचे पशुओं को बांधने से बचें। सूखे चारे की अपेक्षा हरे चारे का अधिक इस्तेमाल करें। समय-समय पर बीमारी से बचाव का टीका लगवाएं।

> मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान निरंतर चल रहा है। क्षेत्र में भ्रमण कर पैकेट और खुले हुए दूध का नमूना लेकर परीक्षण को भी भेजा है। किसी भी हाल में नकली दूध की बिक्री नहीं होने दी जाएगी। – **शशांक त्रिपाठी**, अभिहित अधिकारी

> जिले में करीब छह से सात लाख लीटर दूध का उत्पादन हो रहा है। गर्मी के दिनों में दूध के उत्पादन पर काफी अंतर आया है। इसलिए थोड़ी दिक्कत आ रही है। पशुपालकों को जागरुक किया जा रहा है। पशुपालन विभाग की ओर से भी पशुओं को बीमारी से बचाने के लिए टीकाकरण आदि कराया जाता है। – **पंकज कुमार**, जिला दुग्ध विकास अधिकारी

## नहीं सुधर रहे अवैधी स्विमिंग पूल संचालक

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जिले में तेजी से खुल रहे स्वीमिंग पुलों को लेकर स्थानीय लोगों ने नगर मजिस्ट्रेट से शिकायत की गई है। कहा गया है कि मानकों को ताख पर रख कर स्वीमिंग पूल मालिक लाखो की कमाई कर लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। बिना एक्सपर्ट के संचालित हो रहे हैं पूलों की सबसे अधिक संख्या पूरनपुर और कलीनगर में है। खेतों और खाली पड़े प्लॉट में अवैध स्विमिंग पूल पर कार्रवाई न होने से संचालक बेखौफ है।

## दुकान खाली कराने को सामान फेंका, विरोध पर मारपीट

**बीसलपुर, अमृत विचार:** दुकान खाली कराने के विवाद में कुछ लोगों ने दबंगई की। दुकान के भीतर रखा सामान बाहर फेंक दिया। विरोध करने पर दुकानदार और उसे बचाने आई पत्नी की भी पिटाई कर दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी जुटाई।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जोगीठेर के रहने वाले मुनीश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह में ही स्थित दुकान में जनसेवा केंद्र चलाता है। दुकान का विवाद गांव के एक व्यक्ति से चल रहा है। शुक्रवार को 11 बजे दुकान पर एक युवक आया और तमंचा निकालकर धमकाने लगा। आरोपी के साथ आए लोग दुकान में घुसे और कंप्यूटर, फोन समेत अन्य सामान बाहर फेंक दिया। विरोध करने पर हमला करके उनकी पिटाई कर दी। शोर सुनकर जब पत्नी बचाने आई तो उसे भी पीटा। जाति सूचक का प्रयोग करते हुए धमकाया। आसपास के लोग जमा हुए तो आरोपी पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच करा रहे है।

# सराफा दुकान में घुसा चोर, तिजोरी तोड़ने में असफल

संवाददाता, अमरिया

**अमृत विचार:** कस्बे में सराफा की दुकान में चोरी की कोशिश की गई। शटर के ताले तोड़कर चोर दुकान के भीतर घुसा और सामान खंगाला। मगर, तमाम प्रयास के बाद भी वह तिजोरी तोड़ने में असफल रहा। इससे तिजोरी में रखे हजारों की नगदी समेत लाखों के जेवरात समेटने में कामयाब नहीं हो सका। सुबह घटना की सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने मौका मुआयना कर व्यापारी से जानकारी जुटाई। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस चोर का पता लगाने में जुट गई है।

अमरिया क्षेत्र के ग्राम सिरसा के रहने वाले जितेंद्र कुमार रस्तोगी की बरेली-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर कस्बे के मुख्य बाजार में तहसील के सामने सराफा की दुकान है। रोज की तरह गुरुवार शाम करीब सात बजे दुकान बंद करके घर चले गए थे। रात में किसी वक्त शटर का ताला तोड़कर चोर दुकान में घुस गया और सामान खंगालना शुरू कर दिया। हालांकि तिजोरी का लॉक तोड़ने में चोर असफल रहे। जिसकी वजह से सोना-चांदी के जेवरात चोरी होने से बच गए।

शुक्रवार सुबह व्यापारी का पुत्र मनाजिर मौके पर पहुंचे और दुकान का शटर उठा दिखा। इसकी जानकारी मिलने पर व्यापारी भी मौके पर पहुंच गया। दुकान के भीतर सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए। तिजोरी का लॉक चेक किया तो वह ठीक मिला। हालांकि उसे तोड़ने के लिए किए गए वार के निशान थे।

इस पर व्यापारी ने राहत महसूस की। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। एसओ ब्रजवीर सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे और मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई। सीसीटीवी कैमरे की फुटेच चेक करने पर चोर की तस्वीर कैद मिली। जिसके आधार पर पुलिस छानबीन में जुट गई है।


अमरिया कस्बे सराफा दुकान की इसी तिजोरी को तोड़ने में असफल रहा चोर।

- सुबह दुकान का शटर उठा देख व्यापारी के उड़े होश, तिजोरी न टूटने से लाखों के जेवर बचे
- अमरिया कस्बे में हुई वारदात सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस छानबीन में जुटी

### ..तो क्षेत्र में सक्रिय हैं अपराधी

क्षेत्र में इन दिनों अपराधी सक्रिय हैं। इससे पहले बुधवार को कस्बे में ही नहर पुल के पास कैंचूटांडा के रहने वाले राहुल मौर्य की ज्वेलर्स की दुकान पर में नकब लगाने की कोशिश की गई थी। इससे पहले कटमटा गांव के रहने वाले किसान बलवीर सिंह से घटना हुई थी। वह कस्बे में जिला सहकारी बैंक से तीन लाख रुपये निकालकर आए थे। झोले में रुपये रखकर बाइक में लटका दिया था। एक दुकान के बाहर बाइक खड़ी करके जब पीड़ित खरीदारी करने लगा तो चोर रुपये रखा थैला उड़ा ले गए थे। इस घटना का भी खुलासा नहीं हो सका है।

> घटना की सूचना मिलने पर सुबह तत्काल मौके पर गए थे। सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर एक युवक दुकान के भीतर दिखाई दे रहा है। फुटेज के आधार पर युवक की पहचान को टीम लगाई है। जांच चल रही है, जल्द खुलासा किया जाएगा। – **ब्रजवीर सिंह**, एसओ अमरिया

## श्रमिक के छप्पर में आग लगने से हजारों का सामान जला

**घुंघचिहाई, अमृत विचार:** अज्ञात कारणों के चलते छप्पर में आग लग गई। हादसे में घरेलू सामान जल गया। एक युवक आग बुझाने के प्रयास भी झुलस गया। राजस्व विभाग को सूचना देकर पीड़ित ने आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

क्षेत्र के ग्राम सिमरिया ताल्लुके अजीतपुर बिल्हा के जयदेव ने बताया कि उनका परिवार छप्पर में रहता है। शुक्रवार सुबह दस बजे छप्पर में अचानक आग लग गई। आग बढ़ने पर भीतर मौजूद परिजन अपनी चीखते चिल्लाते बाहर निकले। शोर पर ग्रामीण भी जमा हो गए। एकजुट होकर पानी डालकर आग बुझाई। हादसे में कपड़े, बर्तन, बिस्तर, चारपाई, जेवर नकदी समेत काफी सामान जल गया। आग बुझाने के प्रयास में एक रिश्तेदार भी मामूली रूप से झुलस गए। जिनका गांव के ही क्लीनिक पर इलाज कराया गया। हादसे के चलते मौके पर भीड़ लगी रही।

# विवाहिता की मौत, मायके वालों ने छत से फेंकने का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिरकर घायल हुई विवाहिता की इलाज के दौरान मौत हो गई। इसका पता चलने पर मायके वालों ने ससुरालियों पर विवाहिता को छत से फेंकने का आरोप लगाया था। पुलिस ने महिला की मौत की जानकारी मिलने पर शव का पोस्टमार्टम कराया।

थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम गौनेरा के रहने वाले त्रिमल प्रसाद पुत्र बाबूराम ने जहानाबाद पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री कुंवरवती की शादी 12 साल पहले ग्राम जगदीशपुर के रहने वाले गनेश से हुई थी। 22 मई 2024 की रात नौ बजे कुंवरवती की घर में कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि गुस्साए पति गनेश, ससुर जशोदा नंदन ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की नीयत से छत से फेंक दिया था। जिससे वह घायल हो गई थी। इलाज के दौरान गुरूवार रात विवाहिता की मौत हो गई।

विवाहिता की मौत की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और जानकारी की। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। इस मामले में पति और ससुर के खिलाफ रिपोर्ट पूर्व में ही दर्ज कर ली गई थी। इंस्पेक्टर जहानाबाद मुकेश शुक्ला ने बताया कि दर्ज एफआईआर में विवाहिता की मौत के बाद धाराओं में बढ़ोतरी की जाएगी।

- थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम गौनेरा का मामला, पुलिस ने शव का कराया पोस्टमार्टम

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने दम तोड़ा

**पीलीभीत।** कोतवाली जहानाबाद क्षेत्र के गांव सुशयार में 22 वर्षीय मिथिलेश कुमारी पत्नी कमल कुमार की गुरुवार रात अचानक तबीयत खराब हो गई थी। परिवार के लोग उसको लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतका के ससुर ओमकार ने उसके मायके पक्ष के लोगों को सूचना दी। उसका मायका गांव नरई नउआ नगला थाना हाफिजगंज बरेली में है। सूचना पर आए मृतका के भाई गजेंद्र पुत्र लीलाधर ने थाना जहानाबाद पुलिस को सूचना दी। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतका के भाई गजेंद्र ने बताया कि उसकी बहन की शादी पांच वर्ष पूर्व कमल पुत्र ओंकार के साथ हुई थी। मौत का कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की। जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इंस्पेक्टर जहानाबाद मुकेश शुक्ला ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# दो नामजद आरोपियों को पुलिस ने दी क्लीन चिट, परिवार ने उठाए सवाल

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** किशोरी को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में दो नामजद आरोपियों को पुलिस की ओर से क्लीन चिट दिए जाने पर विरोध होने लगा है। पुलिस पर साठगांठ का आरोप लगाते हुए शिकायत की जा रही है। वहीं, इस मामले में पुलिस मुख्य आरोपी के अलावा एक अन्य अभियुक्त को जेल भेज निष्पक्ष कार्रवाई की बात कह रही है। नाम निकालने के जाने के पीछे पुलिस का तर्क है कि विवेचना में दोनों की नामजदगी गलत पाई थी।

मामला थाना घुंघचाई क्षेत्र का है। एक गांव में स्थित धार्मिक स्थल के जिम्मेदार की पुत्री को 28 अप्रैल को एक कुछ लोग अगवा कर कार में बिठाकर ले गए थे। इस मामले में पुलिस ने सुमित समेत तीन के खिलाफ किशोरी को ले जाने की रिपोर्ट दर्ज की थी। किशोरी को बरामद कर पुलिस ने उसके कोर्ट में बयान दर्ज कराया। बयान में किशोरी ने सुमित सहित दो लोगों पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। किशोरी के बयान के बाद मुकदमे में गैंगरेप की धारा बढ़ा दी गई। इसके बाद पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपी सुमित को 10 मई को जेल भेज दिया था। गुरुवार को पुलिस ने विवेचना के दौरान सामने आए एक अन्य आरोपी अनूप को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उधर, परिवार की ओर से नामजद किए गए दो लोगों की नामजदगी गलत बताते हुए क्लीन चिट दे दी। जानकारी लगने पर किशोरी के परिजनों ने क्षेत्र के एक धार्मिक स्थल में पंचायत की। इसमें पुलिस कार्रवाई का विरोध किया गया। आरोपियों के नाम बाहर कर देने से उनमें नाराजगी देखी गई। इसको लेकर ट्वीट भी किया गया। जिससे मामला तूल पकड़ता दिखाई दे रहा है।

उधर, एसओ घुंघचिहाई धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि इस मामले में एक आरोपी सुमित को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। दूसरे आरोपी अनूप कुमार को भी जेल भेज दिया है। उसका नाम विवेचना के दौरान प्रकाश में आया था। दो आरोपियों की नामजदगी विवेचना में गलत पाई गई थी। वहीं, शुक्रवार को मामले में सीओ पूरनपुर आलोक सिंह ने एक वीडियो बाइट जारी की। जिसमें दो आरोपियों की नामजदगी गलत पाए जाने और निष्पक्ष कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को जेल भेजने की बात कही।

- पुलिस बोली- दो की नामजदगी पाई गई थी गलत, मुख्य आरोपी समेत दो भेजे जा चुके जेल
- किशोरी को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला, कोर्ट में बयान के बाद बढ़ाई गई थी धारा

# बंदूक के साथ पकड़ा गया वन्यजीवों का शिकारी

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** जंगल में शिकार कर रहे एक शिकारी को वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया जबकि चार शिकारी टीम को चकमा देकर फरार हो गए। विभाग ने पकड़े गए शिकारी के पास से अवैध बंदूक बरामद एक उसे जेल भेज दिया।

थाना हजारा क्षेत्र की संपूर्णानगर वन रेंज के हजारा कंपार्टमेंट नंबर दो के पास शिकारियों की चहलकदमी की सूचना गुरुवार रात वन विभाग को मिली। इस पर संपूर्णानगर वन रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी अनिल कुमार, रेंजर अनिल कुमार, वन दरोगा सदन लाल, वन रक्षक हीरालाल, एसटीएफ फोर्स ने सुयक्त रुप से टीम बनाकर दबिश दी। इस दौरान गोली चलने की आवाज पर अधिकारी पहुंच गए। टीम ने एक शिकारी को पकड़ लिया। उसके चार साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। पकड़े गए शिकारी के पास से अवैध बंदूक भी बरामद हुई। पकड़े गए शिकारी ने अपना नाम जयमल सिंह पुत्र गुरदीप सिंह निवासी बाजार घाट बताया। पूछताछ में फरार होने वाले साथियों के नाम छिंदर सिंह, किंदर सिंह, बलजीत सिंह, पप्पू सिंह निवासी बाजार घाट बताए। पांचों आरोपियों के खिलाफ वन्य जीव अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। क्षेत्रीय वन अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी जयमल को जेल भेज दिया है।


वन विभाग की गिरफ्त में आरोपी।

## रेलवे स्टेशन और बस स्टॉप पर बांटे ओआरएस के पाउच

**पीलीभीत, अमृत विचार:** नेकी की दीवार संस्था की अनुश्री भारद्वाज ने टीम के साथ इस मुहिम को आगे बढ़ाया। शुक्रवार को टीम ने पीलीभीत रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप पर गर्मी में परेशान राहगीरों को पानी की बोतल और ओआरएस पाउच बांटे।

इसके अलावा हाईवे पर कई स्थानों पर निर्माण कार्य में लगे श्रमिक, ई-रिक्शा, टेंपो चालक, चौराहों पर मौजूद होमगार्ड जवानों को भी संस्था की ओर से ओरआरएस और पानी की बोतल वितरित की गई। संस्था के प्रदेश प्रभारी गुरमेल सिंह ने कहा कि गर्मी से डिहाईड्रेशन की समस्या उत्पन्न होती है। इससे निजात पाने के लिए डॉक्टर ओआरएस लेने की सलाह देते हैं। इसी को देखते हुए संस्था ने ओआरएस पाउच बांटने की मुहिम चालू की गई। इस मौके पर कपिल भसीन, कीवी धमीजा, नीति चावला आदि मौजूद रहे।

# नोटिस की मियाद पूरी, क्लीनिक संचालक ने नहीं दिया जवाब

संवाददाता, बरखेड़ा

- क्लीनिक भी छापामारी वाले दिन से चल रहा बंद, कार्रवाई थमी
- निजी क्लीनिक में भ्रूण हत्या का शोर मचने पर पहुंची थी टीम

**अमृत विचार:** कस्बा बरखेड़ा के एक निजी क्लीनिक में अबॉर्शन किए जाने की सूचना सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापामारी की थी। क्लीनिक बंद होने पर उसके बाहर नोटिस चस्पा तो कर दिया लेकिन दो दिन बीतने के बाद भी क्लीनिक संचालक अपना जवाब दाखिल करने नहीं पहुंचा। क्लीनिक भी उसी दिन से बदं चल रहा है। ऐसे में अग्रिम कार्रवाई अधर में है। उधर, तमाम तरह की चर्चाएं क्षेत्र में तेज हो गई है।

मामला मंगलवार का है। सोशल मीडिया पर एक मेसेज तेजी से वायरल हुआ। जिसमें कहा गया था कि कस्बे के एक निजी क्लीनिक में भ्रूण हत्या का घिनौना खेल चल रहा है। इसके एवज में संचालक पर मोटी रकम वसूलने के भी आरोप लगाए गए थे। क्लीनिक अवैध तरीके से संचालित होने की भी बात कही गई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने संज्ञान लिया और सीएचसी बरखेड़ा से एक टीम अधिकारियों के निर्देश पर सत्यता का पता लगाने के लिए पहुंची थी। क्लीनिक बंद मिलने पर बाहर नोटिस चस्पा कर दिया गया था। जिसमें दो दिन में क्लीनिक संचालक को पक्ष रखने का समय दिया था। मगर अभी तक कोई जवाब नहीं दिया गया न ही अभिलेख मुहैया कराए गए। सीएचसी अधीक्षक डॉ.लोकेश कुमार गंगवार का कहना है कि उसी दिन से क्लीनिक बंद चल रहा है। जवाब का इंतजार कर रहे हैं। उसके बाद उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# निष्पक्ष मतगणना संपन्न कराने में सहयोग करें प्रत्याशी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की मतगणना सकुशल एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम संजय कुमार सिंह, एसपी अविनाश पांडेय की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों/प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें सहयोग का आग्रह किया गया।

गांधी सभागार में शुक्रवार को हुई बैठक में सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अवगत कराया गया कि उपाधि कालेज एवं रामलीला रोड पर आउटडोर गार्डन बनाया जाएगा, जहां से उन्हीं लोगों को प्रवेश दिया जाएगा। जिनके पास प्रशासन द्वारा जारी किए गए मतगणना पास होंगे। सभी प्रत्याशियों को प्रवेश मंडी के गेट नंबर दो एवं मतगणना एजेंटों के प्रवेश के लिए गेट नंबर तीन निर्धारित किया गया है। पार्किंग की व्यवस्था रामलीला ग्राउंड में रहेगी। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। कोई भी प्रत्याशी, मतगणना एजेंट एवं मतगणना कार्मिक किसी भी प्रकार इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और मोबाइल फोन मतगणना परिसर में नही ले जा सकेगें। यदि कोई प्रतिबंधित सामग्री पाई गई तो तत्काल सीज कराई जाएगी।

उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशियों ने मतदान प्रक्रिया में पूरा सहयोग किया गया और आगे भी अपेक्षा है कि मतगणना भी नियमों का पालन करते हुए संपन्न कराई जाएगी। मतगणना प्रातः आठ बजे से शुरू की जाएगी। सभी एजेंट समय से उपस्थित हों। स्ट्रांग रूम खोलने के समय सभी प्रत्याशियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेगें। इस दौरान एसपी ने कहा कि बिना नंबर प्लेट की गाड़ी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। कोई भी एजेंट या प्रत्याशी पैरामिलिट्री फोर्स से बहस न करें। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को तत्काल अवगत कराएं। बैठक में सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम ऋतु पूनिया, एएसपी विक्रम दहिया, सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर समेत सभी एसडीएम, तहसीलदार आदि मौजूद रहे।


गांधी सभागार में बैठक करते जिला निवार्चन अधिकारी संजय कुमार सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

- जिला निर्वाचन अधिकारी व एसपी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक संपन्न
- प्रतिबंधित सामग्री पाई गई तो होगी सीज, पैरामिलिट्री फोर्स से बहस न करने की हिदायत

# जलस्तर घटने से पुल पर आवागमन शुरू

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** शारदा नदी में जलस्तर बढ़ने से पेंटून पुल पर वाहनों का आवागमन बंद हो गया था। पानी घटने के बाद पुल पर फिर से आवाजाही शुरू हो गई है। जिससे लोगों ने राहत महसूस की।

शारदा नदी के पार एक बड़ी आबादी निवास करती है। नदी पर जाने के लिए शारदा नदी पर अस्थाई पेंटून पुल ही एकमात्र सहारा है। बरसात के समय जलस्तर बढ़ने पर पैंटून पुल पर आवागमन बंद हो जाता है।

इसके बाद खुटार, मैलानी और पलिया होकर लोग नदी पर पहुंचते हैं। गत दिनों पहले पहाड़ों पर भी बरसात से शारदा नदी में पानी का बहाव बढ़ गया था। इससे गुरुवार को पुल पर आवागमन बंद कर दिया गया। शुक्रवार को पानी कम होने से पैंटून पुल पर फिर से आवागमन होने लगा। हालांकि बड़े वाहन कीचड़ होने के चलते नहीं गुजरे। दोपहिया वाहन और पैदल आवागमन शुरू हो गया।

- शारदा नदी में पानी बढ़ने से एक दिन पहले बंद हो गया था निकास


पेंटून पुल से आवागमन करते वाहन। ● अमृत विचार

# हाईवे पर चार साल के बच्चे को वाहन ने रौंदा, मौत

## गांव नवादा महेश में परिवार के ही बच्चों संग घर से पैदल प्याऊ में शरबत पीने को निकला था मोहित

संवाददाता, बरखेड़ा


हादसे की जानकारी करती पुलिस। • अमृत विचार


विलाप करती परिवार की महिलाएं। • अमृत विचार

अमृत विचारः हाईवे पर वाहन की तेज रफ्तार ने एक और जान ले ली। परिवार के ही अन्य बच्चों संग घर से पैदल प्याऊ में बंट रहा शरबत पीने जा रहे चार साल के मासूम को काले रंग के चौपहिया वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। शव पोस्टमार्टम को भेज


मृतक मोहित।

वाहन के बारे में पुलिस की टीमें छानबीन कर रही है। उधर, परिवार में मासूम की मौत के बाद चीख पुकार मची रही।

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम नवादा महेश के रहने वाले भगवत सरन मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। गांव से करीब एक किमी की दूरी पर एक धार्मिक स्थल के पास शुक्रवार को प्याऊ लगाकर शरबत बांटा जा रहा था। दोपहर में शरबत पीने के लिए उनका चार साल का बेटा मोहित पैदल घर से मंदिर की तरफ जा रहा था। उसके साथ परिवार के ही ऊषा (4) पुत्री महेंद्र, उसका भाई अजय (3) भी थे। बीसलपुर-पीलीभीत मार्ग पर नवादा महेश गांव के पास तीनों पहुंचे थे। बताते हैं कि इस दौरान बीसलपुर की तरफ से आ रहा काले रंग का चौपहिया वाहन तेज रफ्तार में आया और मोहित को टक्कर मार दी। वह लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर गया। वाहन लेकर उसका चालक पीलीभीत की तरफ भाग गया। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी जुटाई। आनन-फानन में मोहित को सीएचसी भिजवाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलने पर परिवार वाले भी आ गए। मासूम का शव देख उनका रोकर बुरा हाल रहा। मां नीता बार-बार गश खाकर बेसुध हो रही थी। रिश्तेदार और परिचत उसे ढांढस बंधाने में जुटे रहे। मृतक दो भाईयों में बड़ा था। उसके छोटा भाई राज है।

### पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

मासूम को काले रंग के चौपहिया वाहन से टक्कर लगने की बात कही जा रही है। मगर कोई भी वाहन के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दे पा रहा था। ऐसे में पुलिस ने हाईवे पर हादसास्थल के पास के कई प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की जाती रही। ताकि वाहन के बारे में जानकारी मिल सके। फिलहाल अभी कोई खास क्लू नहीं मिल सका।

सड़क हादसे में एक बच्चे की मौत हुई है। टक्कर मारने वाले वाहन के बारे में जानकारी करा रहे है। टीम सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक कर रही है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। **- अरविंद सिंह चौहान,** इंस्पेक्टर बरखेड़ा

# नई तहसील में गर्मी से में बेहोश होकर गिरा युवक

**पीलीभीत, अमृत विचारः** भीषण गर्मी में लोग सड़कों पर गश खाकर गिर रहे हैं। शुक्रवार को नई तहसील में एक युवक बेहोश होकर गिर पड़ा। आनन-फानन में उसे पुलिस ने मेडिकल कॉलेज में अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांच में हीट स्ट्रोक के लक्षण मिले हैं। इधर, बताया जा रहा सात दिन में शहर में अलग-अलग जगह पांच लोग प्रचंड धूप में बेहोश होकर गिर पड़े। मेडिकल कॉलेज में भर्ती मरीज में हीट स्ट्रोक के लक्षण मिलने की बात सामने आई है। मेडिकल कॉलेज की सीएमएस के अनुसार इस वक्त गर्मी का प्रकोप तीव्र है। ऐसे में लोग धूप में जाने से बचें, जरूरी काम होने पर ही घर से बाहर निकले। तरल पदार्थों का अधिक सेवन करें। रोजाना कम से कम तीन से चार लीटर पानी पीएं।

# संदिग्ध हालात में बुजुर्ग की मौत, लू का मचा शोर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सीएमओ बोले- लू से नहीं हुई मौत, कराई जाएगी जांच
- बीसलपुर क्षेत्र के गांव भैनपुरा में शुक्रवार का मामला

**अमृत विचार :** तपती गर्मी के बीच एक कपड़ा व्यापारी की दुकान पर संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उनकी मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। इधर बुजुर्ग कपड़ा व्यापारी की मौत लू से होने का शोर मच गया। हालांकि स्वास्थ्य विभाग के अफसर इससे इन्कार करते रहे। उनका कहना था कि जिले में अभी तक लू से कोई मौत नहीं हुई है। यह मौत भी लू से नहीं है। मामले की जांच कराई जाएगी।

बीसलपुर तहसील क्षेत्र के गांव भैनपुरा के रहने वाले 74 वर्षीय कपड़ा व्यापारी शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे रोजाना की तरह साइकिल से अपनी कपड़े की दुकान पर आए थे। वह हृदय रोग से पीड़ित थे। भीषण गर्मी से पिछले कई दिनों से उन्हें काफी दिक्कत हो रही थी। काफी पसीना आ रहा था और चक्कर भी आ रहे थे। शुक्रवार को जब वह दुकान पर पहुंचे तो वहीं से उन्होंने फोन पर अपनी दिक्कत के बारे में परिवार वालों को बताया। जानकारी पाकर परिवार के लोग दुकान पर पहुंचे। कुछ देर बाद वह बेहोश होकर गिर गए। इस पर परिवार वाले उन्हें नगर के एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दोपहर में गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। कपड़ा व्यापारी की मौत के बाद नगर में लू से मौत होने का शोर मचा रहा। हालांकि सीएचसी अधीक्षक डॉ. लेखराज गंगवार ने पूरे मामले से ही अनभिज्ञता जताई। वहीं सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि जिले में कोई लू नहीं चल रही है। लू से कोई मौत नहीं हुई है। शनिवार को गांव में टीम भेजकर मामले की जांच कराएंगे।

# ब्यूटी पार्लर संचालिका की मौत मामले में सीएमओ ने मांगी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- कानपुर रेलवे स्टेशन पर हुई थी मौत, लू का मचा रहा था शोर

**अमृत विचारः** कानपुर रेलवे स्टेशन पर दो दिन पहले बीसलपुर की ब्यूटी पार्लर संचालिका की मौत लू लगने से होने के मामले में सीएमओ ने विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। ताकि मौत की स्थिति स्पष्ट हो सके।

नगर के मोहल्ला दुर्गाप्रसाद के रहने वाले फर्नीचर व्यापारी राजू सक्सेना की उनकी पत्नी रुचि सक्सेना (49) ब्यूटी पार्लर संचालिका थी। वह बीते बुधवार को अपनी कुछ सहेलियों के साथ ट्रेन से जागेश्वर धाम जा रहीं थी। वह सांस की रोगी थीं। रास्ते में कानपुर रेलवे स्टेशन पर करीब चार बजे कोल्ड ड्रिंक पीने लगीं। कोल्ड ड्रिंक पीते ही उन्हें सांस की दिक्कत होने लगी। सहेलियां उन्हें समीपवर्ती निजी अस्पताल में ले गईं, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही उनके परिजन रात लगभग आठ बजे वहां पहुंचे। घर वालों के दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर कानपुर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। उनकी मौत को लेकर भी लू की चपेट में आने का शोर मचा रहा था। इस मामले में भी अब स्वास्थ्य विभाग पड़ताल में जुट गया है। सीएमओ डॉ. आलोक शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. लेखराज गंगवार से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

# समर कैंप में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- शहर के कई स्कूलों में बच्चों ने खेल व अन्य गतिविधियों में किया प्रतिभाग

**अमृत विचारः** स्कूलों में चल रहे समर कैंप में बच्चे खूब मौज-मस्ती कर रहे हैं। अलग-अलग स्कूलों में चल रहे समर कैंपों में शुक्रवार को भी बच्चों ने खेल व अन्य गतिविधियों में प्रतिभाग कर आनंद उठाया। वहीं, कुछ स्कूलों में खेल आदि प्रतियोगिताओं के साथ समर कैंप का समापन हो गया। समर कैंप में बच्चों ने खूब मस्ती की।

स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल के पांच दिवसीय समर कैंप का शुक्रवार को समापन हो गया। इसकी शुरुआत 25 मई को हुई थी। बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का अलग-अलग दिन आयोजन किया गया। समर कैंप के अंतिम दिन स्कूल प्रशासन ने बच्चों को यशवंतरी देवी मंदिर के दर्शन और नेहरु पार्क सरोवर का भ्रमण कराया गया। आरव गौड़, काव्या, पल्लवी, रूद्र गोस्वामी, दीपू, अर्पित, वेद शर्मा, त्रिशिव, आयुषी, अंजली, लीमांशा, काश्वी, प्रिंस, अतिक्ष, आरव सिंह चौहान आदि ने खूब मस्ती की। प्रतियोगिताओं में अर्पित, आरव, दीपू, त्रिशिव विजयी रहे। जिन्हें पुरुस्कृत किया गया। स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को बधाई दी।

वहीं, लिटिल एंजेल्स स्कूल में आयोजित किए गए समर कैंप का तमाम एक्टिविटीज के साथ समापन हुआ। विद्यालय प्रबंधक डॉ. संजीव अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक उज्जवल अग्रवाल, प्रधानाचार्य एनसी पाठक, उप प्रधानाचार्य अंजू सक्सेना, हेडमिस्ट्रेस नीना मेहरोत्रा और राजेश गंगवार ने समर कैंप का समापन किया। अंतिम दिन कक्षा केजी से आठ तक के छात्र-छात्राओं ने शास्त्रीय संगीत, आधुनिक संगीत पर मनमोहक डांस किया। प्रसिद्ध सीरियल मालगुडी डेज की एक कहानी पर ड्रैमेटिक्स सीख रहे बच्चों की ओर से पेश किए गए अभिनय नें सबको 90 के दशक में पहुंचा दिया। बच्चों ने तीरंदाजी की। आर्ट एंड क्राफ्ट ग्रुप द्वारा पूरे सप्ताह बनाई गई वस्तुओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम में जावेद हुसैन, सौम्या सक्सेना, शालिनी गोयल, अनामिका चौधरी, राजेश कुमार, वीना कुमारी, प्रदीप राघव, मसूद हसन, विशाल सक्सेना, हरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।


स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल के समर कैंप का समापन • अमृत विचार


एक्टिविटीज प्रदर्शनी के साथ समर कैंप का समापन • अमृत विचार

### बच्चों ने की मस्ती, उठाया समर कैंप का लुत्फ


**पीलीभीत :** लॉर्ड कृष्णा स्कूल में चल रहे समर कैंप में बच्चों ने खूब मस्ती की। कक्षा पीएनसी और एनसी में बैलेंस गेम, चेयर गेम्स, फन गेम खेले गए। कक्षा एक और दो में सभी छात्रों ने कर्सिव राइटिंग, इंग्लिश स्पीकिंग, चेयर गेम्स का आनंद लिया। कक्षा तीन और चार में सभी छात्र ने ट्रिकी मैथ्स, कर्सिव राइटिंग, विभिन्न गानों पर नृत्य, हारमोनियम व बैलेंस गेम व चेयर गेम खेले गए। कक्षा पांच से आठ तक के सभी छात्रों ने इंग्लिश स्पीकिंग, ताइक्वांडो, नृत्य, तबला व हारमोनियम वादन रहा। खेल व स्विमिंग का आनंद लिया। प्रधानाचार्य रोजी दीक्षित ने बताया कि सभी छात्रों सर्टिफिकेट प्रदान किया।

चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊ परसपुर, बरेली
मो. 8859492000
8859493000
GNM, DPT*, DOT* & B.Sc. (Nursing)
GNM में प्रवेश प्रारम्भ
हॉस्टल एवं ट्रांसपोर्ट की सुविधा
प्रैक्टिकल हेतु आधुनिक प्रयोगशालाएं
सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति।
सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन द्वारा पित्त की थैली, गुर्दे एवं यूरेटर की पथरी और गदूद (प्रोस्टेट) का ऑपरेशन
मेडिक्लेम
आयुष्मान कार्ड में निःशुल्क इलाज
स्त्री एवं प्रसूति रोग
सभी प्रकार की सर्जरी
पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि
आई.सी.यू., कार्डियक, मॉनिटर, वेन्टिलेटर
हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
मो. 9458882565
9410002566

MAXLIFE Superspeciality Hospital & Fahmy IVF Centre
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
मालियों और ईसाइयों की पुलिया के बीच में, सिन्धू नगर, बरेली
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
नवजात शिशु एवं सिरीयस बच्चों के विशेषज्ञ आधुनिक नर्सरी वेंटीलेटर सी. पैप
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S, D.G.O D.M.A.S., F.M.AS Gynaecologist
IVF Specialist Fellowship in Laparoscopy
स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अरशद
M.B.B.S., M.S., (Fmas)
Laparoscopic Surgeon
डॉ. दीपक कुमार
M.B.B.S., M.S., MCH
न्यूरोसर्जन
दिमाग व रीढ़ की हड्डी के सर्जन
डॉ. फहद बिन हामिद
D. Ortho, DNB (Ortho)
Trauma, Joint Replacement
Arthoscopy & Sports Injury Specialist
डॉ. शरद खंडेलवाल
MBBS MS (Gen.Surgery)
Mch. (Plastic Surgery)
Cosmetic Hair Transplant.
Microvascular Reconstructive Surgeon
डॉ. मो. जावेद
M.B.B.S., M.D., Physician
ब्लड प्रेशर शुगर एवं पेट रोग विशेषज्ञ
FACILITIES
•CATHLAB
•ICU
•CCU
•ANGIOPLASTY
•NICU
•ECHO TMT
•ANGIOGRAPHY
•HDU
•PACEMAKER
•DIALYSIS
•VENTILATOR
मॉड्यूलर ऑपरेशन
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
कैथ लैब
EMERGENCY 24 HOURS
Contact :
0581-2990926
0581-2990928

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ◆ घबराहट ◆ छाती में दर्द या भारीपन ◆ सांस फूलना ◆ पैरों में सूजन ◆ हाई ब्लडप्रेशर ◆ हाई कोलेस्ट्रोल ◆ डाइबिटीज (शुगर) ◆ सीने या पेट में जलन या दर्द ◆ हार्ट अटैक ◆ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. आशीष सक्सेना
MBBS, MS, FIAGES, FELS
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
मो. 9045849322
उपलब्ध सुविधायें ● दूरबीन द्वारा पित्त की पथरी का ऑपरेशन ● हर्निया का ऑपरेशन ● अपेंडिक्स का ऑपरेशन ● पित्त की नली की पथरी ● बवासीर, भगन्दर, फिशर ● हाईड्रोसील ● स्तन की गांठ का ऑपरेशन ● पैर की नसों का फूलना (Varicose Veins) ● पाइलोनाइडल साइनस ● इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
यश सर्जिकेयर क्लीनिक
प्रेम नर्सरी चौराहा, मिनी बाईपास रोड, बरेली-243122

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव
प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

## एक नजर

### मां-बेटा समेत तीन लोग आग में झुलसे

**कुरिया कलां।** गांव में बच्चों के लिए घर पर दूध गर्म करने के दौरान गैस सिलेंडर में लीकेज होने के कारण आग लग गई। इस आगजनी की घटना में प्रेमवती पत्नी राजाराम, उनका बेटा अंगद मौर्या, पोती खुशबू, पौत्र श्यामसुंदर आग में झुलस गए। घटना का पता चलते ही मोहल्ले में खलबली मच गई। आनन-फानन में ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से सिलेंडर का लीकेज बंद करके आग पर काबू पाया गया। गांव निवासी शीतल मिश्रा ने सभी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### घर से गया किशोर लापता

**कलान।** थाना क्षेत्र के गांव जखिया निवासी पिंटू माथुर पुत्र रामसेवक ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसका 14 वर्षीय छोटा भाई सागर गुरुवार 10 बजे दिन से खाना खाकर घर से निकला, तब से वह वापस नहीं लौटा। दो दिन बीत जाने के बाद भी गायब है। उसने बताया कि उसकी कोई गांव में रंजिश नहीं है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज करने की मांग की है।

# सर्वे पूरा...जल्द फोकस लाइटों से जगमगाते नजर आएंगे पीटीआर की सीमा से सटे जंगल मार्ग

## अफसर बोले- रात्रि गश्त करना होगा आसान, अवैध घुसपैठ रोकने के साथ मानव-वन्यजीव संघर्ष में आएगी कमी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



महोफ रेंज से सटा आबादी क्षेत्र का इलाका ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** पीटीआर (पीलीभीत टाइगर रिजर्व) की जंगल सीमा से सटे मार्ग जल्द फोकस लाइटों से जगमगाते नजर आएंगे। पीटीआर प्रशासन जल्द ही फिलिप्स कंपनी के सहयोग से चिन्हित किए गए सभी 44 स्थानों पर फोकस लाइटें लगाएगा। सर्वे कार्य पूरा होने पर अफसर दावा कर रहे हैं कि जंगल मार्गों पर लगने वाली इन लाइटों के लगने से वनकर्मियों को जहां जंगल से सटे इलाकों में रात्रि गश्त करना आसान होगा, वहीं अवैध घुसपैठ रोकने के साथ ही मानव-वन्यजीव संघर्ष में निश्चित ही कमी देखने को मिलेगी।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व 73 हजार हेक्टेयर में फैला हुआ है। पीलीभीत के जंगल को जून 2014 में टाइगर रिजर्व का दर्जा दिया गया था। उस दौरान आनन-फानन में टाइगर रिजर्व तो घोषित कर दिया गया, लेकिन जिम्मेदार यहां जरूरी संसाधन मुहैया कराना ही भूल गए। नतीजा यह हुआ कि पीटीआर में बाघों समेत अन्य वन्यजीवों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने के साथ इनके जंगल से बाहर निकलने का भी सिलसिला तेजी से शुरू कर दिया। इससे मानव-वन्यजीव संघर्ष में इजाफा होता आ रहा है। इधर सीमित संसाधनों के दम पर ही पीटीआर प्रशासन वनों एवं वन्यजीवों की सुरक्षा करता आ रहा है।

● जंगल की सीमा से सटे गांवों में फिलिप्स कंपनी के प्रतिनिधियों ने सर्वे कर 44 स्थान किए हैं चिन्हित

इधर, पीटीआर में डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह के कार्यभार संभालने के बाद से पीलीभीत टाइगर रिर्जव में आमूल-चूल परिवर्तन किए जा रहे हैं। जंगल की सुरक्षा के साथ अवैध रूप से जंगल में होने वाली घुसपैठ पर भी काफी हद तक पाबंदी लगा दी गई है।

मानव-वन्यजीव संघर्ष में कमी लाने समेत पीटीआर में आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर भी कदम उठाए जा रहे हैं। इधर अब टाइगर रिजर्व प्रशासन पीटीआर की जंगल सीमा से सटे मार्गों पर दिन-रात अपनी कड़ी नजर रखेगा। इसके लिए पीटीआर प्रशासन जंगल सीमा से सटे मार्गों पर फोकस लाइटें लगवाएगा।

### फिलिप्स कंपनी पर लाइटें लगाने की जिम्मेदारी

पीटीआर प्रशासन जंगल और आबादी के बीच के मार्गों पर इलेक्ट्रानिक कंपनी फिलिप्स के सहयोग से फोकस लाइटें लगवाएगा। इसको लेकर पीटीआर के कर्मियों और कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा जंगल से सटे इलाकों को सर्वे भी किया जा चुका है। वन अफसरों के मुताबिक इस दौरान जंगल से सटे गांवों का सर्वे किया गया, जोकि पीटीआर की जंगल सीमा से सटे हैं। सर्वे के दौरान 44 स्थानों को चिन्हित किया गया है। जहां पर फोकस लाइटें लगाई जानी है। वन अफसरों की मानें तो इन फोकस लाइटों के लगने से वनकर्मियों को रात्रि गश्त करने में सुविधा होगी। इसके साथ ही जंगल में होने वाली अवैध घुसपैठ पर भी रोकथाम लग सकेगी।

> पीटीआर के सीमा से सटे मार्गों पर कड़ी नजर रखने के लिए फोकस लाइटें लगवाई जाएंगी। इसको लेकर सर्वे किया गया था। चिन्हित स्थानों पर ही लाइटें लगवाई जाएंगी। इन लाइटों के लगने से रात्रि गश्त करने में सुविधा होगी, वहीं वन एवं वन्यजीव विरोधी गतिविधियों पर भी रोक लग सकेगी। **- मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीटीआर

# झोलाछाप के उपचार से बिगड़ी बच्ची की हालत

संवाददाता, मदनापुर,

● ग्लूकोज चढ़ाते समय मौत होने पर गुस्साएं परिजनों ने किया हंगामा

● एसओ ने दिया कार्रवाई का आश्वासन तब जाकर देकर शांत किया

**अमृत विचार:** झोलाछाप की दुकान पर ग्लूकोज चढ़ाते समय पांच साल की बच्ची की मौत हो गयी। परिजनों ने झोलाछाप पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस मौके पर पहुंची और परिवार वालों को समझाकर शांत कराया।

थाना क्षेत्र के गांव बरुआ निवासी संतराम मौर्य की पांच साल की बेटी आराध्या की अचानक तबीयत गुरुवार की शाम खराब हो गयी। वह अपनी बेटी को लेकर बुधवाना गांव में झोलाछाप के पास गया। झोलाछाप ने बच्ची की दवा दे दी और बच्ची को लेकर घर पर आएगे। शुक्रवार की शाम बच्ची की अचानक तबीयत फिर खराब हो गयी। वह बेटी को लेकर दोबारा झोलाछाप के यहां आया। झोलाछाप ने बच्ची के ग्लूकोज की बोतल चढ़ाई और कुछ देर बाद बच्ची की मौत हो गयी। झोलाछाप दुकान बंद करके भाग गया। परिजनों ने हंगामा काटा। एसओ अश्वनी कुमार मौके पर पहुंचे और परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### उल्टी-दस्त आने से किशोर की जान गई

**खुटार, अमृत विचार :** तेज बुखार और उल्टी-दस्त आने से शुक्रवार सुबह एक किशोर की मौत हो गई। खुटार क्षेत्र के गांव इटौआ के परमेश्वर दीन दिव्यांग हैं। उनका इकलौता पुत्र 16 वर्ष का पंकज था। गत वर्ष पत्नी मंजू देवी की मौत हो गई थी। परमेश्वरदीन ने बताया बृहस्पतिवार रात करीब आठ बजे पंकज को अचानक उल्टी दस्त शुरू हो गए। इसके बाद बुखार आ गया। रात होने की वजह से अस्पताल ले जाने के बजाय उन्होंने घर में रखी दवा खिला दी, जिससे कुछ आराम महसूस हुआ। शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे पंकज की तबीयत दोबारा बिगड़ गई। इसके कुछ देर बाद उसने घर में ही दम तोड़ दिया।

# कस्तूरबा गांधी विद्यालय में तीन बार लगेगी शिक्षकों की हाजिरी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● प्रतिदिन हाजिरी का डाटा प्रेरणा पोर्टल पर करना होगा अपडेट

● उपस्थिति के आधार पर होगा शिक्षकों का वेतन का भुगतान

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा के स्कूलों में शिक्षक शिक्षिका कोई लापरवाही न बरत सकें। इसके लिए शासन ने ऑनलाइन हाजिरी की व्यवस्था लागू की गई है। इतना ही नहीं ऑनलाइन हाजिरी में भी शिक्षकों को तीन बार हाजिरी लगानी पड़ेगी। जिसकी मॉनिटरिंग बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से कराई जा रही है।

जिले में नौ कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय संचालित हो रहे हैं। जहां स्कूल में पढ़ाई के अलावा छात्राओं के रुकने की व्यवस्था भी की गई है। इसके लिए वार्डन, शिक्षिकों की रात्रिकालीन में भी ड्यूटी रहती है। जिला समन्वयक मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि कस्तूरबा गांधी विद्यालय पूरी तरह आवासीय हैं। शिक्षिकाओं और कर्मचारियों को भी हमेशा वहां रहना होता है। लगातार शिकायतें आ रही थीं कि जिन छात्राओं का घर शहर या आसपास में है, वे रात में चली जाती हैं। शिक्षिकाएं भी घर चली जाती हैं। इसे देखते हुए शिक्षा महानिदेशक ने कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में तीन बार हाजिरी की व्यवस्था को लागू करा दिया है। शिक्षिकों को सबसे पहले सुबह नौ बजे के बाद छात्राओं, शिक्षिकाओं और अन्य कर्मचारियों के फेस रिकग्निशन के जरिए हाजिरी हो रही है। दोपहर और रात में नौ बजे के बाद भी हाजिरी लग रही है। जिन शिक्षिकों की हाजिरी नहीं लग रही है। उनके खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही समस्त शिक्षकों का डेटा प्रेरणा पोर्टल भी अपडेट किया जा रहा है।

### कैंटर और टैंपो की भिड़ंत में घायल मजदूर ने अस्पताल में दम तोड़ा

**सेहरामऊ दक्षिणी।** हरदोई रोड पर बीबीपुर चौराहे पर कैंटर ने टैंपो को टक्कर मार दी थी। इसमें घायल एक और मजदूर की इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। जबकि दो मजदूरों की पहले ही मौत हो चुकी है। अब मृतकों की कुल संख्या तीन हो गई है। सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के कस्बा सेहरामऊ दक्षिणी निवासी 32 वर्षीय रमाकांत, 48 वर्षीय हरिपाल, सत्येंद्र, प्रदीप, छोटे लाल निवासी रौरा थाना सेहरामऊ दक्षिणी, रामवीर निवासी चंदगोई थाना सेहरामऊ दक्षिणी 29 मई की सुबह साढ़े सात बजे टैंपो में सवार होकर शहर मजदूरी करने के लिए आ रहे थे। हरदोई रोड पर बीबीपुर चौराहे के निकट शाहाबाद की ओर जा रहे कैंटर वाहन ट्रैक्टर को टक्कर मारता हुआ डिवाइडर पार करके टैंपो में टकरा गया। जिससे टैंपो में सवार मजदूर रमाकांत और हरिपाल की मौत हो गयी थी। जबकि चालक कुलदीप निवासी नई बस्ती रामचंद्र मिशन पांच लोग घायल हो गए थे। गंभीर रूप से घायल प्रदीप को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था।

# सड़क हादसे में बच्चे की मौत, दंपती सहित तीन लोग घायल

संवाददाता, खुटार

● खुटार-पूरनपुर मार्ग पर हुआ हादसा

**अमृत विचार:** खुटार-पूरनपुर मार्ग पर शुक्रवार सुबह करीब 7:30 बजे गांव कुइयां मोड़ के पास तेजी से आई मारुति वैन ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में छह साल बच्चे की मौके पर मौत हो गई। उसके माता-पिता और चाचा घायल हो गए। हादसे के बाद घायलों को 108 एंबुलेंस में अस्पताल ले जाया गया। एक की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

बृहस्पतिवार को जनपद पीलीभीत के थाना माधौटांडा के गांव भैरौकलां निवासी वीरपाल (30), पत्नी प्रीति देवी (26), बेटे अनुराग (6) और छोटे भाई रामस्वरूप (25) के साथ अपनी ससुराल लखीमपुर खीरी के थाना हैदराबाद के गांव मूड़ा सिरकटा बाइक पर गए थे। वहां से शुक्रवार सुबह परिवार के साथ बाइक पर अपने घर लौट रहे थे। सुबह करीब साढ़े सात बजे खुटार-पूरनपुर रोड पर गांव कुइयां के नजदीक उनकी बाइक में सामने आ रही मारुति वैन ने जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज लगी कि बाइक पर बैठा बालक अनुराग उछल कर दूर गिरा। इससे वाहन के नीचे आने पर उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं, वीरपाल, उसकी पत्नी प्रीति देवी और भाई रामस्वरूप घायल हो गए। दुर्घटना के बाद चालक वैन लेकर फरार हो गया। वहां आसपास मौजूद लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने रामस्वरूप को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वीरपाल, प्रीति देवी की मरहम पट्टी कर छुट्टी दे दी। हादसे घटना की जानकारी मिलने पर परिजन व रिश्तेदार अस्पताल जा पहुंचे।



परिजनों से घटना की जानकारी लेते थानाध्यक्ष संजय कुमार। ● अमृत विचार

> सूचना पर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचा था। घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। मृत बच्चों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। गंभीर घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।- **संजय कुमार**, थानाध्यक्ष खुटार

### काफी मन्नतों के बाद मिला था अनुराग

सड़क हादसे में बेटे अनुराग को खो देने के बाद प्रीति देवी सुध बुध खो बैठी। वह बार-बार अस्पताल से भागने का प्रयास कर रही थी। मगर परिजनों ने उसे रोक लिया। वह बेसुध होकर अस्पताल परिसर में गिरती रही। परिजन बच्चे को घर ले जाने को बात कहते तो प्रीति कहती मेरा बेटा सो रहा है। तुम लोग शोर न करो। प्रीति अपने आंचल से बार-बार शव को ढक रही थी। वीरपाल ने बताया कि शादी होने के बाद करीब आठ साल गुजर गए। इसके बाद अनुराग का जन्म हुआ। घर में इकलौता पुत्र था। भगवान से काफी मन्नत के बाद पुत्र मिला था।

### अनुराग की बात मान ली होती तो टल जाती घटना

तेजवती ने बताया कि उसका नाती अनुराग घर नहीं जाना चाहता था। वह ननिहाल में रुकने की जिद कर रहा था। उन्होंने भी एक दिन और रुकने को कहा तो उनकी बेटी प्रीति और दामाद वीरपाल ने घर में जरूरी काम बता दिया। घर से निकलने के बाद सूचना आ गई कि सड़क हादसे में अनुराग की मौत हो गई और सभी लोग घायल हो गए। तेजवती ने कहा कि अगर नाती अनुराग की बात मान ली होती तो काश! घटना टल जाती और जान बच गई होती।

### सड़क पर लाश के टुकड़े देख खड़े हो गए लोगों के रौंगटे

बाइक में वैन की टक्कर लगने के बाद वाहन के नीचे आया अनुरा दूर तक घिसटता चला गया, जिससे उसके शरीर के कई अवशेष सड़क पर बिखर गए। जिसे देखकर लोगों के रौंगटे खड़े हो गए। उधर, हादसे के बाद अनुराग की नानी तेजवती, नाना तेजराम और मामा शिवम वहां पहुंच गए। नानी तेजवती का कहना था कि काश! आज रोक लिया होता तो अनुराग की जान बच जाती।

# पांच गायों को गोशाला में रखा बैलों को लौटाया

**खुटार, अमृत विचार:** हरनाई गांव से छुट्टा पशुओं को पकड़ने के बाद ट्राली में ले जाकर खुटार छोड़ने का आरोप दो लोगों पर लगा था।

नगर के मोहल्ला नरायनपुर निवासी किसानों ने बताया था कि 28 मई को गांव हरनाई के रहने वाले कुछ लोगों ने गोसेवा रथ से छुट्टा पशुओं को ट्राली में भरकर खुटार-गोला रोड पर छोड़ा दिया था। इसके बाद पशु खेत की ओर चले गए। इस तरह दो बार पशुओं को छोड़ गया था। तीसरी बार उन्हें ग्रामीणों ने पकड़ लिया और ट्रैक्टर चालक व उसके साथी को पुलिस के सुपुर्द कर दिया था। 29 मई को दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था। समझौते में पशुओं को पकड़कर वापस ले जाने की बात तय हुई थी। मगर 30 मई को फिर से पशुओं को पकड़कर गोशाला भेज दिया गया।

# पहले परिवार वालों को पीटा, फिर खुद हुआ घायल

संवाददाता, बरखेड़ा

● पूरनपुर के गांव टंडोला में नशे में धुत युवक ने मचाया उत्पात

**अमृत विचार:** नशे में धुत युवक ने जमकर उत्पात मचाया। पहले परिवार के सदस्यों को पीटा। उसके बाद सब्जी छीलने वाले कटर से खुद को घायल कर लिया। परिजन ने उसे सीएचसी भर्ती कराया है।

कोतवाली पूरनपुर के गांव टंडोला निवासी शेर सिंह की पत्नी सुनीता देवी ने बताया कि उसका मायका थाना बरखेड़ा के गांव भैसाई पर्वतपुर में है। उसकी छोटी बहन साधना की शादी उसके देवर प्रदीप से हुई है। तीन दिन पूर्व उसकी मां सुशीला की तबीयत खराब होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरखेड़ा लाया गया था। यहां से रेफर होने के बाद जिला मुख्यालय पर इलाज चलता रहा। गुरुवार को उनकी मां की मृत्यु हो गई। उनका अंतिम संस्कार कर दिया था। आरोप है कि उसका भाई रोहित नशा अधिक करता है। मां की मृत्यु के पश्चात शुक्रवार को पिता मनोहर लाल से शराब पीने के लिए रुपये मांगे। न देने पर मारपीट करने लगा। जब विरोध किया तो रोहित ने नशे की हालत में अपनी पत्नी सुशीला, बहन सुनीता, बहनोई शेर सिंह और दूसरी बहन साधना से भी मारपीट की। इसके बाद खुद को भी घायल कर लिया। इसकी पुलिस को सूचना दी गई। फिर रोहित को सीएचसी भर्ती कराया गया। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि परिजन की सूचना पर गए थे। युवक को सीएचसी भर्ती कराया है। वह नशे की हालत में था। कोई तहरीर देता है तो कार्रवाई की जाएगी।

# चार दिन से लापता बीटेक का छात्र हरदोई में खाई में पड़ा मिला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सिंधौली थाना क्षेत्र का हिमांशु 27 मई को सुबह हरदोई में फूफा अनिल कुमार के घर जाने को कहकर गया था, जिसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। 28 मई की सुबह आठ बजे हिमांशु ने पिता को व्हाट्सएप मैसेज भेजा कि वह बचेगा नहीं। उसे बबलुआ ने नशा सुंघा दिया है। मैसेज पढ़ परिवार वाले घबरा गए।

सिंधौली प्रभारी निरीक्षक धमेंद्र कुमार ने बताया कि लापता हिमांशु शुक्रवार सुबह साढ़े नौ बजे हरदोई के बावन और लोनार के बीच डिग्री कॉलेज के पास रोड के किनारे खाई में पीछे हाथ-पैर बंधा हुआ पड़ा मिला था। लोनार पुलिस ने सिंधौली थाने में सूचना दी। इस पर सिंधौली पुलिस रवीन्द्र कुमार को लेने लोनार गयी। पुलिस टीम हिमांशु को लेकर लौट आई है । प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि वह काफी दहशत है, जिससे अभी कुछ बता नहीं रहा है।

# ट्रेन में महिला की मौत, शव उतारने को लेकर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● साथ के लोग हरिद्वार ले जाना चाहते थे शव, आधे घंटे तक स्टेशन पर खड़ी रही ट्रेन

**अमृत विचार:** जनता एक्सप्रेस में एक महिला की मौत हो गयी। महिला के साथ आए लोग उसके शव को हरिद्वर ले जाना चाहते थे। कोच में सवार अन्य यात्रियों ने कहा कि शव उतारने के बाद ही ट्रेन चलेगी। इसको लेकर उन्होंने प्लेटफार्म पर हंगामा किया। जानकारी लगने पर आरपीएफ और जीआरपी प्लेटफार्म पर पहुंची और लोगों को समझाकर शव को कोच से नीचे उतारा। इस दौरान ट्रेन करीब आधा घंटा खड़ी रही।

बंगाल की रहने वाली 70 वर्षीय शुक्लादास परिवार व रिश्तेदारों के साथ वाराणसी से हरिद्वार तीर्थ यात्रा पर जा रही थीं। तीर्थ यात्रियों को जनता एक्सप्रेस में एस-1 स्लीपर कोच में रिजर्वेशन था। महिला शुक्लादास की तबीयत हरदोई के बाद अचानक खराब हो गयी। उसके साथ के लोगों ने टीटीई को इसकी जानकारी दी। टीटीई ने कंट्रोल रूम को सूचना दी। कंट्रोल रूम ने यहां रेलवे के डाक्टर और स्टेशन अधीक्षक को सूचना दी। जनता एक्सप्रेस पौने नौ बजे प्लेटफार्म चार पर आकर रुकी। इस दौरान डाक्टर ने महिला को देखा और तुरंत ही मृत घोषित कर दिया। उसके साथ अन्य लोगों ने कहा कि उसका शव यहां नहीं उतारा जाएगा और हरिद्वार लेकर जाएंगे। स्लीपर में अन्य यात्रियों ने शव ले जाने का विरोध किया। यात्री ट्रेन से नीचे उतर आए और गार्ड की बोगी के पास हंगामाकरने लगे। यात्रियों ने कहा कि जब तक शव उतर नहीं जाएगा, ट्रेन नहीं जाएगी। इससे प्लेटफार्म पर अफरा-तफरी मच गयी। आरपीएफ और जीआरपी प्लेटफार्म पर पहुंची। इधर, आरपीएफ और जीआरपी के सामने ही मृतक महिला के परिजनों संग लोगों की नोकझोंक होनी लगी। इस दौरान आरपीएफ व जीआरपी ने महिला के साथ आए लोगों को समझाकर कोच से शव को नीचे उतार लिया।

इधर, बेगमपुरा एक्सप्रेस, जनसेवा एक्सप्रेस, कानपुर-जम्मूतवी को प्लेटफार्म पांच से निकाला गया। जनता एक्सप्रेस करीब आधे घंटे तक खड़ी रही। जीआरपी थाना प्रभारी रेहान खां ने बताया कि जनता एक्सप्रेस में एक महिला की मौत हो गयी थी। उसके साथ के लोग शव को हरिद्वार ले जाना चाहता था। अन्य यात्रियों ने कहा कि शव उतरने के बाद ट्रेन चलेगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बेगमपुरा एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान महिला की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बेगमपुरा एक्सप्रेस से एक महिला परिवार के साथ लुधियाना जा रही थी। अचानक महिला की तबीयत खराब हो गयी। जीआरपी ने महिला को ट्रेन से उतारकर मेडिकल कॉलेज भेज दिया। डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। लुधियाना जिले के गांव माधवपुरी निवासी राजेश कुमार ने बताया कि उसकी मां 70 वर्षीय कमलेश कुमारी परिवार के साथ तीन दिन पहले वाराणसी घूमने के लिए गई थी। उसके परिवार का बेगमपुरा एक्सप्रेस में स्लीपर कोच में रिजर्वेशन था। गुरुवार की रात दस बजे कमलेश कुमारी परिवार के साथ वाराणसी से लुधियाना जा रही थी। उनकी तबीयत हरदोई के पास खराब हो गयी। राजेश ने हेल्पलाइन को फोन किया। जीआरपी और आरपीएफ ने महिला कमलेश कुमारी को कोच से बेहोशी की हालत में उतारा और मेडिकल कालेज भेज दिया। डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी रेहान खां ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज ---------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# प्रेमिका मजिस्ट्रेट के सामने पेश, पुलिस हिरासत में है प्रेमी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** कचहरी में कोर्ट मैरिज करने आई युवती को प्रेमी के साथ हिंदूवादी नेताओं ने पकड़कर सदर बाजार पुलिस के सुपुर्द कर दिया था। युवती के शुक्रवार को कोर्ट में बयान हुए हैं। अब शनिवार को भी उसके बयान होंगे। युवती का प्रेमी पुलिस कस्टडी में है। वाराणसी की एक युवती बीएससी पास है। करीब आठ माह पहले इंस्टाग्राम और फेसबुक के जरिये खुदागंज गांव के रहने वाले दूसरे समुदाय के युवक से जान पहचान हुई। फिर दोनों की फेसबुक के जरिये बातचीत का सिलसिला शुरू हो गया। युवक जयपुर में सिलाई का काम करता है। युवती की गोद भराई सात जून को थी।

उसने सात जून से पहले अपना घर छोड़ दिया और प्रेमी के पास खुदागंज पहुंच गयी। गुरुवार को प्रेमी-प्रेमिका कचहरी में कोर्ट मैरिज करने के लिए पहुंचे। सूचना मिलने पर गौ रक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री राजेश अवस्थी अपने साथियों के साथ पहुंचे और दोनों को पकड़ लिया। उन्होंने धर्म परिवर्तन कराने के नाम पर युवक की पिटाई कर दी। उन्होंने दोनों को सदर बाजार पुलिस के हवाले कर दिया। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि दोनों बालिग हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को मजिस्ट्रेट के समक्ष युवती के बयान हुए और शनिवार को भी बयान होंगे। आरोपी युवक पुलिस कस्टडी में है।

> एक युवक व युवती कोर्ट मैरिज करने के लिए कचहरी में आए थे। दोनों लोग अलग-अलग समुदाय के हैं। कुछ लोगों ने कोर्ट मैरिज का विरोध किया। पीड़िता ने कहा कि वह बालिग है और स्वेच्छा से आई है। पीड़िता के परिवार वालों को सूचना दी गयी है। पीड़िता के बयान के बाद अग्रिम कार्रवाई होगी। **- सौम्या पांडेय**, सीओ सिटी

# चाइनीज मांझे से गर्दन कटने पर एक की मौत

**शाहाबाद, अमृत विचार :** बेटी को परीक्षा दिलाने हरदोई गए एक व्यक्ति की गर्दन में मांझा फंस गया, जिससे उनकी पूरी गर्दन कट गई और बाइक सहित गिर पड़े। तत्काल लोगों ने उन्हें सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

शाहजहांपुर के थाना सदर बाजार अंतर्गत मऊ वासत निवासी श्रवण कुमार (45) अपनी पुत्री को परीक्षा दिलाने के लिए बालामऊ ले गए थे। वापस आते समय हाईवे पर भारतीय जीवन बीमा निगम के कार्यालय के निकट उनकी गर्दन में चाइनीज मांझा फंस गया और पूरी गर्दन कट जाने की वजह से श्रवण कुमार मोटरसाइकिल से नीचे गिर गए। पिता की हालत देख उसकी बेटी रोने चीखने लगी। राहगीरों ने घायल श्रवण कुमार को ई-रिक्शा से सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों को पिलाया शरबत



राहगीरों को शरबत वितरित करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

संवाददाता, दियोरिया कलां

**अमृत विचार:** एजीएम इंटर कॉलेज बिहारीपुर हीरा में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित होने पर कॉलेज के छात्र छात्राओं को शुक्रवार को शरबत पिलाकर उनके घर रवाना किया गया। भीषण गर्मी में बीसलपुर दियोरिया मार्ग पर गुजरने वाले राहगीरों और वाहन चालकों को भी शरबत पिलाया। संस्थापक एलपी गंगवार ने कहा कि इस भीषण गर्मी में शीतल जल और शरबत पिलाना पुण्य काम है। प्रबंधक सर्वेश गंगवार, प्रधानाचार्य पंकज कुमार गंगवार, उप प्रधानाचार्य ओविद प्रकाश शुक्ला, कार्यालय अधीक्षक सुनील कुमार, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।



डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- • भूख न लगना • कब्ज • अपच • गैस • खाने के बाद शौचालय जाना • शारीरिक अंगों का विकास रूकना • पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना • 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। • बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। • कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। • बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। • खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
• शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
• हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
• इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
• वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
• ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
• योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
• मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 26 मई 2024, रविवार
09 जून 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# बैंक खातों में लावारिस पड़े हैं 430 करोड़

## रिजर्व बैंक ने जारी की रिपोर्ट, तीन लाख बैंक खातों से लंबे समय से नहीं हुआ कोई लेनदेन

शिवांग पांडेय, बरेली

- वित्तीय वर्ष 2023-24 में करीब 27 हजार खातों में 45 करोड़ की धनराशि चिह्नित
- रिजर्व बैंक के डेफ खाते में स्थानांतरित किया जाता है खातों का लावारिस पैसा

**अमृत विचार :** जिले के करीब तीन लाख लावारिस बैंक खातों में 430 करोड़ से ज्यादा धनराशि पड़ी हुई है। इन खातों में काफी वक्त से कोई लेनदेन नहीं हुआ। न ही दस साल से ज्यादा समय से इनमें मौजूद पैसे पर किसी खाताधारक ने दावा किया है, न उसके किसी कानूनी उत्तराधिकारी ने। इनमें करीब 27 हजार बैंक खाते 2023-24 में ही चिह्नित किए गए हैं जिनमें 45 करोड़ से ज्यादा धनराशि पड़ी हुई है।

बरेली जिले के ये आंकड़े भारतीय रिजर्व बैंक की ताजा रिपोर्ट में दिए गए हैं जो बृहस्पतिवार को ही जारी की गई है। इसके मुताबिक जिन खातों में 430 करोड़ की धनराशि लावारिस पड़ी हुई है, वे सार्वजनिक क्षेत्र. निजी और सहकारी तीनों श्रेणी की बैंक शाखाओं में हैं। दरअसल, भारतीय रिजर्व बैंक हर साल ऐसे खातों को चिह्नित कर रिपोर्ट जारी करता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 खत्म होने के बाद ताजा रिपोर्ट जारी की गई है। इस साल में लावारिस खातों में 26,751 का नया आंकड़ा और 45 करोड़ की धनराशि जुड़ी है।

बैंक अधिकारियों के मुताबिक किसी भी बैंक खाते में 10 साल से ज्यादा वक्त से कोई लेनदेन न होने पर माना जाता है कि ग्राहक खाता खुलवाने के बाद उसमें जमा धनराशि को भूल गया या उसकी मृत्यु हो गई और अब उन खातों में मौजूद धनराशि का कोई लेनदार नहीं है। एलडीएम वीके अरोरा ने बताया कि आरबीआई के नियमों के मुताबिक दस साल तक खातों के निष्क्रिय रहने के बाद उसमें जमा धनराशि आरबीआई के डेफ यानी डिपॉजिटर एजुकेशन एंड अवेयरनेस फंड खाते में स्थानांतरित कर दी जाती है। इसके बाद यह पैसा चैरिटी के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

### सर्वाधिक लावारिस पैसा एफडी और आरडी खातों में

बैंक अधिकारियों के मुताबिक जिले में सबसे ज्यादा लावारिस पैसा फिक्स डिपॉजिट और रेकरिंग डिपॉजिट यानी आरडी खातों में हैं। हालांकि इस बात का आंकलन नहीं किया गया है कि लावारिस पड़े कुल 430 करोड़ में से इन खातों में कितनी धनराशि है। उन्होंने बताया कि अगर दस साल के बाद भी कोई लावारिस घोषित कर डेफ खाते में स्थानांतरित की गई धनराशि पर दावा करता है तो बैंक उसका पैसा अदा करते हैं, हालांकि इसके लिए अलग प्रक्रिया होती है।

# पिकअप की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत

संवाददाता, उचौलिया (खीरी)

**अमृत विचार:** लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर उचौलिया और जेबी गंज के बीच मोहिउद्दीनपुर चौराहे पर एक पिकअप ने ई-रिक्शा में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में ई रिक्शा चालक व उसमें सवार दो यात्री घायल हो गए। घायल रिक्शा चालक की बरेली ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।


देवेश उर्फ रिंकू (फाइल फोटो)

सीतापुर की तरफ से तेज रफ्तार जा रही पिकअप ने ई-रिक्शा में पीछे से टक्कर मार दी। इससे रिक्शा पलट गया। चालक देवेश उर्फ पिंकू (30) पुत्र अशर्फीलाल निवासी कोटरा, रिक्शा पर बैठे अमर सिंह पुत्र छविनाथ निवासी कोटरा व आयशा पुत्री यासीन निवासी अन्तरवारी थाना उचौलिया घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल रिक्शा चालक देवेश को एम्बुलेंस से शाहजहांपुर भेजा गया, जहां से उसे बरेली रेफर कर दिया गया। बरेली ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही उसके परिवार में मातम पसर गया। रिक्शा पर बैठी आयशा की बहन मायदा सुरक्षित रही। पिकप चालक मौके से फरार हो गया, जबकि पिकअप हेल्पर मनोज को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेकर हेल्पर को हिरासत में लिया है।

# जटिल सर्जरी की बारीकियां बताने को जुटेंगे हड्डी रोग विशेष

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार:** बरेली और यूपी ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन पहली बार 24 और 25 अगस्त को बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सभागार में हैंड एंड रिस्ट कोर्स का आयोजन करेगी, जिसमें 120 से अधिक हड्डी रोग विशेषज्ञ जुटेंगे।

इस संबंध में शुक्रवार को लोक खुशहाली सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में बरेली ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. विनोद पागरानी ने जानकारी दी। बताया कि इस कोर्स की बारीकियों को समझाने के लिए वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज जिंदल पुणे से आ रहे हैं। साथ ही हाथ और कलाई की जटिल सर्जरी करने के विशेषज्ञ अन्य डॉक्टर भी अपने अनुभव साझा करेंगे। कांफ्रेंस में जटिल सर्जरी की बारीकियां सीखने के लिए बरेली और आसपास के जिलों एवं कुमाऊं क्षेत्र से 120 से अधिक हड्डी रोग विशेषज्ञ कोर्स में प्रतिभाग करेंगे। सर्जरी का लाइव प्रसारण भी होगा।

प्रेस वार्ता में डॉ. विनोद पागरानी, डॉ. आलोक शर्मा, डॉ. मनोज हिरानी, डॉ. वरुण अग्रवाल, डॉ. प्रवीण अग्रवाल, डॉ. प्रवीण गर्ग, डॉ. रविन्द्र प्रताप आदि मौजूद रहे।

### मरीजों को नहीं लगाने होंगे दिल्ली-लखनऊ के चक्कर

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्रो. प्रवीण ने बताया कि इस कोर्स में प्रतिभाग कर जटिल सर्जरी का प्रशिक्षण लेने के बाद मरीजों की सर्जरी बरेली में ही हो सकेगी, जिसके बाद मरीजों को दिल्ली और लखनऊ के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

# डूंगरपुर मामले में आजम खां को दस साल की सजा नाइंसाफी : डॉ. तजीन

कार्यालय, रामपुर

**अमृत विचार :** पूर्व सांसद डॉ. तजीन फात्मा ने कहा कि हम आखिरी सांस तक लड़ाई लड़ते रहेंगे। डूंगरपुर मामले में आजम खां को 10 वर्ष की सजा नाइंसाफी की चरम सीमा है। मीडिया से शिकायत है कि दो जन्म प्रमाण पत्र मामले को फर्जी लिख रही है। हमने चुनाव पर नजर नहीं डाली है। अभी हम मुकदमों में घिरे हुए हैं।


पत्रकारों से रूबरू पूर्व सांसद डॉ. तजीन फात्मा। • अमृत विचार

- पूर्व सांसद ने बिना नाम लिए मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह पर साधा निशाना

जिला कारागार रामपुर से जमानत पर छूटने के बाद पूर्व सांसद ने शुक्रवार दोपहर मोहल्ला घेर बाज खां में अपने आवास पर पत्रकारों से लोकसभा चुनाव के किसी भी सवाल पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। कहा कि दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में उन्हें मीडिया से भी शिकायत है। मीडिया मुकदमे के बाद भी फर्जी जन्म प्रमाण पत्र लिख रही है। उन्होंने कहा कि यहां मैं इस बात को बिल्कुल साफ कर देना चाहती हूं, इसमें कोई भी चीज फर्जी नहीं है। यह एक गलती में सुधार करवाने की कोशिश की गई। बल्कि, सुधार करवाया गया है, जो प्रमाण पत्र यहां से बनवाया गया, उसे निरस्त कराया गया। लखनऊ से जारी असली प्रमाण पत्र ही लगाया गया था। सभी प्रमाण पत्र मेरे पास हैं। वक्त आने पर दिखा दूंगी। कहा कि सभी मुकदमे फर्जी लिखवाए गए हैं। उन्होंने बिना नाम लिए मंडलायुक्त पर निशाना साधा। कहा कि एक अधिकारी के यहां हर आधे-आधे घंटे के बाद एफआईआर लिखी गई हैं। डूंगरपुर मामले में आजम खां को 10 वर्ष की सजा और 14 लाख रुपये जुर्माना के जवाब में कहा कि गुरुवार को आजम खां को सजा हुई है, वह नाइंसाफी की चरम सीमा है। डूंगरपुर मामले में उनका कहीं नाम नहीं है। झूठे गवाहों के आधार पर उन्हें सजा दे दी गई।

# ब्लॉक लेकर जंक्शन पर बदली गई रेलवे लाइन

**बरेली, अमृत विचार:** जंक्शन यार्ड में शुक्रवार को रेलवे लाइन बदलने का काम किया गया। इस बीच रेल प्रशासन को डाउन लाइन पर ब्लॉक लेना पड़ा। हालांकि डाउन लाइन की ट्रेनें गुजारने के बाद ब्लॉक शुरू हुआ। रेल अधिकारियों के मुताबिक बरेली जंक्शन यार्ड में रेल लाइन बदलने का कार्य रेल पथ विभाग की ओर से किया जाना था।

जिसके लिए दोपहर 13:00 बजे से 14:30 बजे के बीच ब्लॉक लिया गया। 15910 अवध असम एक्सप्रेस निकालने के बाद करीब डेढ़ घंटे के लिए ब्लॉक शुरू हुआ। इस बीच किसी तरह ट्रेनों का संचालन प्रभावित नहीं हुआ, क्योंकि इस बीच कोई ट्रेन नहीं थी। ब्लॉक खत्म होने के बाद समय से ट्रेनें गुजारी गईं।


प्रवेश प्रारम्भ
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY B.I.U. विद्याफलम् प्रदीपकाराय
BIU COLLEGE OF PHARMACY BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)


# दो घरों से नकदी समेत लाखों के जेवर चोरी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** गांव छाउछ के धीरू ने बताया कि गुरुवार रात किसी समय चोरों ने उनके घर पर धावा बोल दिया। चोर घर से 10 हजार की नगदी समेत लाखों के जेवर उठा ले गए। किसी को घटना की भनक तक नहीं लगी। उन्होंने बताया कि चोर पांच मोहर सोने की, 250 ग्राम चांदी, 2 सोने की अंगूठी, चांदी के 6 सिक्के आदि जेवर चोरी कर ले गए। वहीं, चोरों ने पास के ही रहने वाले अंकुर मिश्रा और पास में ही किराए पर रहने वाले व्यापारी राजू वर्मा के घर को निशाना बनाया। राजू के घर से नगदी समेत लाखों के जेवरात उठा ले गए है। यहां भी रात में किसी को घटना की भनक तक नहीं लगी।

# परीक्षा टालने को परीक्षा नियंत्रक का घेराव

बरेली कार्यालय

- विद्यार्थी परिषद की अगुवाई में तीन घंटे तक एमबीए के छात्रों ने की जमकर नारेबाजी
- परीक्षा नियंत्रक ने परीक्षा आगे कराने का दिया आश्वासन तब शांत हुए छात्र

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के एमबीए छात्रों ने गर्मी की वजह से परीक्षा टालने की मांग करते हुए दूसरे दिन शुक्रवार को भी परीक्षा नियंत्रक का घेराव किया। विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में छात्रों ने तीन घंटे तक जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। परीक्षा नियंत्रक ने 1, 7 और 12 जून को होने वाले प्रश्नपत्रों की परीक्षा आगे कराने का आश्वासन दिया तब छात्र शांत हुए।

एमबीए के ज्यादातर छात्र- छात्राएं विश्वविद्यालय परिसर के छात्रावास में रहते हैं। कुछ छात्र-छात्राओं का कहना है कि गर्मी और बिजली कटौती की वजह से परीक्षा की तैयारी नहीं हो रही है, इसलिए अभी परीक्षा टालकर आगे बढ़ाई जाए। छात्रों ने इससे पहले विभागाध्यक्ष और कुलपति से मिलकर भी परीक्षा टालने की मांग की थी, लेकिन सेशन में देरी की बात कहकर परीक्षा नहीं टाली गई। शुक्रवार को छात्र-छात्राएं विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के पास पहुंचीं और परीक्षा टालने की मांग की। काफी देर के हंगामे के बाद भी, जब परीक्षा नियंत्रक ने परीक्षा टालने से इन्कार किया तो फिर से हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने मैत्रीय छात्रावास की बिजली पानी समस्याएं बताईं तो वार्डन को परीक्षा नियंत्रक के कक्ष में बुला लिया। वार्डन ने एक दिन का समय मांगते हुए समस्या का निदान कराने की बात कही।

महानगर संगठन मंत्री अवनी यादव ने कहा कि भीषण गर्मी में विश्वविद्यालय छात्रों का शोषण कर रहा है, इसे विद्यार्थी परिषद कतई बर्दाश्त नहीं करेगा।

महानगर मंत्री श्रेयांश वाजपेयी, नितिन महेश्वरी, आनंद कठेरिया, हर्षित चौधरी, दक्ष गंगवार, संदीप सागर, लकी शर्मा, दीपू यादव, रवि प्रताप सिंह, विकास शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


प्रवेश प्रारम्भ
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY B.I.U. विद्याफलम् प्रदीपकाराय
FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)


# बेटे का वारंट लेकर पहुंची पुलिस, मां को आया हार्टअटैक

**अमरोहा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में कैलसा मार्ग स्थित विवेकानंद कॉलोनी के राकेश की अपनी पत्नी से मुकदमेबाजी चल रही है।

कोर्ट से राकेश का पत्नी के खर्चे से जुड़ा रिकवरी वारंट जारी हुआ था। गुरुवार को मुरादाबाद गेट चौकी प्रभारी अनूप कुमार पुलिस टीम के साथ रिकवरी वारंट की तामील कराने के लिए राकेश के घर पहुंचे थे। पुलिस घर की चौखट पर खड़ी थी कि इस दौरान घर में मौजूद राकेश की 55 वर्षीय मां मूर्ति देवी को हार्टअटैक आ गया। मूर्ति देवी बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। हार्ट अटैक की जानकारी मिलते ही पुलिसकर्मी उल्टे पांव लौट गए। परिजन मूर्ति देवी को इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। परिजन पुलिस पर धमकाने का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे।

सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस वारंट को तामिल कराने के लिए सुबह घर गई थी। जबकि, महिला को हार्ट अटैक शाम को आया। बताया जा रहा है कि उनकी पहले से ही तबियत खराब थी।

# ग्रामीण की संदिग्ध हालत में मौत

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** अलीगंज रोड पर मेला मैदान के गेट नंबर तीन पर दुकान के सामने अधेड गिर गया, उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पड़ोस के दुकानदार साहब सिंह ने घटना की सूचना पुलिस को दी। कस्बा इंचार्ज सुनील सिंह मौके पर पहुंचे। परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। मृतक के चाचा ने बताया भुड़वारा का परवेज (42) गुरुवार को परिजनों को बिना बताएं गांव से चला आया। उसका दिमागी संतुलन भी सही नहीं था। अनुमान लगाया जा रहा है कि उसकी गर्मी के प्रकोप से मृत्यु हुई है। पुलिस के कहने पर भी परिजनों ने एंबुलेंस को मना कर दिया और वह शव को अपने निजी वाहन से अपने ग्राम भुड़वारा ले गए।

# तबेले में आग से 19 मवेशी जिंदा जले

संवाददाता, पलिया कलां

- पशुपालकों ने रंजिशन आग लगाने का लगाया आरोप, दी तहरीर

**अमृत विचार:** शारदा नदी के किनारे पशुपालकों के तबेलों में अज्ञात कारणों के चलते भीषण आग लग गई, जिससे उसमें बंधे 19 पड्डे व पड़िया की जलकर मौत हो गई।

इसके अलावा हजारों रुपये का अन्य सामान भी जलकर स्वाहा हो गया। पशु मालिकों ने दो लोगों पर रंजिशन आग लगाने का आरोप लगाया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना भीरा पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गांव बड़ा पतवारा निवासी संदीप, गांव चौरी कलां निवासी इंद्रपाल व ध्यान सिंह आदि ने बताया कि उनके थाना भीरा क्षेत्र के गांव शाहपुर में शारदा नदी के किनारे तबेले हैं। जिनमें वे अपनी भैंसों के करीब 28 पड्डे-पड़िया छोड़कर भैंसों को कुछ दूर स्थित जंगल में चराने गए थे। आरोप है कि आरोपियों ने रंजिशन तबेले में आग लगा दी। जिससे तबेले में मौजूद संदीप के 06, मनदीप के 04, ध्यान सिंह के 03, इंद्रपाल के 04 व दीपू के 02 पड्डे-पड़िया आग में जलकर मर गए। अन्य आग से झुलस गए। उन्होंने दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। थानाध्यक्ष भीरा पंकज त्रिपाठी ने बताया कि घटना की सूचना 112 नंबर की गाड़ी को दी गई थी। उन्हें अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पाल्य पुत्र जगजीत सिंह व पुत्रवधू सर्वजीत कौर को गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में वह अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **विरसा सिंह पुत्र निहाल सिंह नि. पिपरिया मझरा पूरनपुर पीलीभीत।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं जसप्रीत कौर मोंगा पुत्री गुरूशरन सिंह मोंगा निवासी हुन्डाल खेल, निकट अम्बा टॉकीज तह. सदर, शाहजहाँपुर ने अपना नाम जसप्रीत कौर मोंगा से बदलकर जसप्रीत कौर रख लिया है। मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

For Rent
House on Rent in Prime Location of Rampur Garden
3 Bedroom Set, Modular kitchen, Drawing Room , Dining Hall, Store room, Balcony, Terrace, Parking
Govt Officer Preferred Only.
Mob.: 9837891810

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# किसको मिलेंगी कितनी सीटें और किसकी बनेगी सरकार

## भाजपा ने दिया है चार सौ पार का नारा, इंडिया गठबंधन ने प्रधानमंत्री का चेहरा तय करने को बुलाई बैठक

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार:** आज आखिरी चरण के मतदान के साथ देश चार जून का इंतजार शुरू कर देगा, जब 18 वीं लोकसभा के लिए वोटों की गिनती शुरू होगी और चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। हालांकि इससे पहले मतदान खत्म होने के बाद शाम साढ़े छह बजे से विभिन्न मीडिया चैनल और सर्वे एजेंसियां एग्जिट पोल के माध्यम से अपने अनुमानों का आंकड़ा जारी करेंगी। लेकिन कौन सरकार बनाएगा और किस दल को कितनी सीटें मिलेंगी, इसके लिए सबकी नजरें चुनाव आयोग पर ही रहेंगी, जो मंगलवार को 543 सदस्यीय लोकसभा में 542 सीटों के परिणाम जारी करने के लिए सुबह आठ बजे से मतगणना का काम शुरू कराएगा। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से भाजपा के मुकेश दलाल को पहले ही निर्विरोध निर्वाचित किया जा चुका है। इस बार भाजपा ने जहां अपनी जीत की हैट्रिक के साथ पार्टी के लिए 370 सीटें जीतने और एनडीए गठबंधन के लिए 400 पार का नारा दे रखा है, वहीं तीसरे चरण के मतदान के बाद से उत्साहित इंडिया गठबंधन भी अब सरकार बनाने की बात कर रहा है। अब इसे जीत के लिए इंडिया गठबंधन का आश्वस्त होना कहा जाए या उतावलापन कि उसने अंतिम चरण के मतदान के दौरान ही प्रधानमंत्री के चेहरे का चुनाव करने के लिए बैठक बुला ली है। इंडिया गठबंधन के सबसे बड़े घटक दल कांग्रेस को 2019 के चुनाव में 52 और भाजपा को 303 सीटें मिली थीं।

### यूपी में सातवें चरण का गणित

- 13 में 11 सीटें एनडीए ने जीती थीं 2019 में
- 2 सीटों पर बसपा को मिली थी जीत
- 2 सीटें 15 हजार के अंतर से ही जीती थी भाजपा
- 6 सीटों पर 2 से 4.79 लाख तक था भाजपा की जीत का अंतर



- 2019 में कांग्रेस को मिलीं थीं 52 लोकसभा सीटें
- भाजपा ने 2019 में 303 सीटों पर जीत दर्ज की थी, इस बार पार्टी का लक्ष्य 370 सीटों पर जीत दर्ज करने का है

### 75 दिन प्रचार के – किसने कितना लगाया जोर

- 206 – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी रैलियों को संबोधित किया। इसमें रोड शो और प्रचार अभियान से जुड़े कार्यक्रम भी शामिल रहे।
- 188 – गृह मंत्री अमित शाह ने चुनावी रैलियां और रोड शो किए।
- 101 – रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रोड शो और चुनावी रैलियां कीं
- 160 – मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रैलियां, सभाएं, रोड शो किए।
- 87 – भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चुनावी रैलियां कीं
- 107 – राहुल गांधी ने चुनावी रैलियां, सभाएं और रोड शो किए
- 108 – प्रियंका गांधी ने रैलियां और रोड शो किए
- 102 – मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस अध्यक्ष ने की सभाएं और रैलियां
- 251 – तेजस्वी यादव ने जनसभाओं को संबोधित किया
- 73 – सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रैलियां और रोड शो किए।
- 75 – मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रैलियां, रोड शो और पद यात्राएं कीं

### 11 सौ का एक वोट, सवा लाख करोड़ चुनाव खर्च

- देश में इस समय 96.8 करोड़ मतदाता हैं और इस बार चुनाव का खर्च सवा लाख करोड़ के आसपास रहने वाला है। इस लिहाज से एक वोट पर करीब 1100 रुपये खर्च बैठता है। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के मुताबिक हर लोकसभा चुनाव अपना पिछला रिकार्ड तोड़कर दोगुने खर्च तक पहुंच जाता है। साल 2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री चुने गए थे, लोकसभा चुनाव कराने में 3870 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। सेंटर आफ मीडिया स्टडीज (सीएमएस) की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले आम चुनाव साल 2019 में लागत बढ़कर 50 हजार करोड़ से ऊपर चली गई थी। इस बार अब तक हुए चुनावी खर्च के आधार पर ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि पिछले चुनाव के दोगुना से भी ज्यादा खर्च होगा। अंतिम आकलन अभी नहीं आया है, लेकिन माना जा रहा है कि साल 2024 के चुनाव में एक लाख 20 हजार करोड़ रुपये से कम नहीं खर्च होने वाले हैं।

### डिजिटल प्रचार में इस बार कांग्रेस ने किया भाजपा का मुकाबला

- देश में लोकसभा चुनाव भले ही हर दल ने अपनी सियासी जमीन पर झंडे, बैनर और डोर टू डोर जनसंपर्क के जरिए लड़ा हो, लेकिन इस बार चुनाव डिजिटल मोड में इंटरनेट पर भी जमकर लड़ा गया है। 2014 और 2019 के चुनाव में डिजिटल प्रचार में भाजपा सब पर भारी पड़ी थी, लेकिन इस बार कांग्रेस भी मुकाबले में नजर आई। प्रचंड गर्मी के कारण इस बार के लोकसभा चुनाव में सड़क पर राजनीतिक दलों के बीच छिड़ा घमासान थोड़ा कम दिखाई दिया हो, लेकिन ऑनलाइन और सोशल मीडिया पर डिजिटल चुनाव प्रचार चरम पर रहा है।

**39** करोड़ रुपये खर्च करने के साथ कांग्रेस डिजिटल विज्ञापन देने के मामले में दूसरे नंबर पर है

**100** करोड़ रुपये भाजपा ने जनवरी से मई के अंतिम सप्ताह तक गूगल को डिजिटल विज्ञापन के लिए दिए

### ऑन लाइन प्रचार में दो तिहाई से ज्यादा हिस्सा वीडियो विज्ञापन का

- लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए मीडिया स्रोत के मुताबिक गूगल ने इस साल पहली जनवरी से मई के अंतिम सप्ताह तक केवल राजनीतिक विज्ञापनों से करीब 265 करोड़ रुपये की कमाई की है। अप्रैल और मई में ही 160 करोड़ रुपये से अधिक के राजनीतिक विज्ञापन अकेले गूगल को दिए गए। इनमें दो-तिहाई से अधिक वीडियो विज्ञापन हैं। गूगल के एड ट्रांसपेरेंसी डेटा के अनुसार भाजपा ने जनवरी से मई के अंतिम सप्ताह तक गूगल विज्ञापनों पर 100 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इसमें 40 करोड़ रुपये से अधिक केवल मई माह में ही खर्च किए गए। कांग्रेस डिजिटल विज्ञापन देने के मामले में 39 करोड़ रुपये खर्च करने के साथ दूसरे नंबर पर है। मई माह में कांग्रेस ने करीब 12 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

## दुद्धी में भाजपा पर जीत दोहराने का दबाव

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित दो विधानसभा सीटों में से एक दुद्धी पर उपचुनाव के लिए भी पहली जून को मतदान होना है। यहां 2022 के चुनाव में पहली बार रामदुलार गोंड ने भाजपा को जीत दिलाई थी। लेकिन वह कार्यकाल पूरा नहीं कर सके और किशोरी से दुष्कर्म के मामले में जेल चले गए। उपचुनाव में भाजपा ने युवा चेहरे श्रवण सिंह गोंड को मैदान में उतारा है। उनके सामने सपा से विजय सिंह गोंड की चुनौती है। विजय सिंह गोंड इस सीट से लगातार सात बार विधायक रह चुके हैं। दुद्धी में आदिवासी मतदाताओं की सबसे ज्यादा आबादी है। उप चुनाव जीतकर सपा खोया जनाधार वापस पाना चाहती है तो भाजपा पर विश्वास जीतने की चुनौती है।

## बिहार की आठ सीटों पर किसके पक्ष में झुकेगा पलड़ा

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** सातवें और अंतिम चरण में बिहार की आठ सीटों पर भी वोट पड़ेंगे, जिनमें इस बार मुकाबला कठिन नजर आ रहा है। बिहार में मतदान वाली सभी आठ सीटों पर भाजपा व जदयू काबिज है। भाजपा को उम्मीद है कि वह जदयू के साथ मिलकर सभी सीटों पर फिर से जीत दर्ज कर लेगी। जबकि महागठबंधन के दलों को उम्मीद है कि वे सभी सीटें जीतकर भाजपा को एक बार फिर से केंद्र की सत्ता में आने से रोक लेंगे। इस चरण में सासाराम, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र और पटना साहिब सीट पर भाजपा के उम्मीदवार लड़ रहे हैं तो नालंदा और जहानाबाद पर जदयू और काराकाट सीट राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा मैदान में हैं। इंडिया महागठबंधन की सहयोगी भाकपा माले ने काराकाट, आरा और नालंदा सीट तो राजद ने जहानाबाद, पाटलिपुत्र और बक्सर से उम्मीदवार उतारे हैं। यहां मतदाता मौन दिख रहे हैं।

### मीसा भारती को हार का सिलसिला टूटने की आस



- पाटिलपुत्र सीट से मैदान में उतरीं मीसा भारती को उम्मीद है कि वह इस बार हार का सिलसिला खत्म करने में कामयाब होंगी। उनके सामने भाजपा से रामकृपाल यादव मैदान में हैं जो लगातार दो बार से जीत रहे हैं और इस बार हैट्रिक लगाने के लिए मैदान में हैं। मीसा भारती इस सीट पर रामकृपाल से 2014 और 2019 में हारीं। 2009 में लालू प्रसाद यादव को हार का सामना करना पड़ा था। तब जदयू के रंजन प्रसाद यादव ने उनहें हराया था। लालू को लगता है कि बेटी मीसा भारती इस बार जरूर जीतेंगी। इसीलिए लालू प्रसाद यादव ने यहां प्रचार में कुछ ज्यादा ही फोकस किया है। यहां के मतदाताओं से उन्होंने संविधान बचाने के नाम पर वोट मांगा है।

### काराकाट में कुशवाहा की राह में पवन सिंह का कांटा



- काराकाट लोकसभा सीट इस बार कुछ ज्यादा ही चर्चा में है। यहां से भाजपा के बागी एवं फिल्म अभिनेता पवन सिंह निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं। पवन सिंह यहां साथी फिल्म अभिनेताओं और अभिनेत्रियों से प्रचार कराते रहे। सभाओं और रोड शो में जुटी भीड़ से विरोधी परेशान हैं। यहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा मैदान में हैं। राजग से उम्मीदवार होने के नाते उनकी जीत के लिए मुख्यमंत्री नितीश कुमार हों या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां सभाएं कीं। लेकिन कहा जा रहा है कि उनकी जीत की राह में सबसे बड़ा कांटा पवन सिंह हैं। यहां से महागठबंधन की सहयोगी भाकपा माले के राजाराम सिंह उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं।

### सासाराम में भाजपा को हैट्रिक की उम्मीद



- भाजपा ने सासाराम लोकसभा सीट से शिवेश राम के मैदान में उतारा है। शिवेश राम को यहां मोदी के नाम का सहारा है। पार्टी के उम्मीदवार छेदी पासवान यहां से लगातार दो बार सांसद बने पर उनके स्थान पर इस बार शिवेश उतरे हैं। कांग्रेस ने मनोज भारती को टिकट दिया है। हालांकि कांग्रेस उम्मीदवार को यहां भितरघात का सामना करना पड़ रहा है। मनोज भारती बसपा से आए हैं। ऐसे में कार्यकर्ता उन्हें पचा नहीं पा रहे हैं। यहां भाजपा जीत की हैट्रिक न लगा पाए इसके लिए महागठबंधन ने पूरी ताकत झोंक दी है।

### अश्विनी चौबे की नाराजगी न पड़ जाए मिथिलेश पर भारी



- भाजपा ने बक्सर लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे का टिकट काट काटकर मिथिलेश तिवारी को मैदान में उतारा है। टिकट कटने पर अश्विनी चौबे भी सार्वजनिक रूप से नाराजगी जता चुके हैं। पार्टी के कार्यक्रमों में वे मंचों पर दिखते हैं पर उनकी नाराजगी किसी से छिपी नहीं है। उनके समर्थक भी नाराज बताए जाते हैं। ऐसे में भाजपा के रणनीतिकार भी इस बात से डरे हुए हैं कि कहीं यहां भितरघात न हो जाए। हालांकि मिथिलेश तिवारी को उम्मीद है कि मोदी के नाम और विकास कार्यों के दम पर वे इस सीट को जीत लेंगे।

## पिछली बार आधा दर्जन सीटों पर हुआ था कड़ा मुकाबला

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** साल 2019 के पिछले चुनाव में सातवें चरण की जिन छह लोकसभा सीटों पर काफी कड़ा मुकाबला हुआ था, उनमें पंजाब में जालंधर, बठिंडा, उत्तर प्रदेश की बलिया और चंदौली तो ओडिशा की बालासोर और बिहार की जहानाबाद सीट शामिल है। इन सीटों पर जीत-हार का अंतर दो प्रतिशत से भी कम रहा था। बिहार के जहानाबाद में जनता दल (यू) के चंद्रशेखर ने सिर्फ 1,751 वोटों से जीत दर्ज की थी।

उत्तर प्रदेश की चंदौली लोकसभा सीट पर भाजपा के महेंद्रनाथ पांडेय ने 13,959 वोटों से जीत हासिल की थी। ओडिशा की बालासोर सीट पर भाजपा के प्रताप चंद्र 12,956 वोटों से जीते थे। उत्तर पर्देश की बलिया सीट पर भाजपा के वीरेंद्र सिंह मस्त को 15,519 वोटों से जीत मिली थी। पंजाब की बठिंडा सीट पर अकाली दल की हरसिमरत कौर ने 21,772 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी, जबकि जालंधर लोकसभा सीट पर कांग्रेस के संतोख सिंह 19,491 वोटों से चुनाव जीते थे।

### 11 सीटों पर होता रहा है जीत-हार का उलटफेर

- सातवें चरण के मतदान वाली लोकसभा सीटों में 11 सीटें ऐसी रही थीं, जहां पिछले तीन चुनाव में कोई दल अपनी सीट नहीं बचा पाया था। इसमें उत्तर प्रदेश की गाजीपुर, घोसी, रॉबर्ट्सगंज और मिर्जापुर सीट हैं। पंजाब में आनंदपुर साहिब, फरीदकोट, फतेहगढ़ साहिब और पटियाला सीट हैं। इसके अलावा ओडिशा में बालासोर और बिहार की जहानाबाद और काराकाट सीट है। 2019 में इनमें दो सीटें भाजपा, 2 सीटें अपना दल (एस), दो सीटें बसपा जबकि 4 सीटें कांग्रेस ने जीती थीं। एक सीट जेडीयू को मिली थी।

## पोस्टर-पंपलेट, बिल्ला-बिंदी गायब, इस बार छाया रहा डिजिटल प्रचार

**अमृत विचार।** साल 2024 के लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों ने अपने स्टार प्रचारकों की रैलियों और सभाओं के बाद चुनावी अभियान में सबसे ज्यादा डिजिटल प्रचार पर भरोसा जताया। इसके चलते परंपरागत प्रचार माध्यमों में सिर्फ झंडों और फ्लेक्स होर्डिंग का बाजार तो ऊंचा रहा, लेकिन पोस्टर, पंपलेट, हैंड बिल, बिल्ला, बैनर और स्टीकर आदि गायब जैसे नजर आए। पिछले दो दशक से प्रचार का बड़ा हिस्सा बनी टोपी और टी-शर्ट की मांग भी बीते दो चुनावों के मुकाबले इस बार कमजोर दिखी। साफ नजर आया कि पिछले दस साल में तेजी से बढ़े डिजिटल माध्यम ने चुनाव प्रचार के परंपरागत बाजार को कोने में समेट दिया है।

चुनाव को कारोबार के लिहाज से सहालग जैसा मानने वाले प्रिंटिंग कारोबार को सियासी प्रचार के बदले चलन से सबसे बड़ी चोट पहुंची है। इस बार के चुनाव में डिजिटल कैंपेनिंग के लिए कई बड़ी कंपनियों के साथ युवाओं के नयी सोच वाले स्टार्ट अप भी उपलब्ध थे। पहले चुनाव के दौरान दीवारों पोस्टर चस्पा किए जाते थे। लेकिन अब इनकी जगह मीम्स और डिजिटल पोस्टर ने ले ली है। प्रत्याशियों की ओर से रील्स की सबसे ज्यादा डिमांड है। चुनावी सभाओं और रैलियों की रील्स में नए प्रयोग कर तैयार हो रहे हैं।



- डिजिटल कैंपेनिंग के लिए बड़ी कंपनियों के साथ युवाओं के नयी सोच वाले स्टार्ट अप भी आगे आए
- प्रत्याशियों की ओर से रील्स की सबसे ज्यादा मांग रही, सभाओं और रैलियों की रील्स में हुए नए प्रयोग
- इस बार के चुनाव में यूनीपोल पर फ्लैक्स की मांग साल 2019 के मुकाबले 30 से 35 फीसदी तक घटी
- झंडों का बाजार रहा बेअसर पर टीशर्ट व टोपी पहले से हुई कम, आयोग की सख्ती से शोर पर लगी लगाम

इसी तरह पिछले चुनाव तक यूनीपोल से प्रचार की भारी मांग रहती थी। पहले से इसके लिए प्रमुख स्थानों की बुकिंग हो जाती थी। लेकिन विज्ञापन एजेंसियों की माने तो इस बार के चुनाव में यूनीपोल पर फ्लैक्स की मांग साल 2019 के चुनाव के मुकाबले करीब 30 से 35 फीसदी तक घट गई। सबसे बड़ा झटका प्रिंटिंग प्रेस को लगा, प्रचार सामग्री छपवाने के आर्डर पिछले चुनाव की अपेक्षा आधे से भी कम रह गए। डिजिटल प्रचार के दौर में इंटरनेट मीडिया से कैंपेनिंग का प्रभाव बढ़ने से ऐसा देखने को मिला। कानपुर, आगरा और मेरठ के कई प्रिंटिंग प्रेस संचालकों के मुताबिक मतदाताओं को जागरूक करने के लिए इस बार डिजिटल प्लेटफार्म का दायरा काफी बढ़ गया। इस बदलते ट्रेंड का प्रभाव परंपरागत तरीकों से प्रचार में प्रयुक्त होने वाले प्रिंटिंग कारोबार पर सबसे ज्यादा पड़ा है। चुनाव प्रचार के बाजार में झंडा, बैनर, बिल्ला और स्टीकर जैसी प्रचार सामग्री की मांग तेजी से घट गई है। चुनाव प्रचार सामग्री के थोक कारोबारियों का कहना है कि पहले राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों की तरफ से झंडे, बिल्ले, टोपी, टी शर्ट और महिलाओं के लिए पार्टी के चुनाव चिह्न वाली बिंदी जैसी सामग्री के ऑर्डर खूब मिलते थे। प्रत्याशी अपनी और पार्टी के बड़े नेता की फोटो के साथ पोस्टर या कपड़े के छोटे बैनर छपवाने के लिए परेशान रहते थे। लेकिन इस बार ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला। पहले चुनाव के दौरान पोस्टरों को दीवारों पर चस्पा किया जाता था। लेकिन अब इसे लेकर चुनाव आयोग ने कई नियम लागू कर दिए हैं, जिसके चलते प्रत्याशी इससे किनारा करने लगे हैं। वैसे भी अब मीम्स और डिजिटल पोस्टर का जमाना है। इसी की मांग बाजार में ज्यादा दिखाई देती रही। प्रत्याशियों की ओर से भी रील्स बनाने की मांग खूब आती रही है। ऐसे में चुनावी सभाओं और रैलियों की रील्स तैयार करने में नए प्रयोग किए गए। कहीं भीड़ को इस अंदाज में दिखाया गया कि मानो जन सैलाब उमड़ आया हो, तो कहीं उन्हें पार्टी के गीतों से जोड़ दिया गया। कुल मिलाकर डिजिटल कैंपेनिंग ने प्रचार का तरीका पूरी तरह बदल दिया, जिसके कारण बाजार में परंपरागत नहीं नवाचर की मांग ज्यादा रही।

## सातवें चरण की 57 में 30 सीटें एनडीए ने जीती थीं

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** सातवें और आखिरी चरण में शनिवार को 57 सीटों पर मतदान होने जा रहा है। साल 2019 में इन 57 सीटों में भाजपा ने 25 सीटें जीती थीं और एनडीए ने 30 सीटों पर अपना परचम फहराया था। इस चरण में सबसे बड़ा चुनाव वाराणसी में हो रहा है, जहां से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। उनके खिलाफ कांग्रेस ने अपनी उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय को मैदान में उतारा है।

प्रधानमंत्री मोदी के अलावा जिन सीटों पर सबकी नजर है, उनमें गोरखपुर से अभिनेता रवि किशन के खिलाफ सपा से काजल निषाद मैदान में हैं। हिमाचल की मंडी सीट से फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के बेटे विक्रमादित्य कांग्रेस उम्मीदवार हैं। हिमाचल की ही हमीरपुर सीट से केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर चुनाव लड़ रहे हैं। पश्चिम बंगाल की डायमंड हार्बर सीट से ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी जालंधर और हरसिमरत कौर बादल भटिंडा से चुनाव लड़ रही हैं।

- **सबसे बड़ा चुनाव वाराणसी में जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार मैदान में**

## नर्सिंग घोटाले में छिपा है स्कॉलरशिप घोटाला

**• नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा- व्यापम के बाद यह भाजपा सरकार का सबसे बड़ा घोटाला**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने राज्य में इन दिनों सुर्खियों में बने हुए कथित नर्सिंग घोटाले में अनुसूचित जाति-जनजाति के छात्रों को मिलने वाली सरकारी स्कॉलरशिप में भी घोटाले का आरोप लगाया है।

सिंघार ने आज एक्स पर की अपनी पोस्ट में कहा कि नर्सिंग कालेज घोटाले का एक बड़ा पहलू है अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति के छात्रों को मिलने वाली सरकारी स्कॉलरशिप का घोटाला। इसमें कॉलेज द्वारा छात्रों से फीस लेने और उनको मिलने वाली स्कॉलरशिप का भी बड़ा घोटाला है। इसकी भी जांच की जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार लाचार है और इस घोटाले के समय मंत्री रहे विश्वास सारंग ने भी चुप्पी साध ली है। व्यापम के बाद यह भाजपा सरकार का दूसरा सबसे बड़ा घोटाला है। मध्यप्रदेश के हजारों नर्सिंग छात्रों के भविष्य पर घोटाले की तलवार लटकी है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस मामले में तत्कालीन मंत्री रहे विश्वास सारंग क्यों चुप हैं। इन फर्जी कालेजों को इतनी बड़ी संख्या में मान्यता कैसे मिल गई।

## मुआवजा देने से बचने के लिए लू से मौतों का आंकड़ा छिपा रही सरकार

जयपुर, एजेंसी

**• राजस्थान के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रदेश सरकार पर लगाए गंभीर आरोप**

राजस्थान के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा है कि राज्य सरकार मुआवजा देने से बचने के लिए लू से मरने वालों का आंकड़ा छिपा रही है।

डोटासरा ने शुक्रवार को आरोप लगाते हुए कहा कि भीषण गर्मी और लू के प्रबंधन में पूरी तरह विफल रही भाजपा सरकार अब उच्च न्यायालय के आदेश के बाद लू के मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने से बचने के लिए मौत के आंकड़े छिपाने का पाप कर रही है। उन्होंने कहा कि सवाई मान सिंह अस्पताल से चौंकाने वाली सूचना है जहां लू से मौत के बाद करीब 40 अज्ञात लोगों के शव मोर्चरी में हैं, हर दिन करीब 20-25 अज्ञात लोगों के शव मोर्चरी में आ रहे हैं लेकिन सरकार मुआवजा देने से बचने के लिए मौत के अलग-अलग कारण बताकर तीन दिन के भीतर पोस्टमार्टम करके मामलों को निपटा रही है जबकि अज्ञात शव की शिनाख्त, पुलिस की कार्रवाई, परिवार को ढूंढने और समाचार पत्र में सूचना प्रकाशित करने की प्रक्रिया में करीब सात दिन लग जाते हैं, जिसके पश्चात डेड बॉडी को डिस्पोज किया जाता है।

उन्होंने कहा कि यह आंकड़े सिर्फ एसएमएस अस्पताल के हैं, पूरे प्रदेश के हालात भयावह एवं चिंताजनक है। सरकार सिर्फ पांच लोगों की लू से मौत बता रही है जबकि सच्चाई यह है कि प्रदेश में भयंकर गर्मी और लू से मौतों का आंकड़ा बेहद डरावना है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि इस मामले को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और लू से मरने वाले लोगों के परिजनों को उचित मुआवाजा दिया जाए।

## यौन शोषण के आरोप में राजस्वकर्मी निलंबित

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने आज जिले के नवगछिया अंचल के राजस्व कर्मचारी भूषण पासवान को अपनी महिला कर्मी के साथ यौन शोषण के आरोप में निलंबित कर दिया है।

आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि नवगछिया की अंचल अमीन ने विगत दिन उसी अंचल के राजस्व कर्मचारी भूषण पासवान के विरुद्ध उसके साथ यौन शोषण करने की एक प्राथमिकी नवगछिया महिला थाने में दर्ज कराई थी। मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी राजस्व कर्मचारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सूत्रों ने बताया कि जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी राजस्व कर्मचारी भूषण पासवान को निलंबित कर दिया है।

## एसआईटी करेगी अवैध धनांतरण मामले की जांच

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक सरकार ने कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड से जुड़े अवैध धनांतरण मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का शुक्रवार को गठन किया। चार सदस्यीय एसआईटी दल का नेतृत्व बेंगलुरु स्थित आपराधिक जांच विभाग में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (आर्थिक अपराध) मनीष खरबिकर कर रहे हैं।

निगम के बैंक खाते से 88.62 करोड़ रुपये का अनधिकृत अंतरण तब प्रकाश में आया जब निगम के लेखा अधीक्षक चंद्रशेखर पी ने रविवार शाम को आत्महत्या कर ली। लेखा अधीक्षक ने एक नोट भी छोड़ा था। उन्होंने नोट में निगम के अब निलंबित प्रबंध निदेशक जेजी पद्मनाभ, लेखा अधिकारी परशुराम जी दुरुगनवर और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य प्रबंधक सुचिस्मिता रावल का नाम लिया है। साथ ही यह भी कहा है कि धन अंतरण के लिए मंत्री ने मौखिक आदेश जारी किए थे। कर्नाटक में विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने घोटाले के सिलसिले में अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री बी नागेंद्र के खिलाफ आरोपों के बाद के उनके इस्तीफे की मांग की है। एसआईटी चंद्रशेखर की पत्नी द्वारा शिवमोगा के विनोबा नगर स्थित थाने में दर्ज कराए गए मामले की जांच करेगी। मामला उनकी शिकायत और उनके दिवंगत पति द्वारा छोड़े गए नोट के आधार पर दर्ज किया गया है। निगम के महाप्रबंधक ए राजशेखर पर बेंगलुरु के हाई ग्राउंड थाने में बैंक के माध्यम से धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया है।

**• कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड के खाते से रुपये निकालने का मामला**

### एसआईटी को हस्तांतरित किए जाएं सभी मामले

आदेश में कहा गया है, सरकार ने इन दोनों मामलों और कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड में वित्तीय अनियमितताओं की गंभीरता पर गौर करते हुए जांच के लिए सीआईडी की एक विशेष जांच टीम गठित करने का निर्णय लिया है और एक आदेश जारी किया है। राज्य के पुलिस महानिदेशक और महानिरीक्षक को राज्य के विभिन्न पुलिस थानों में दर्ज या दर्ज किए जाने वाले सभी संबंधित मामलों को एसआईटी को हस्तांतरित करने और यदि आवश्यक हो तो टीम में और सदस्यों को जोड़ने का भी आदेश दिया है। एसआईटी को जल्द से जल्द पुलिस महानिदेशक और महानिरीक्षक के माध्यम से सरकार को जांच रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है।

## एक नजर

### हिरासत से भागने की कोशिश कर रहे आरोपी को पुलिस ने मारी गोली

**गुवाहाटी।** असम के होजई जिले में मादक पदार्थ की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार व्यक्ति को पुलिस ने भागने की कोशिश करते समय गोली मार दी। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार रात को रामसिंह गांव से 10 पेटी हेरोइन के साथ सहाबुद्दीन को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि थाने ले जाते समय उसने भागने की कोशिश की जिसके बाद उसे रोकने के लिए पुलिस ने गोली चला दी जो उसके पैर में लगी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि उसे गोली लगने के बाद नागांव मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### रायगढ़ अस्पताल में फंदे पर लटका मिला महिला का शव

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ मेडिकल कॉलेज अस्पताल के फीमेल वार्ड के शौचालय में एक महिला फंदे पर लटकी मिली। बताया जा रहा है कि मृतका किसी मरीज के साथ अटेंडेंट थी। शुक्रवार की सुबह जब मरीज शौचालय की ओर गये तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक किसी के बाहर नहीं आने पर लोगों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन किसी प्रकार की प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर अस्पताल प्रबंधन को इसकी जानकारी दी गयी। वहीं खिड़की से झांक कर देखने पर भीतर एक महिला का शव फांसी पर झूलता दिखा। अस्पताल प्रशासन ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। चक्रधर नगर पुलिस जांच में जुट गई है।

### बोकारो में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत

**बोकारो/दुमका।** झारखंड के बोकारो जिले में शुक्रवार को आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना उस दौरान हुई जब वे बरमैया पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले नूतनडीह गांव में एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे। पुलिस उपाधीक्षक पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ितों को सदर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान बादल राय और पार्थो राय के रूप में हुई।

## असम में बाढ़ से स्थिति गंभीर दो लाख से अधिक लोग प्रभावित

### बाढ़, बारिश और तूफान की वजह से छह लोगों की हो चुकी है मौत

गुवाहाटी, एजेंसी



बाढ़ प्रभावित इलाके से सुरक्षित स्थान पर जाते लोग।

असम में शुक्रवार को बाढ़ की स्थिति गंभीर और गंभीर हो गई है। चक्रवात रेमल के प्रभाव के चलते लगातार हुई बारिश के कारण नौ जिलों में दो लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 28 मई से राज्य में बाढ़, बारिश और तूफान की वजह से कुल मिलाकर छह लोगों की मौत हो गई। नागांव, करीमगंज, हैलाकांडी, पश्चिम कार्बी आंगलोंग, कछार, होजाई, गोलाघाट, कार्बी आंगलोंग और दीमा हसाओ जिले इस प्राकृतिक आपदा से गंभीर रूप से प्रभावित हुए। मेघालय के लमस्लम क्षेत्र में भारी बारिश के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-6 का 20 मीटर हिस्सा बह जाने से बराक घाटी के कछार, करीमगंज और हैलाकांडी जिलों का राज्य के अन्य हिस्सों और पूर्वोत्तर क्षेत्र से सड़क संपर्क टूट गया है और वाहन फंसे हुए हैं। कछार में सबसे अधिक 1,12,246 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं, इसके बाद करीमगंज में 37,000, होजई में 22,058 और हैलाकांडी में 14,308 लोग प्रभावित हैं। बाढ़ की वजह से 3238.8 हेक्टेयर फसल क्षेत्र भी जलमग्न हो गया है, जबकि 2,34,535 जानवर प्रभावित हुए हैं। ब्रह्मपुत्र और बराक नदियां और इनकी सहायक नदियां बाढ़ प्रभावित जिलों में कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। कुल मिलाकर 35,640 प्रभावित लोगों ने 110 राहत शिविरों में शरण ली है, जिनमें से सबसे अधिक 19,646 होजई में, इसके बाद कछार में 12,110, हैलाकांडी में 2,060 और करीमगंज में 1,613 लोग राहत शिविरों में हैं। अधिकारियों ने कहा कि बराक घाटी और दीमा हसाओ के तीन जिलों में जनजीवन ठप हो गया।

### समय से पहले पहुंचा दक्षिण-पश्चिम मानसून

भारत मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार चक्रवात रेमल के प्रभाव के कारण दक्षिण-पश्चिम मानसून अपने निर्धारित समय से पहले असम और पूर्वोत्तर क्षेत्र के अन्य हिस्सों में प्रवेश कर गया है। आईएमडी ने अगले दो दिनों में गोलपाड़ा, बोंगाईगांव, सोनितपुर, बिश्वनाथ, डिब्रूगढ़, करीमगंज, कछार, हैलाकांडी, दीमा हसाओ, धुबरी और दक्षिण सलमारा जिलों में भारी बारिश और तूफान की चेतावनी जारी की है।

## साइबर एसपी बनकर युवतियों को ब्लैकमेल करने वाला गिरफ्तार

**कटिहार।** बिहार में कटिहार जिले की पुलिस ने कोढ़ा थाना क्षेत्र से फर्जी साइबर पुलिस अधीक्षक को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार ने बताया सूचना मिली थी कि कोढ़ा थाना क्षेत्र निवासी शम्स तबरेज मोबाइल नंबर 9113155182 और 8102811438 से फर्जी साइबर पुलिस अधीक्षक बनकर युवतियों को फोन कॉल्स करता था और अश्लील वीडियो और फोटो वायरल होने की बात कहकर प्राथमिकी से बचने के लिये खुद से बात करने को मजबूर करता था। जब पीड़िता झांसे में आ जाती थी तो अश्लील वीडियो और फोटो बनाकर पैसे की वसूली करता था। गिरफ्तार आरोपी युवतियों के उन वीडियो को पोर्न साइट पर बेचकर भी धन की उगाही करता था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध पटना, मुंगेर, औरंगाबाद के अलावा झारखंड के धनबाद, गिरिडीह, राजस्थान के अरवल के साथ ही पश्चिम बंगाल के कोलकाता के पुलिस स्टेशनों में भी शिकायतें दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल पुलिस अन्य राज्यों के पुलिस से सम्पर्क कर आरोपी के विरुद्ध दर्ज मामलों की कुंडली खंगाल रही हैं।

## होर्डिंग हादसा : पूर्व निदेशक की जमानत याचिका खारिज

मुंबई, एजेंसी

**• 13 मई को घाटकोपर में होर्डिंग गिरने से 17 लोगों की हो गई थी मौत**

मुंबई की एक अदालत ने शुक्रवार को उस विज्ञापन कंपनी की पूर्व निदेशक जान्हवी मराठे की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी, जिसने 13 मई को घाटकोपर में होर्डिंग लगाया था, जिसके गिरने से 17 लोगों की मौत हो गई थी।

यद्यपि मराठे ने दावा किया कि वह होर्डिंग अनुबंध में केवल हस्ताक्षर करने वाली प्राधिकारी थी, लेकिन पुलिस ने अदालत को बताया कि ढही हुई संरचना के निर्माण में उनकी प्रत्यक्ष और सक्रिय भागीदारी थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राजेश सासने ने उनकी याचिका खारिज कर दी। हालांकि, विस्तृत आदेश अभी तक उपलब्ध नहीं कराया गया है। मराठे ने अपनी अग्रिम जमानत याचिका में दावा किया कि वह होर्डिंग लगाने वाली कंपनी ईगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक इसकी स्थापना के समय से ही थी, लेकिन उन्होंने दिसंबर 2023 में इस्तीफा दे दिया था।

उन्होंने दावा किया कि ध्वस्त हुई होर्डिंग ईगो मीडिया के वर्तमान निदेशक भावेश भिंडे की निगरानी में 2023 में लगाई गई थी। भिंडे मुख्य आरोपी हैं और वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। मराठे ने अपनी याचिका में कहा कि वह इसके अनुबंध के लिए केवल एक हस्ताक्षरकर्ता प्राधिकारी थीं और उन्हें मामले में बलि का बकरा बनाया गया है, जबकि भिंडे मुख्य अपराधी हैं। उन्होंने अपनी याचिका में दावा किया कि उनका नाम प्राथमिकी में नहीं था और उनका किसी भी तरह से मामले से कोई संबंध नहीं था।

### दसवीं के छात्र ने नहर में कूदकर दी जान

**जयपुर।** राजस्थान के बीकानेर जिले में 15 साल के एक छात्र ने नहर में कूद कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि राजस्थान बोर्ड ने 10वीं कक्षा की परीक्षा के परिणाम बुधवार को घोषित किए। इसमें वाहिद की द्वितीय श्रेणी आई और तब से वह अवसाद में था। वह बुधवार को परिणाम आने के बाद लापता हो गया था। पुलिस के अनुसार, तलाश कर रहे परिजनों को गुरुवार को मोखमपुरा गांव में इंदिरा गांधी नहर के पास उसकी चप्पल दिखीं। तलाशी अभियान चलाया गया और रात में नहर से शव बरामद किया गया। पुलिस ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा है कि उम्मीद से कम अंक आने के कारण वाहिद ने यह कदम उठाया।

## सस्ता सोना खरीदने के लालच में महिला ने 28 लाख गंवाए

**ठाणे।** महाराष्ट्र में नवी मुंबई की पुलिस ने सस्ती दर पर सोना दिलाने का झांसा देकर एक महिला से करीब 28 लाख रुपये लूटने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि नेरूल निवासी महिला ने अपनी शिकायत ने कहा है कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में से एक ने उससे संपर्क किया और दावा किया कि वह उसे 27.81 लाख रुपये में आधा किलो सोना दिला सकता है। वह व्यक्ति 18 मई को उसे सौदे के लिए कार से सानपाड़ा स्टेशन ले गया, जहां कुछ लोग पहुंचे और उन्होंने उसे धमकाया एवं उसका पैसों से भरा बैग छीन लिया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि जब उसका बैग छीना गया तब वह व्यक्ति और कार में उसके साथ आये एक अन्य व्यक्ति मौके से भाग गये। पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में ठाणे निवासी राकेश शिवाजी शिंगटे (39) और रूपेश सुभाष सपकाले (42) को गिरफ्तार किया। आरोप है कि शिवाजी ने महिला से संपर्क कर सस्ती दर पर सोना देने का लालच दिया था। पुलिस ने बताया कि मामलें में अन्य आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

## एआई को असली काबिलियत पर हावी नहीं होने देना है


नई दिल्ली, एजेंसी

**• अंतर्राष्ट्रीय सर्कस महोत्सव को पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने किया संबोधित**

पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने शुक्रवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) को असली काबिलियत-कौशल पर हावी होने से बचाने की जरूरत है।



पूर्व केंद्रीय मंत्री नकवी ने यहां अंतर्राष्ट्रीय सर्कस महोत्सव में कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की प्रौद्योगिकी असली काबिलियत को बंधक नहीं बना सकती। उन्होंने कहा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माहौल में कला, काबिलियत और कौशल से इसका सीधा मुकाबला है। उन्होंने कहा कि हमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को असली काबिलियत-कौशल पर हावी होने से बचाना है। नकवी ने कहा कि सर्कस कला को प्रोत्साहन वक्त की जरूरत है, ताकि यह कला फिर से ऊंचाइयों को छू सके।



लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के लिए आज मतदान होना है। किन्नौर जिले में दुनिया के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र ताशीगंग में शुक्रवार को मतदान अधिकारियों की टीम पहुंची। यहां उचित सड़क और मोबाइल कनेक्टिविटी भी नहीं है। • एजेंसी

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध बैग मिलने से मचा हड़कंप

नई दिल्ली, एजेंसी

**• बम निरोधक दस्ते ने की जांच, बैग में मिलीं ब्लास्ट सिमुेशन गेंद**

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को उस समय अफरातफरी मच गयी जब कूड़े के डिब्बे में मिले एक संदिग्ध बैग को लेकर बम की अफवाह फैल गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक बम निरोधक दस्ते को घटनास्थल पर भेजा गया और बैग की जांच की गई, हालांकि उसमें कोई विस्फोटक नहीं मिला। उन्होंने बताया कि टीम ने बैग से दो ब्लास्ट सिमुलेशन गेंद बरामद कीं, जिनका उपयोग रक्षा प्रशिक्षण उद्देश्यों के लिए किया जाता है और ये घातक नहीं हैं तथा इनमें कोई महत्वपूर्ण विस्फोटक सामग्री नहीं होती है। पुलिस ने बताया कि उन्हें शाम करीब साढ़े छह बजे रेलवे स्टेशन के अजमेरी गेट की तरफ एक लावारिस बैग मिलने की सूचना मिली। पुलिस के मुताबिक कूड़ेदान में मिले संदिग्ध बैग की पुलिस और बम निरोधक दस्ते के कर्मियों ने जांच की। बैग में कोई विस्फोटक नहीं मिला और इससे कोई खतरा भी नहीं है।

## नमामि गंगे परियोजना में व्यापक भ्रष्टाचार हुआ : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

**• कांग्रेस महासचिव एक्स पर लिखा प्रधानमंत्री ने मिशन गंगा का नाम बदलकर नमामि गंगे किया**

कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नमामि गंगे परियोजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है जिसे वाराणसी की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि निवर्तमान प्रधानमंत्री का निवर्तमान सांसद भी बनना तय है।

वाराणसी संसदीय क्षेत्र में एक जून को मतदान होगा। यहां से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार हैं। उनके खिलाफ कांग्रेस और इंडी गठबंधन की तरफ से अजय राय को उम्मीदवार बनाया गया है। रमेश ने एक्स पर लिखा कि नरेन्द्र मोदी 10 साल से यहां के सांसद हैं। गंगा को साफ करने के वादे के 10 साल हो चुके हैं। उन्होंने कहा, सत्ता में आने के तुरंत बाद उन्होंने, 2009 से चल रहे मिशन गंगा का नाम बदलकर नमामि गंगे किया। मिशन गंगा के दो प्रमुख उद्देश्य थे निर्मल गंगा और अविरल गंगा। प्रधानमंत्री मोदी ने गंगा के प्राकृतिक प्रवाह को बहाल करने के उद्देश्य को पूरी तरह से त्याग दिया है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती मनमोहन सिंह सरकार ने गंगा पर राज्य और केंद्र सरकार की पहल के समन्वय के लिए 2009 में राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन प्राधिकरण की स्थापना की थी। रमेश ने दावा किया, इस महत्वपूर्ण संस्थान को भी प्रधानमंत्री ने पहले राष्ट्रीय गंगा नदी परिषद का नाम दिया और फिर 10 वर्षों के लिए इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय गंगा परिषद की 10 वर्षों में केवल 2 बार बैठक हुई है।

## घाटी देश के बाकी हिस्सों से जुड़ी, दस दिन में अधिकारियों की करें नियुक्ति

नई दिल्ली, एजेंसी



**• उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने सभी प्रधान विभागाध्यक्षों को लिखा पत्र**

**• दिसंबर 2024 तक संगलदान एसवीडीके रेलखंड पर ट्रेन चलाने की तैयारी**

उत्तर रेलवे ने सभी प्रधान विभागाध्यक्षों (पीएचओडी) को एक पत्र भेजकर उनसे एक निर्माण कंपनी से एक प्रमुख रेल खंड को सुचारू रूप से अपने हाथों में लेने के लिए कश्मीर घाटी में कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति करने का आग्रह किया है।

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक द्वारा 29 मई 2024 को लिखे एक पत्र में कहा गया है, "संगलदान-श्रीनगर-बारामूला खंड पर ट्रेन सेवा चालू है और जल्द ही संगलदान-एसवीडीके (श्री माता वैष्णो देवी कटरा) के बीच खंड के चालू होने की संभावना है, जिससे कश्मीर घाटी देश के बाकी हिस्सों से (रेलसेवा से) जुड़ जाएगी। ऐसे में, यह बहुत जरूरी है कि इस रेलखंड के संचालन और रखरखाव के लिए सक्षम अधिकारियों को श्रीनगर-बडगाम में तैनात किया जाए ताकि निर्माण ईकाई से इस रेलखंड का सुचारू हस्तांतरण हो।

इन घटनाक्रमों के मद्देनजर, उत्तर रेलवे ने सभी पीएचओडी को अगले 10 दिनों में घाटी में सक्षम जेएजी (कनिष्ठ प्रशासनिक समूह के) अधिकारियों को तैनात करने का आग्रह किया। रेलवे सूत्रों के मुताबिक, दिसंबर 2024 तक संगलदान-एसवीडीके रेलखंड पर ट्रेन चलाने की तैयारी चल रही है। एक रेलवे अधिकारी ने कहा, हम परिचालन शुरू करने से पहले सभी एहतियात बरतना चाहते हैं क्योंकि कटरा और रियासी स्टेशनों के बीच टी1 सुरंग में अब भी कुछ चुनौतियां हैं जिन्हें हम हल करने की कोशिश कर रहे हैं। रेलवे अधिकारी ने कहा, श्री माता वैष्णो देवी कटरा (एसवीडीके) स्टेशन पहले से ही देश के विभिन्न हिस्सों से जुड़ा हुआ है और संगलदान-एसवीडीके रेलखंड के खुल जाने के बाद कश्मीर घाटी देश के बाकी हिस्सों से (ट्रेन सेवा से) जुड़ जाएगी। उन्होंने कहा, हम उत्तर में कश्मीर घाटी से देश के दक्षिणी सिरे पर कन्याकुमारी तक ट्रेन चलाने के सपने को साकार करने के करीब हैं।

## देशभक्ति गीत पर नाच रहे बुजुर्ग को दिल का दौरा पड़ा, मौत

इंदौर (मध्य प्रदेश), एजेंसी

**• परिवार ने मृतक की आंखें और त्वचा की दान**

इंदौर में एक योग शिविर के दौरान सेना जैसी वर्दी में देशभक्ति गीत पर नाचते वक्त दिल का दौरा पड़ने से 73 वर्षीय व्यक्ति की शुक्रवार को मौत हो गई। योग शिविर के आयोजक ने यह जानकारी दी।

शहर के फूटी कोठी क्षेत्र में योग शिविर के आयोजन से जुड़े राजकुमार जैन ने बताया कि बलवीर सिंह छाबड़ा (73) अपने समूह के लोगों के साथ विशेष प्रस्तुति के लिए शिविर में आए थे और सेना जैसी वर्दी पहनकर मां तुझे सलाम शीर्षक के फिल्मी गीत पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हाथ में लेकर नृत्य कर रहे थे। नाचते-नाचते छाबड़ा अचानक जमीन पर बेसुध होकर गिर पड़े। शुरुआत में लगा कि वह दुश्मन की गोली लगने से शहीद होने का अभिनय कर रहे हैं, लेकिन जब वह एक मिनट तक नहीं उठे, तो हमें संदेह हुआ। उन्हें सीपीआर दिया, तो वह उठकर कुर्सी पर बैठ गए और पूछने लगे कि उन्हें अचानक क्या हो गया था? जैन के मुताबिक कथित तौर पर दिल के दौरे के बाद छाबड़ा को तुरंत नजदीक के अरिहंत असपताल ले जाया गया जहां ईसीजी और अन्य जांचों के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। निजी अस्पताल के एक अधिकारी ने जैन की इस बात की पुष्टि की। छाबड़ा के बेटे जगजीत सिंह ने बताया कि शहर में वीरजी छाबड़ा के नाम से मशहूर उनके पिता पिछले 25 साल से मॉर्निंग वॉकर्स क्लब चला रहे थे और सामाजिक गतिविधियों में काफी सक्रिय रहते थे। उन्होंने बताया कि उनके परिवार ने दिवंगत पिता की आंखें और त्वचा दान कर दी हैं।

## नर्मदा नदी में बैग से मिला युवती का शव हत्या की आशंका

**सीहोर।** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के बुदनी तहसील के जोशीपुरा गांव के पास नर्मदा नदी में आज बैग से एक अज्ञात युवती का शव बरामद किया गया। युवती की उम्र 18 से 22 साल के बीच की हो सकती है, जिसकी अभी पहचान नही हो सकी है। पुलिस को संदेह है कि युवती की हत्या कर नदी में फेंका गया है।

पुलिस के अनुसार बुदनी के जोशीपुरा गांव के पास नर्मदा नदी में काले रंग के बैग में बंद अज्ञात युवती का शव पुलिस ने बरामद किया है। प्रथम दृष्ट्या पुलिस मामले को हत्या से जोड़कर देख रही है। मामले में बुधनी थाना प्रभारी चैन सिंह का कहना है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम जोशीपुरा के पास नर्मदा नदी में एक बैग में शव पड़ा है। इस सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव बरामद किया। इसे देखने पर ऐसा लग रहा है कि शव 2 से 5 दिन पुराना है।

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्याऽभ्यासेन रक्ष्यते ।
मृज्यया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते ॥

धर्म का रक्षण सत्य से, विद्या का अभ्यास से, रुप का सफाई से, और कुल का रक्षण आचरण करने से होता है ।

## संपादकीय

# शहरी विकास की चुनौतियां

शहरीकरण वैश्विक विकास की सबसे बड़ी प्रेरक शक्ति बनकर पूरी दुनिया में उभरा है। वैश्वीकरण के उपरांत शहरी विकास की अवधारणा समावेशी विकास की एक अनिवार्य शर्त बन गई है। शहरों के विकास को ही भारत के विकास की धुरी माना जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की एक नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में विश्व की आधी आबादी शहरों में रहने लगी है और 2050 तक भारत की आधी आबादी महानगरों और शहरों में रहने लगेगी। भारत में शहरी क्षेत्रों में रहने वाली आबादी में तेजी से वृद्धि, अवसर और चुनौतियां दोनों है। शहरीकरण के कुछ सकारात्मक प्रभावों में आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, रोजगार के अवसर पैदा करना और आय के स्तर में वृद्धि शामिल है। शहरी जीवन में साक्षरता और शिक्षा का उच्च स्तर, बेहतर स्वास्थ्य, लंबी जीवन प्रत्याशा, सामाजिक सेवाओं तक अधिक पहुंच एवं सांस्कृतिक एवं राजनीतिक भागीदारी के अधिक अवसर प्राप्त होते हैं। भारत में शहरीकरण के नकारात्मक प्रभाव, मनोसामाजिक स्वास्थ्य समस्याएं, कचरा संग्रहण और निपटान, ध्वनि प्रदूषण और सड़क दुर्घटनाएं जैसी कई समस्याएं पैदा हुई हैं। साथ ही भारत के शहरी क्षेत्र गंभीर वायु प्रदूषण स्तर से जूझ रहे हैं, जिसका मुख्य कारण वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन, औद्योगिक गतिविधियां और निर्माण परियोजनाएं हैं।

विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के अनुसार विश्व के शीर्ष 10 प्रदूषित शहरों में से नौ भारत में हैं। तीव्र शहरीकरण और निजी वाहनों के बढ़ते चलन के कारण यातायात भीड़ बढ़ गई है, यात्रा समय की वृद्धि हुई है और उत्पादकता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। तीव्र शहरीकरण और हरित स्थानों की कमी के कारण 'अर्बन हीट आइलैंड इफेक्ट' उत्पन्न हुआ है, जिससे तापमान और ऊर्जा की मांग में वृद्धि हुई है। शहरी विकास के साथ होने वाला एक बड़ा बदलाव ऊर्जा और पानी की बढ़ती मांग है। पानी और बिजली की खपत में यह अनुमानित वृद्धि सीधे भविष्य की शहरी आबादी की वृद्धि से संबंधित है - शहरी लोग काफी अधिक पानी और ऊर्जा का उपयोग करते हैं। कहा जा सकता है कि शहरी विकास के कारण होने वाले तीव्र परिवर्तन भी अस्थिर करने वाले हो सकते हैं, यदि उनका प्रबंधन ठीक से न किया जाए। ऐसे में भारत के शहरी परिदृश्य से संबंद्ध चुनौतियों की बात की जाए तो भारत में शहरी नियोजन के लिए एक ऐसे सूक्ष्म दृष्टिकोण को अपनाना समय की मांग है, जो आर्थिक विकास, सुरक्षा और नागरिकों के हित के बीच संतुलन स्थापित करता हो। यानि भारत में शहरी विकास की चुनौतियों से निपटने के लिए व्यापक रणनीतियों की आवश्यकता है।

# जैविक खेती की बढ़ती स्वीकार्यता



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वस्तुत: जैविक या आर्गेनिक खेती के लिए पहला वैज्ञानिक दृष्टिकोण उतर वैदिक काल 1000 ईसा पूर्व से 600 ईसा पूर्व के वेदों में देखा जा सकता है। वास्तव में यह पारंपरिक भारतीय खेती ही है, जो सदियों से हम अपनाते आ रहे थे। वैश्विक स्तर पर इसका प्रारंभ 20 वीं सदी की शुरुआत में तेजी से बदलती कृषि पद्धतियों की प्रतिक्रिया स्वरूप हुई। आज जैविक कृषि लगभग 70 मिलियन हेक्टेयर में की जाती है।

खेती के आधुनिकीकरण, मशीनीकरण और अधिक उत्पादन के लिए अपनाए जाने वाले रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से एक ओर खाद्यान्न उत्पादन में तेजी से वृद्धि हुई है, जो बढ़ती जनसंख्या को खिलाने के लिए आवश्यक भी था, परंतु दूसरी ओर इसने पर्यावरण, भूमि प्रदूषण, जल प्रदूषण और खाद्य स्वास्थ्य को क्षति पहुंचाकर मनुष्य के स्वास्थ्य पर खतरनाक असर भी डाला है।

कीटनाशकों का व्यापक स्तर पर प्रयोग, मिट्टी का कटाव और अन्य समस्याएं जलवायु परिवर्तन में विनाशकारी भूमिका निभा रहा है। मिट्टी भी रासायनिक पदार्थों के अत्यधिक उपयोग के चलते काफी अम्लीय हो गई है। इसने मनुष्य जाति को बाध्य किया है कि वो फिर से प्राकृतिक खेती या जैविक खेती या आर्गेनिक खेती की ओर अपना रुख करे। जैविक कृषि अर्थात् कृषि की ऐसी प्रणाली जिसमें रासायनिक खादों एवं कीटनाशक दवाओं का प्रयोग न हो, बल्कि उसके स्थान पर जैविक खाद या प्राकृतिक खादों का प्रयोग किया जाए। यह कृषि की एक ऐसी पारंपरिक विधि है जिसमें भूमि की उर्वरता में सुधार होने के साथ ही पर्यावरण प्रदूषण भी कम होता है। जैविक खेती से जैव विविधता के संरक्षण में सहायता मिलती है।

जैविक खेती के तीन मूलाधार हैं। पहला है परस्पर निर्भरता। जैविक खेती में एक खेत को पारिस्थिकी तंत्र के रूप में देखा जाता है और यह माना जाता है कि एक खेत पर किया गया परिवर्तन दूसरे खेत में प्रभाव अवश्य डालेगा। जैविक खेती का दूसरा सिद्धांत है विविधता। यह जैविक खेती मृदा में पोषक तत्वों में संतुलन बनाए रखने के लिए किया जाता है। जैविक खेती का तीसरा सिद्धांत है पुनः चक्रण है अर्थात् दुबारा से प्रयोग करना। इसमें पौधों व पशुओं के अवशेष पुनः प्रयोग में आ जाने के कारण खेतों के पोषक तत्वों को बनाए रखने में सहायक होते हैं। जैविक खेती में पानी का उपयोग कम होता है, जो जल संरक्षण को बढ़ावा देता है। रासायनिक खाद पर निर्भरता कम होने से लागत में कमी आती है और सरकार पर सब्सिडी का बोझ कम होता है। बढ़ती स्वास्थ्य चिंता के दृष्टिगत बाजार में जैविक उत्पादों की मांग निरंतर बढ़ने से किसानों की आय में भी निरंतर वृद्धि हो रही है।



जैविक खाद के उपयोग करने से भूमि की गुणवत्ता में सुधार आता है। भूमि की जल धारण क्षमता एवं भू जल स्तर में वृद्धि होती है। मिट्टी, खाद्य पदार्थ और जमीन में पानी के माध्यम से होने वाले प्रदूषण में कमी आती है। कचरे से खाद बनाने के चलते उससे होने वाली बीमारियों में कमी आती है।

वस्तुतः जैविक या आर्गेनिक खेती के लिए पहला वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्तर वैदिक काल 1000 ईसा पूर्व से 600 ईसा पूर्व के वेदों में देखा जा सकता है। वास्तव में यह पारंपरिक भारतीय खेती ही है, जो सदियों से हम अपनाते आ रहे थे। वैश्विक स्तर पर इसका प्रारंभ 20 वीं सदी के शुरुआत में तेजी से बदलती कृषि पद्धतियों की प्रतिक्रिया स्वरूप हुई। आज जैविक कृषि लगभग 70 मिलियन हेक्टेयर में की जाती है जिसमें से आधे से अधिक ऑस्ट्रेलिया में ही हैं। पिछले 10 वर्षों के दौरान जैविक खेती के अंतर्गत क्षेत्र, शोध तथा प्रकृति में उल्लेखनीय परिवर्तन दर्ज किया गया है।

2003-04 के दौरान प्रामाणिक जैविक खेती के अंतर्गत भारत में 42 हजार हेक्टेयर खेत आता था, जो 2008-09 में लगभग 25 गुना बढ़कर 1.2 मिलियन हेक्टेयर हो गया। मार्च 2022 तक लगभग 4.7 मिलियन हेक्टेयर तक पहुंच गया है, जो दुनिया में पांचवां सबसे बड़ा है। कुल कृषि भूमि में जैविक खेती के लिए उपयोग की जाने वाली भूमि का हिस्सा 1.5 प्रतिशत है और पिछले दस वर्षों में भारत ने खेती के अंतर्गत अपनी जैविक कृषि भूमि में 145.1 प्रतिशत की वृद्धि की है। आर्थिक सर्वेक्षण 2022-2023 के अनुसार भारत में 4.43 मिलियन जैविक किसान हैं, जो दुनिया में सबसे अधिक हैं। भारत में मध्य प्रदेश जैविक खेती के क्षेत्रफल में सबसे आगे है। उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में भी पिछले एक दशक में किसानों का जैविक खेती के प्रति आकर्षण बढ़ा है और सरकारी व गैर सरकारी प्रयासों के परिणामस्वरूप जैविक खेती का क्षेत्रफल 13 गुना से ज्यादा बढ़ गया है। बीते छह सालों में जैविक खेती करने वाले किसानों की संख्या में भी 10 गुना से ज्यादा की वृद्धि हुई है। जनवरी 1994 की सेवाग्राम घोषणा के बाद से भारत में जैविक खेती का तेजी से विस्तार हुआ है। राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत मानक और प्रमाणीकरण कार्यक्रम स्थापित किया गया है।

राष्ट्रीय जैविक खेती परियोजना के अंतर्गत जैविक प्रबंधन के प्रचार-प्रसार तथा जैविक खेती क्षेत्र के विस्तार हेतु अनेक योजनाएं शुरू की गई हैं। नौ से अधिक राज्यों ने जैविक खेती संबंधित कार्यक्रम को अपनाया। उत्तराखंड, नागालैंड, मिजोरम, सिक्किम आदि राज्यों में इसका तेजी से विस्तार हुआ है। किसानों को अपनी जैविक उत्पादों की जानकारी, विक्रय और विपणन के लिए जैविक खेती पोर्टल बनाया गया है, जहां लगभग 6.23 लाख किसानों ने पंजीयन किया है। पूंजी निवेश सब्सिडी योजना जिसके तहत आर्थिक सहायता देने के साथ-साथ कचरा प्रबंधन, जैविक अवशेषों को उर्वरक व खाद में परिवर्तन की विधि का ज्ञान दिया जाता हैं। जैविक उत्पादों की पहचान हेतु सरकार द्वारा जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण के उपरांत 'इंडिया ऑर्गेनिक' मार्क लगाया जाता है, जो उत्पादों के जैविक मानकों पर खरा होने की गारंटी है। जैविक खेती के विस्तार और विकास में एफपीओ और एफपीसी सदृश कृषि उत्पाद संगठनों का महत्वपूर्ण योगदान है।

प्रोत्साहन के बावजूद जैविक खेती किसानों में लोकप्रिय नहीं हो पा रही है, क्योंकि ऐसी अवधारणा है कि रासायनिक खेती छोड़कर आर्गेनिक खेती करने पर शुरुआती सालों में फसल की उत्पादकता कम हो जाती है। हालांकि भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने 'जैविक खेती से उत्पादन की कमी' की बात तो सिरे से नकार दिया है। वस्तुतः केमिकल फार्मिंग के मुकाबले जैविक खेती की उत्पादकता 20 से 25 प्रतिशत तक ज्यादा है। जैविक विधि से चावल की 12.82 प्रतिशत, गेहूं की 28.57 प्रतिशत, मूंगफली की 28.57 प्रतिशत, सोयाबीन की 45.09 प्रतिशत और फल-सब्जियों की उत्पादकता में 7.14 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है।

शोधों के अनुसार रसायनों के बढ़ते प्रयोग से ऑर्गेनिक कार्बन की मात्रा कम होती जा रही है। हरित क्रांति से पहले गंगा के मैदानी इलाकों में 0.5 प्रतिशत ऑर्गेनिक कार्बन उपलब्ध था, जो आज घटकर 0.2 प्रतिशत ही रह गया है। ये बंजर होती जा रही भूमि का सूचक है, जिसे जैविक खेती करके ही ठीक किया जा सकता है। जैविक खेती का सबसे बड़ा लाभ है कि रासायनिक उर्वरकों, पेस्टीसाइड्स के उपयोग न होने से खेती की लागत कम हो जाती है और दूसरी ओर बाजार में ऑर्गेनिक उत्पाद ज्यादा दाम पर बिकते हैं। जैविक खेती करने से ऑर्गेनिक कार्बन की मात्रा बढ़ती है, मिट्टी में जीवांशों की संख्या बढ़ने के साथ-साथ उर्वरता भी बढ़ जाती है। जैविक खेती से जमीन में भूजल स्तर बेहतर बनता है और मिट्टी में नमी कायम रहती है। मिट्टी से पानी का वाष्पीकरण भी नहीं होता और सिंचाई की कम ही आवश्यकता होती है।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2014-2020 अर्थात् 6 वर्ष की अवधि में जैविक उत्पादों की मांग 8.7 प्रतिशत तक बढ़ गई है जिसमें हर साल वृद्धि दर्ज हो रही है। यह किसानों के लिए अच्छा संकेत है, क्योंकि उनके खेत से निकले जैविक कृषि उत्पादों को सिर्फ भारत में ही नहीं, विदेशों में भी पसंद किया जा रहा है। भारत में जैविक खेती का उत्पादन पूर्व वर्षों की तुलना में वर्ष 2022-23 में बढ़कर 2.90 मिलियन मीट्रिक टन हो गया है।

जैविक उत्पादों की मांग में इसी प्रकार वृद्धि होती रही तो अमेरिकी कृषि विभाग के अनुसार भारत का जैविक उत्पाद बाजार-खाद्य और पेय पदार्थ, स्वास्थ्य और कल्याण, सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल, तथा वस्त्र सहित, वर्ष 2026 तक बढ़कर 10.1 बिलियन डॉलर का हो जाएगा। जैविक खाद्य पदार्थों का वैश्विक बाजार लगभग 135 बिलियन डालर का जिसमें भारत का योगदान अभी सिर्फ 700 मिलियन डॉलर का है। स्वाभाविक रूप से इसमें विस्तार और वृद्धि की अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

## प्रसंगवश

# ध्यान:शास्त्रीय और राजनीतिक

अष्टांग योग मार्ग में 'ध्यान' सप्तम सोपान है। महर्षि पतंजलि के अनुसार इसके पहले के सोपान यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार और धारणा हैं। ध्यान के बाद अंतिम सीढ़ी है 'समाधि', जहां आत्मा का परमात्मा से तादात्म्य हो जाता है, संसार छूट जाता है और जीव अखंड आनंद की स्थिति में हो जाता है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

भगवान कृष्ण से बड़ा कोई योगविद नहीं हुआ। वे योगेश्वर हैं। गीता में उन्होंने ध्यान के लिए व्यवस्था दी है कि एकांत और शुचि स्थान में वस्त्र नीचे, फिर मृगचर्म और ऊपर कुश रखकर आसन लगाएं। शास्त्रीय व्यवस्था तो यही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार समाप्त करके कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल पर 30 मई की शाम से 45 घंटे के लिए ध्यानावस्थित होने चले गए। यह विश्व भर में प्रचारित हुआ और कैमरों ने पल-पल के फोटो कैद किए। सर्वविदित है कि यदि देश का सबसे बड़ा शासक न चाहे तो यह कैमरेबाजी नहीं हो सकती, लेकिन ऐसा हुआ और पिछले लोकसभा चुनाव के बाद का केदारनाथ गुफा का उनका ध्यान भी कैमरे की नजर से नहीं बचा था। ऐसे में ध्यान की अनिवार्य शर्त एकांत और शुचिता तो भंग हो ही गई। साथ ही पहले के छह सोपानो यम, नियम आदि का तो कहीं जिक्र आया नहीं। वे तो चुनाव प्रचार में लगे रहे। वे इन सोपानों का पालन कर ही नहीं सकते थे। यौगिक क्रियाओं, मंत्र और बीच में होने वाली अनुभूतियों को बहुत गोपनीय रखने के लिए आचार्यों और मनीषियों ने कहा है। "गोपनीयं गोपनीयं यथा हाटक पेटकम्"।

वन मार्ग में जाते हुए जैसे पथिक स्वर्ण पेटिका को गुप्त रखता है, वैसे ही यह क्रियाएं गुप्त रखी जाती हैं। अन्यत्र कहा गया है कि स्त्री अपनी योनि को जितना प्रच्छन्न रखती है, उतना ही उक्त क्रियाओं, अंतर्वर्ती अनुभवों को प्रच्छन्न रखा जाता है। यह प्रचार और फोटो वायरल कराने के विषय नहीं हैं। एक बात और, ध्यान के बाद वैसे अंतिम सीढ़ी समाधि होती है, किंतु इस केस में ऐसा नहीं होगा। वे फिर से सांसारिकता और राजकाज में लग जाएंगे। ऐसे में हमें शास्त्रीय और राजनीतिक ध्यान पद्धति को अलग-अलग करके देखना होगा।

# कौन बनेगा प्रधानमंत्री, किसकी बनेगी सरकार



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

योगेंद्र यादव के मुताबिक इन चुनावों में भाजपा को 240-260 और एनडीए के साथी दलों को 35-45 सीटें मिल सकती हैं।

अब कयास लगेंगे कि देश में आने वाले समय में कौन सी पार्टी या गठबंधन की सरकार बनेगी? देश का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा? पहले की तरह से लोकसभा चुनावों की घोषणा के समय से ही राजनीतिक विश्लेषकों से लेकर ज्योतिषियों ने बताना शुरू कर दिया था कि देश को किस तरह के नतीजे मिलेंगे। सभी दलों के अपने-अपने दावे हैं।

पहले बात करते हैं चोटी के राजनीतिक चिंतक बताने वाले योगेंद्र यादव की। वे राहुल गांधी की एक पदयात्रा में भी शामिल हुए थे। योगेंद्र यादव के मुताबिक इन चुनावों में भाजपा को 240-260 और एनडीए के साथी दलों को 35-45 सीटें मिल सकती हैं। देश में सरकार बनाने के लिए 272 सीटें चाहिए। इस बीच मुंबई के जाने-माने लेखक और ज्योतिषी और स्तंभकार पंडित जेपी त्रिखा पिछले कम से कम दो लोकसभा चुनावों की सटीक भविष्यवाणी कर चुके हैं। उन्होंने 2014 और 2019 में एनडीए की सफलता की भविष्यवाणी कर दी थी। उन्होंने ज्योतिष विद्या के आधार पर 2024 के लोकसभा चुनावों के परिणामों पर भी गहन शोध के बाद अपनी भविष्यवाणी कर दी है।

पंडित त्रिखा कहते हैं, "मेरा ज्योतिष अध्ययन स्पष्ट रूप से कहता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक सीटें जीतने वाली पार्टी बनने जा रही जा रही है। हां, नई सरकार के सामने लगातार चुनौतियां आती रहेंगी। नई सरकार को चुनौतियां का संभलकर सामना करना होगा।" इस बीच लोकनीति के संदीप शास्त्री ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर तो इस बार देश में 'मोदी लहर' देखने को नहीं मिली, लेकिन राज्यों में छोटी-छोटी लहरें जरूर हैं। राज्यों में 'मोदी हवा के झोंके', जरूर चल रहे हैं। 2004 का चुनाव परिणाम सामने आने के बारे में अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था- "कौन क्यों जीता पता नहीं और कौन क्यों हारा वो भी पता नहीं"। इस बार भी कुछ ऐसी ही स्थिति देखने को मिल रही है। वहीं, भाजपा का आंकड़ा 304 से ऊपर रहता है या नीचे जाता है, यह दो राज्य तय करेंगे। ये राज्य महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल हैं। संदीप शास्त्री ने इशारों ही इशारों में बता दिया कि देश में फिर एक बार मोदी सरकार आ सकती है।

हालांकि ये भी सच है कि इंडिया गठबंधन के नेता जैसे राहुल गांधी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद, समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव वगैरह सब दावा कर रहे हैं कि देश में इस बार मोदी सरकार नहीं बनने जा रही है। इनका कहना है कि गठबंधन को 300 सीटें मिलने जा रही हैं। ये कह रहे हैं कि भाजपा को सिर्फ 220 सीटें मिल सकती हैं। प्रख्यात पॉलिटिकल कमेंटेटर और डेटा साइंटिस्ट सुरजीत भल्ला कह रहे हैं कि भाजपा को इस चुनाव में 350 तक सीटें मिल सकती हैं।

पंडित त्रिखा के अनुसार, " नरेंद्र मोदी की चंद्र राशि वृश्चिक है। उनका जन्म 17 सितंबर, 1950 को हुआ था। वे मंगल ग्रह से शासित हैं। वृश्चिक राशि वाले बहुत बुद्धिमान और चतुर होते हैं और उनमें नेतृत्व करने के गुण होते हैं। वे जन्मजात नेता होते हैं। मोदी जी ने इसे बार-बार साबित किया है।" बता दें कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन भी वृश्चिक राशि के हैं। वृश्चिक राशि के नेताओं को अक्सर उनके दृढ़ संकल्प के लिए जाना जाता है।

इस बीच चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर कांग्रेस को लेकर दावा कर रहे हैं कि 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी तीन अंकों के आंकड़े तक नहीं पहुंचेगी। इसके साथ ही वे इस बात पर भी जोर दे रहे हैं कि भाजपा इस बार 2019 के आम चुनावों में प्राप्त अपनी सीटें दोहराने जा रही है या उससे भी आगे निकल सकती है। जब उनसे पूछा गया कि उन्हें भाजपा की तरफ से कितनी सीटें जीतने की उम्मीद है तो प्रशांत किशोर ने कहा कि मेरे पास जो भी अवलोकन और अनुभव है, उसके आधार मुझे नहीं लगता कि भाजपा की संख्या 2019 में जहां थी, वहां से कम हो जाएगी। वे दावा कर रहे हैं कि 2019 में भाजपा के पास जो संख्या थी, कमोबेश वही संख्या मुझे दोहराती हुई दिख रही है या शायद यह और भी बेहतर हो जाएगी।

यद्यपि उनके दावों पर बहुत बवाल भी मचा हुआ है। उनकी राय से इत्तेफाक न रखने वाले उन पर तमाम तरह के आरोप भी लगा रहे हैं। वैसे लोकसभा चुनाव के नतीजों की आधिकारिक घोषणा से पहले तो सिर्फ अनुमान ही लगाए जा सकते हैं। ये सब लोकतंत्र का हिस्सा हैं।

## सोशल फोरम

# एक स्वस्थ्य समाज के लिए



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

मेरा स्पष्ट मानना है कि बच्चों की सारी पढ़ाई कोएड में ही होनी चाहिए। लड़के-लड़कियों के अलग स्कूल खत्म हो जाने चाहिए। सातवीं क्लास तक मैंने भी कोएड में ही शिक्षा ग्रहण की। जब विपरीत लिंग को सही में समझने की जरूरत थी। तब मुझे केवल लड़कों के स्कूल में भर्ती होना पड़ा। वहां जिस बात से सबसे पहले वास्ता पड़ा वो थी गालियां, लेकिन इतने विशाल ज्ञान भंडार के होते हुए भी आज तक कभी गाली निकालने का साहस नहीं कर पाया। ये सारा ज्ञान और समृद्ध शब्दकोश बेकार ही जा रहा है। खैर तो मैं बात कर रहा था कोएड की शिक्षा की। आप एक बात नोट कीजिए कि पुरुषों के समूह में एक स्त्री या स्त्रियों के समूह में एक पुरुष को रख दीजिए। तो पूरे समूह के व्यवहार में अभूतपूर्व परिवर्तन आ जाता है। लोग थोड़ा ज्यादा सलीकेदार, सभ्य और शरीफ दिखने की कोशिश करने लगते हैं और दोनों लिंगों को एक दूसरे को समझने बुझने के बेहतर मौके मिलते हैं। एक झिझक, एक संकोच सा जो दोनों के मन मे एक दूसरे के लिए होता है, वो दूर हो जाता है। लोग प्रेमी प्रेयसी के अतिरिक्त मित्रता के धरातल पर भी संबंध बनाने की सोचते हैं।

दोनों को अलग-अलग बाड़ों में रख पढ़ाने-लिखाने से बेहतर इन्हें एक ही बाड़े में रख एक दूसरे के लिए बेहतर समझ विकसित करने के मौके दिए जाएं, ताकि मानसिक रूप से एक परिपक्व समाज का निर्माण हो सके। मेरी पीढ़ी के बहुत लोग इस आपसी समझ को विकसित करने से वंचित रह गए। हमारे साथ के मित्रों को तो लड़की किसी एलियन के समान लगती थी। क्या बात करूं, कैसे करूं, कहां से शुरू करूं... तब तक लड़की ये जा और वो जा। ऐसा ही हाल कुछ उधर भी रहता था। आज के बच्चों में ये झिझक देखने को नहीं मिलती। उस वक्त कुछ एक्स्ट्रा स्मार्ट लड़के लड़की ही इससे बरी थे। वरना बाकी सब तो विपरीत लिंगी को देख मिमियाने लगते थे।

आज दोनों के बीच का भेद जब मिट रहा हो तो कोएड को शुरुआत से ही बाध्यकारी कर दोनों को एक दूसरे के प्रति एक बेहतर नजरिया विकसित करने के अवसर दिए जाने चाहिए। एक स्वस्थ्य समाज के लिए ये आज की जरूरत है। **-फेसबुक वॉल से**

# ईमानदार आदमी बेवकूफ होता है



अनूप शुक्ल
कानपुर

एक बच्ची के हाथ में एक छोटा पक्षी दुबका सा बैठा था। बच्चों ने उसे रास्ते से उठाया था। पक्षी की पीठ में हल्का सा घाव था। उसकी हड्डियां दिख रहीं थीं। शायद किसी बड़े पक्षी ने उस पर हमला किया होगा।

सुबह नींद खुली साढ़े तीन बजे। मतलब तब जब ब्रह्ममुहूर्त भी ड्यूटी पर हाजिर नहीं हुआ था। कई लिखाई-पढ़ाई के काम याद आए। उनको याद करके फिर पलट के सो गए। सोचा थोड़ा और सो लिया जाए फिर उठा जाएगा। मतलब नींद की 'एक बाइट' और ले ली जाए। थोड़ा सोने के बाद नींद खुली तो पांच बज गए थे। मतलब नींद की 'एक बाइट डेढ़' घंटे की हुई।

'नींद की बाइट' भी हर एक के लिए अलग-अलग होती है। किसी की घंटे भर की, किसी की पांच मिनट की। यह तो बात हुई नींद की। उनके क्या हाल होते होंगे जिनको नींद नहीं आती या कम आती है। उनकी भी क्या 'उनींदे' की 'अनींद' की बाइट होती होगी? जगने के बाद टहलने निकले। सड़क पर इक्का-दुक्का लोग टहल रहे थे। पंछी हल्ला मचा रहे थे। क्या पता कह रहे हों हमारा नाम लेते हुए -'निकल लिया, निकल लिया आज भी टहलने निकल लिया।' सामने से एक महिला बीच सड़क पर टहलती आ रही थी। हाथ में छुटका तौलिया लिए थी। शायद पसीना पोंछने के लिए। पसीना अभी आया नहीं था, लेकिन महिला तौलिया चेहरे पर घुमाती जा रही थी। शायद पसीना सुखाने की नेट प्रैक्टिस कर रही हो। यह भी हो सकता है संभावित पसीने को धमका रही हो-'खबरदार, जैसे ही निकले, सुखा दिए जाओगे।'

एक दूसरी महिला टहलते हुए बगल से गुजरी तो दिखा की उसके कान में ईयरप्लग ठुंसा था और वह कोई प्रवचन टाइप सुन रही थी। बगल से गुजरते हुए प्रवचन के बोल मेरे भी कानों में जबरियन धंस गए। प्रवचनिया कह रहा था-'काम, क्रोध, मद, लोभ से बचकर रहना चाहिए।' महिला जब यह सुन रही थी तब वह इन सभी तथाकथित विकारों से एकदम मुक्त थी। कोई इंसान जब काम, क्रोध, मद, लोभ आदि विकारों से मुक्त हो तब उसको उनसे बचने के लिए कहा जाए तो सहज रूप से इनके बारे में सोचेगा। आगे के पार्क के बाहर पुलिया पर बैठे कुछ लोग अपने शरीर को टेढ़ा-मेढ़ा करते हुए बतिया भी रहे थे। एक की आवाज सुनाई पड़ी -'ईमानदार आदमी को कमजोर समझते हैं। सब समझते हैं कि ईमानदार आदमी बेवकूफ होता है। पहले ऐसा नहीं होता था।' 'ईमानदार' को 'ईमानदार' कहते हुए पूरे आत्मविश्वास से ईमानदारी को बेवकूफी का सीधा कनेक्शन करवा रहे थे। अगले ने भी कुछ कहा होगा। हम सुन नहीं पाए। हमको बस यही दिखा कि वह अपने पेट को कपड़े की तरह निचोड़ते हुए कसरतिया रहा था। वहीं सामने के पार्क में कुछ महिलाएं भी बच्चों के साथ हाथ और पेट घुमाते हुए कसरत कर रहीं थीं। चौराहे पर एक 'स्लिमिंग सेंटर' वाले अपना होर्डिंग लगाए खड़े थे। पतला होने की तरकीब बताने के लिए। कोर्स करवाने के लिए। एक आदमी ने अपना पुराना फोटो दिखाया जिसमें वह काफी स्वस्थ दिख रहा था। अभी वह 'स्लिम-ट्रिम' टाइप दिख रहा था। बताया कि ये थे ये हो गए हैं। हमको बोला -'खाली टहलने से नहीं होगा। खानपान ठीक करना होगा।' अपन आगे बढ़ गए। हड़बड़ी में वजन नहीं कम करना। फैट बुरा मान जाएगा। आहिस्ते से कम करेंगे। फुसलाते हुए। इतने दिन साथ दिया उसने मेरा। अब हम उसको झटके से दफा कर दें। ऐसे बेवफा हम हरगिज नहीं। लौटते हुए एक रेलिंग पर कुछ बच्चे बैठे दिखे। कल भी दिखे थे, लेकिन कल बात नहीं हुई थी। आज पास खड़े होकर बात की। पता चला कि स्कूल के घरों में रहते हैं। टहलने आए हैं तो आराम करने के लिए बैठ गए रेलिंग पर। रेलिंग पर बैठना बच्चों के थकने से ज्यादा बतियाने की मंशा से रहा होगा। तसल्ली से बतिया रहे थे वे। एक बच्चा अपना मोबाइल में कोई वाल पेपर छांट रहा था। हमने सबको रेलिंग पर बिठाकर फोटो खींचा। दिखाकर कहा -'इसे बना लो वाल पेपर। बच्चे मेरी बात पर हंसने लगे। हमको लगा कि देश में हमारा जिक्र करते हुए इस बात पर बहस न छिड़ जाए कि एक और भी नमूना है देश में जिस पर लोग हंसते हैं। एक बच्ची के हाथ में एक छोटा पक्षी दुबका सा बैठा था। बच्चों ने उसे रास्ते से उठाया था। पक्षी की पीठ में हल्का सा घाव था। उसकी हड्डियां दिख रहीं थीं। शायद किसी बड़े पक्षी ने उस पर हमला किया होगा। बच्ची कह रही थी-'इसे घर ले जाएंगे। इलाज करेंगे।' बच्चों से बात करने के बाद घर लौट आए। हमको पुलिया पर बैठे आदमी की बात याद आ रही है-'ईमानदार आदमी बेवकूफ होता है।' क्या सच में ऐसा होता है?

# गांधीजी ने ग्यारह बार देखी काशी



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी का वाराणसी से आत्मीय लगाव था। 1902 से 1942 तक चार दशक के कालखंड में राष्ट्रपिता ने वाराणसी का 11 बार दौरे किए थे। इस दौरान उन्होंने करीब सवा महीने तक काशी की पवित्र धरा पर विश्राम किया था। गांधी जी का काशी, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रेणता महामना मदनमोहन मालवीय जी एवं बीएचयू के साथ विशेष लगाव था। आत्मीयता थी। गांधी जी 22-23 फरवरी, 1902 में पहली बार काशी पधारे। तब वे काशी के एक पंडे के निवास स्थान में रुके। गांधीजी ने गंगा स्नान किया। भगवान श्रीविश्वनाथ जी के दर्शन किए और एनी बेसेंट से भेंट की।

गांधीजी ने काशी का दूसरा दौरा 1916 में किया। तब वे बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना समारोह में भाग लेने के लिए 3 फरवरी, 1916 को वाराणसी गए। गांधीजी ने 3 फरवरी को भगवान श्री विश्वनाथ जी के दर्शन किए। 4 फरवरी, 1916 को उन्होंने हिन्दू विश्वविद्यालय स्थापना समारोह में प्रतिभाग किया। वहां भाषण दिया। 5 फरवरी को काशी में नागरी-प्रचारिणी सभा में भाषण दिया। 8 फरवरी, 1916 तक गांधीजी काशी में ही रहे। चार साल बाद 21 फरवरी, 1920 को गांधीजी ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों की सभा में भाग लिया और विश्वविद्यालय के छात्रों को संबोधित किया। इसी साल 30 मई, 1920 को गांधीजी वाराणसी गए। उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की बैठक में भाग लिया। दो दिन तक वाराणसी में रहे। इसी वर्ष नवंबर के महीने में गांधीजी पुनः वाराणसी गए। 25 से 27 नवंबर, 1920 तक यहीं रहे। इस दौरान उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों की सभा में भाग लिया। 9 फरवरी, 1921 को गांधीजी ने वाराणसी के टाउन हॉल के मैदान में आयोजित सार्वजनिक सभा में भाषण दिया और अगले दिन 10 फरवरी, 1921 को काशी विद्यापीठ के शिलान्यास कार्यक्रम में शिरकत की। गांधीजी 17 अक्टूबर, 1925 को वाराणसी के दौरे पर गए। यह उनका सातवां काशी दौरा था। उन्होंने काशी विद्यापीठ की सभा में भाषण दिया। करीब डेढ़ साल बाद फरवरी, 1927 को गांधीजी काशी गए। 7 एवं 8 फरवरी, 1927 को वहीं रहे। इस दौरान उन्होंने गांधी आश्रम के वार्षिक समारोह में भाग लिया। गांधीजी का 1934 का वाराणसी दौरा सबसे अधिक दिनों का था। इस वर्ष वे 27 जुलाई से 2 अगस्त, 1934 तक वाराणसी में रहे। 28 फरवरी को गांधीजी काशी विद्यापीठ गए। 29 फरवरी को उन्होंने जिलों के प्रतिनिधि मंडलों से भेंट की। गांधीजी ने 30 जुलाई, 1934 को काशी में 'मौन दिवस' मनाया। अगले रोज सार्वजनिक सभा को संबोधित किया। 1 अगस्त, 1934 को हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों ने गांधीजी को मानपत्र भेंट किया। इसी दिन गांधीजी ने कांग्रेस पार्टी की बैठक में भाग लिया। महिलाओं की सभा की। 2 अगस्त को गांधी जी ने कबीर मठ का निरीक्षण किया। इसी दिन काशी की पंडित मंडली ने गांधीजी को मानपत्र भेंट किया। अक्टूबर, 1936 में गांधी जी ने वाराणसी में भारत माता मंदिर का उदघाटन किया। कला भवन का निरीक्षण भी किया। जनवरी, 1942 में गांधी जी पुनः वाराणसी दौरे पर गए। यह गांधी जी की ग्यारहवीं काशी यात्रा थी। 21 जनवरी, 1942 को उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की जयंती समारोह में प्रतिभाग किया। 22 जनवरी, 1942 को कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

## कैबिनेट मंत्री पर हमले के सभी आरोपियों को मिली जमानत

**संतकबीरनगर, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डाक्टर संजय निषाद पर एक वैवाहिक समारोह के दौरान हमला हो गया था। इस मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी राधेश्याम यादव सहित सभी आरोपियों को एक माह बाद गुरुवार को न्यायालय ने जमानत दे दी।

खलीलाबाद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मोहम्मदपुर कठार निवासी हरीराम निषाद के पुत्री की 21अप्रैल को शादी थी। वैवाहिक समारोह में डाक्टर संजय निषाद भी शामिल होने पहुंचे थे। इसी बीच द्वारपूजा के बाद जयमाल कार्यक्रम के दौरान वे वरवधु को आशीर्वाद देने पहुंच गए। मंत्री स्टेज के सामने बैठ कर गांव वालों से चर्चा कर ही रहे थे कि तभी कुछ लोग शिकायत लेकर पहुंचे। इसी शिकायत को लेकर विवाद काफी बढ़ गया। इस विवाद में हाथापाई के दौरान कैबिनेट मंत्री की नाक पर चोट लगने से वह घायल हो गए थे। जिन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था।

# एनटीपीसी, सिंगरौली में इकाइयां ठप, बिजली संकट और गहराया

## यूपी समेत कई राज्यों की भी बिजली आपूर्ति हुई प्रभावित

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ, रायबरेली

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में बढ़ी हुई बिजली की मांग के बीच एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में पांच सौ मेगावाट की इकाई व सिंगरौली की पांच सौ मेगावाट की इकाई तकनीकी खराबी के कारण बंद हो गई है। इस कारण प्रदेश समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में बिजली संकट गहरा गया है। इससे पूर्व अनपरा और पारीछा की इकाईया भी ठप हो गईं थी।

ऊंचाहार परियोजना में पांच सौ मेगावाट क्षमता वाली इकाई संख्या छह में शुक्रवार की सुबह खराबी आ गई। इकाई के ब्वायलर ट्यूब में गैस रिसाव हो रहा था। यह रिसाव गुरुवार से शुरू हुआ था, पर शुक्रवार की सुबह रिसाव इतना बढ़ गया कि



इकाई को बंद करना पड़ा। इसके बंद होने से उन राज्यों में बिजली आपूर्ति पर असर पड़ा है, जिन राज्यों को ऊंचाहार परियोजना से बिजली आपूर्ति की जाती है। इकाई बंद होने के बाद ब्वायलर के तापमान को सामान्य किया जा रहा है ताकि इसके मरम्मत का काम हो सके।

ऊंचाहार परियोजना में कुल छह इकाइयां स्थापित है। इसमें पांच इकाइयों में प्रत्येक इकाई की उत्पादन क्षमता 210 मेगावाट है, जबकि छठी यूनिट की उत्पादन क्षमता पांच मेगावाट है। ऊंचाहार परियोजना से देश के उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश समेत कुल नौ राज्यों को बिजली आपूर्ति की जाती है। बंद हुई दोनों इकाइयों के तीन जून तक चालू होने की संभावना जताई जा रही है।

### 29,129 मेगावाट पहुंची बिजली की मांग

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार प्रदेश में शुक्रवार को 29,129 मेगावाट अधिकतम बिजली की मांग रिकॉर्ड की गई। लगातार बिजली की मांग बढ़ने से एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात की जा रही है। पर स्थानीय खराबियों के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाके बिजली की किल्लत से जूझ रहे हैं।

## मेरठ में मेडिकल कॉलेज के ऑपरेशन थिएटर में लगी आग

**मेरठ, एजेंसी :** मेरठ के लाला लाजपत राय मेमोरियल मेडिकल कॉलेज के ऑपरेशन थिएटर में शुक्रवार सुबह आग लग गई जिससे एक करोड़ रुपये मूल्य का सामान जलकर राख हो गया। कोई हताहत नहीं हुआ है। पुलिस ने बताया कि घटना के समय ऑपरेशन थिएटर में मरीज या चिकित्सक मौजूद नहीं थे। सूचना पाकर मौके पर दमकल विभाग की टीम पहुंच गई और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग को बुझा लिया गया।

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरसी गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब 7.30 से आठ बजे के बीच गायनी (महिला रोग विभाग) के ऑपरेशन थिएटर में लगे एसी में चिंगारी उठने के कारण आग लगी। प्राचार्य ने कहा कि हादसे की जांच के लिए उन्होंने एक कमेटी गठित की है। जांच में यदि कोई मेडिकल कर्मी दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# अधिकारी समेत 6 लोग गैंगस्टर व हत्या में दोषी करार, 3 को सुनवाई

अयोध्या कार्यालय

- सभी को दोषी पाते हुए न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेजा

**अमृत विचार :** शहर के बहुचर्चित विजय कुमार गुप्ता हत्याकांड में कलक्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारी रामकृष्ण तिवारी समेत छह लोगों को कोर्ट ने गैंगस्टर और हत्या समेत अन्य धाराओं में दोषी पाते हुए न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया। सजा के प्रश्न पर सुनवाई तीन जून को होगी। फैसला विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर कोर्ट के जज मोहिंदर कुमार की अदालत से शुक्रवार को हुआ।

गिरोह बंद अधिनियम के विशेष लोक अभियोजक विकास शुक्ला और जितेंद्र तिवारी ने बताया कि घटना 25 अप्रैल 2000 की है। कोतवाली नगर के साहबगंज मोहल्ला निवासी श्यामसुंदर गुप्ता के भतीजे विश्वनाथ और गगन उर्फ गोगा श्रीवास्तव के बीच पान खाकर थूकने के मामले को लेकर विवाद हो गया था। गोगा ने यह बात अपने घर बताई। इसके बाद श्रीकृष्ण तिवारी (भाजपा नेता), रामकृष्ण तिवारी (वर्तमान में कलेक्ट्रेट में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी), राजन उर्फ़ हरि कृष्ण तिवारी, गगन उर्फ गोगा श्रीवास्तव, साजिद व अजय कुमार द्विवेदी असलहा व तलवार से लैस होकर घटनास्थल पर पहुंचे। लाइसेंसी बंदूक व तमंचे से फायरिंग कर दी। गोली लगने से विजय कुमार गुप्ता और उनके पिता श्याम सुंदर गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गये। परिवारीजनों ने दोनों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने विजय कुमार को मृत घोषित कर दिया। इसकी रिपोर्ट घायल श्याम सुंदर के पिता अयोध्या कुमार ने सभी के खिलाफ हमला, हत्या ,जान से मारने की धमकी देने समेत अन्य धाराओं में लिखाई थी। प्रशासन ने भी सभी आरोपियों पर गिरोह बंद अधिनियम के तहत कार्रवाई की थी। विवेचना के बाद पुलिस ने सभी धाराओं में आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया।

## मथुरा में शातिर बदमाश पुलिस अभिरक्षा से फरार

**मथुरा, एजेंसी :** जिले के महाबन क्षेत्र से पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर बदमाश शुक्रवार सुबह पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल हो गया। पुलिस ने बीती रात 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था मगर वह कुछ ही समय पुलिस की गिरफ्त में रहा और शुक्रवार की सुबह 11 बजे के करीब बदमाश चकमा देकर फरार हो गया। थानाध्यक्ष महाबन इंसपेक्टर आशा के अनुसार आज उसे एक्स रे के लिए अस्पताल के एक्स रे रूम में ले जाया गया था। पुलिस को चकमा देकर वह वहीं से भागने में सफल रहा। उन्होंने बताया कि जिले के शेरगढ़ थाने के मई गांव निवासी मनोज उर्फ उत्तम ने 25 मई की देर शाम महाबन थाना क्षेत्र में एक 60 वर्ष से अधिक आयु की महिला को कहीं जाने के लिए लिफ्ट दिया था। वह उसे किसी सुनसान इलाके पर ले गया था जहां पर उसने महिला के साथ बलात्कार किया था और लूट भी की थी।

## सार-संक्षेप

### हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइन्सेज के भर्तियों का विज्ञापन निरस्त किया

**लखनऊ, विधि संवाददाता :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने डॉ. राम मनोहर लोहिया मेडिकल साइन्सेज, लखनऊ में जनरल सर्जरी, ऑर्थोपेडिक्स, अब्स्टेट्रिक्स एंड गॉयनेकोलॉजी, फिजियॉलॉजी, नेफ्रोलॉजी व बॉयोकेमेस्ट्री विभागों के लिए प्रोफेसर्स की भर्ती सम्बंधी 1 दिसम्बर 2023 के विज्ञापन को निरस्त कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह की एकल पीठ ने डॉ. संजय कुमार भट व पाँच अन्य याचियों की याचिका पर पारित किया। याचियों की ओर से अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा ने दलील दी कि उक्त विज्ञापन के जारी किए जाने से पूर्व आरक्षण की प्रक्रिया ही नहीं लागू की गई। याचियों की ओर से यह भी दलील दी गई कि रोस्टर इस तरह से बनाया गया है कि वे स्वयं आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। यह भी कहा गया कि क्रिटिकल कोर यूनिट में अढॉक के टीचर से काम चलाया जा रहा है। मामले में 6 फरवरी को ही आदेश पारित करते हुए, न्यायालय ने भर्तियों को अपने अंतिम आदेशों के आधीन कर लिया था।

### दुष्कर्म के दोषी की सजा को किया कम

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को मिली आजीवन कारावास की सजा को संशोधित करते हुए उसे 14 साल के सश्रम कारावास में बदल दिया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मोहम्मद अजहर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ ने गौरव यादव उर्फ फड़का की याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए पारित किया। कोर्ट ने माना कि दोषी ने पहली बार अपराध किया है और उसके सुधार की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। याची को वर्ष 2017 में विशेष न्यायाधीश, एससी/एसटी अधिनियम, आगरा द्वारा दोषी पाया गया था और आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी, जिसे चुनौती देते हुए याची ने वर्तमान अपील दाखिल की। अभियुक्त के अधिवक्ता ने कोर्ट के समक्ष तर्क दिया कि ट्रायल कोर्ट ने रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्यों का सावधानीपूर्वक अवलोकन नहीं किया है। पीड़िता का खुद वापस आना, अपनी मां को बिना जगाए उनके बगल में सो जाना बहुत ही अस्वाभाविक है, साथ ही रिकॉर्ड पर ऐसा कोई साक्ष्य मौजूद नहीं है, जिससे पता चले कि पीड़िता का यौन उत्पीड़न किया गया था। हालांकि कोर्ट ने अभियोजन पक्ष की गवाही और तर्कों को सुनने के बाद यह निष्कर्ष निकाला कि अभियुक्त की मां सब्जी बेचने वाली बेहद गरीब महिला है तथा अपीलकर्ता अपने परिवार का अकेला कमाने वाला सदस्य है। ऐसे में उसे सुधार का एक अवसर देना उचित है।

### चाइनीज मांझे से अधेड़ की गर्दन कटी, दर्दनाक मौत

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार :** शुक्रवार की देर शाम अपनी बेटी को परीक्षा दिलवाकर बाइक से घर वापस जा रहे एक अधेड़ की गर्दन में हाईवे पर मांझा फंस गया, जिसके उसकी पूरी गर्दन कट गई और बाइक सहित गिर पड़ा। तत्काल आसपास के लोगों ने उसे ई-रिक्शा के माध्यम से सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शाहजहांपुर के थाना सदर बाजार अंतर्गत मऊ वासत निवासी श्रवण कुमार 45 वर्ष अपनी पुत्री को परीक्षा दिलाने के लिए बालामऊ गया था। बाइक से वापस आते समय हाईवे पर भारतीय जीवन बीमा निगम के कार्यालय के निकट उसकी गर्दन में चाइनीज मांझा फंस गया और पूरी गर्दन कट जाने की वजह से श्रवण कुमार मोटरसाइकिल से नीचे गिर गया। पिता की हालत देख उसकी बेटी रोने चीखने लगी, जिसको सुनकर मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई। तत्काल राहगीरों ने घायल श्रवण कुमार को ई-रिक्शा के माध्यम से सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### लू से बचाव को जरूरी प्रबंध करने के निर्देश

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदाताओं व मतदान कर्मियों को भीषण गर्मी व लू से बचाव के लिए मंडलायुक्तों व जिलाधिकारी को निर्देश जारी किए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी के दौरान हीटवेव व लू से मतदान कार्मिकों के प्रभावित होने की सूचना प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान मतदान केन्द्रों में शीतल पेयजल, मतदेय स्थलों पर पर्याप्त छाया, पीने का पानी, पंखे, बुजुर्गों, महिलाओं व दिव्यांगों के बैठने के लिए कतार में कुर्सियां व स्कूल बेंच आदि की व्यवस्था की जाए। प्रत्येक मतदान केन्द्र व मतदेय स्थल पर हीटवेव से बचाव के लिए पैरामेडिक्स व आशा कार्यकर्ताओं को पर्याप्त मात्रा में ओआरएस व मेडिकल किट उपलब्ध कराई जाए। सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ पैरामेडिक कर्मी भी तैनात किये जाएं।

## हेड कांस्टेबल और ड्राइवरों का प्रमोशन न होने पर पुलिस भर्ती बोर्ड से जवाब-तलब

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में प्रदेश में तैनात हेड कांस्टेबल, ड्राइवरों एवं हेड कांस्टेबल सशस्त्र पुलिस को दारोगा पद पर पदोन्नत न करने के संबंध में पुलिस विभाग से जवाब-तलब करते हुए पूछा कि याचियों को अभी तक उप- निरीक्षक के पद पर पदोन्नत क्यों नहीं किया गया जबकि याचियों से जूनियर बैच के आरक्षीगण सिविल पुलिस में उप-निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्राप्त कर चुके हैं।


उक्त प्रकरण में सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय ने उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के प्रमुख सचिव, डीजीपी, उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष डीआईजी स्थापना/कार्मिक तथा एडीजी लॉजिस्टिक्स, उत्तर प्रदेश से 8 सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। मालूम हो कि इलाहाबाद, आगरा, कानपुर नगर, मेरठ, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, मुजफ्फरनगर, बरेली, वाराणसी, गोरखपुर, बांदा, मिर्जापुर व कई अन्य जिलों में तैनात सैकड़ों मुख्य आरक्षी ड्राइवर व मुख्य आरक्षी सशस्त्र पुलिस ने अलग-अलग याचिकाएं दाखिल कर समानता के अधिकार के तहत उप-निरीक्षक ड्राइवर व उप-निरीक्षक सशस्त्र पुलिस के पद पर पदोन्नति की मांग की है।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह की याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले में दाखिल सभी 18 याचिकाओं की पोषणीयता को चुनौती देने वाली मस्जिद समिति द्वारा सीपीसी के आदेश 7 नियम 11 के तहत दाखिल याचिका पर महीनों से चल रही सुनवाई के बाद शुक्रवार को फैसला सुरक्षित कर लिया गया है। उम्मीद है कि ग्रीष्मावकाश के बाद हाईकोर्ट खुलने के साथ ही फैसला आ सकता है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकल पीठ के समक्ष हो रही थी।

हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल सभी 18 याचिकाओं में एक ही प्रार्थना की गई थी कि मथुरा में कटरा केशव



देव मंदिर के साथ 13.37 एकड़ के परिसर से शाही ईदगाह मस्जिद को हटा दिया जाए। इसके अलावा याचिकाओं में शाही ईदगाह मस्जिद का श्रीकृष्ण जन्मभूमि से अवैध कब्जा हटाने तथा मौजूदा ढांचे को गिराने की मांग शामिल थी। मस्जिद पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता तसनीम अहमदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तर्क दिया कि लंबित अधिकांश मुकदमों में वादी भूमि के स्वामित्व का अधिकार मांग रहे हैं जो 1968 में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ और शाही मस्जिद ईदगाह के प्रबंधन के बीच हुए समझौते का विषय था, जिसके तहत विवादित भूमि को विभाजित किया गया और दोनों समूहों को एक-दूसरे के क्षेत्र से दूर रहने को कहा गया।

मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान कहा कि वादी न तो श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के ट्रस्टी हैं और न ही बनारस के राजा पटनीमल, महामना पंडित मदन मोहन मालवीय, गोस्वामी गणेशदत्त और भीखनलाल के वंशज हैं। किसी भी सिविल वाद में इनके वंशजों को पक्षकार भी नहीं बनाया गया है। हिंदू पक्षकारों का दावा है कि श्रीकृष्ण लला विराजमान का विधिक अस्तित्व है। वह उनके भक्त हैं,इसलिए उन्हें वाद दाखिल करने का अधिकार है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण के अध्यक्ष व मंदिर पक्षकार आशुतोष पांडेय ने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा था।

उन्होंने आगे कहा कि 13 एकड़ जमीन लड्डू गोपाल की है। इसे कोई न बेच सकता है और न कोई इस जमीन का समझौता कर सकता है। यह पूरी जमीन श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के नाम दर्ज है। सरकारी रिकॉर्ड में कहीं भी शाही ईदगाह के नाम कोई भी जमीन नहीं है। मौजूदा मामले की शुरुआत वर्ष 2020 में अधिवक्ता रंजना अग्निहोत्री और सात अन्य लोगों ने मिलकर मथुरा सिविल कोर्ट में एक मुकदमा दाखिल करने के साथ की।

# कानपुर : बंगले में मिले दो सगी बहनों के शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सपा नेता रहे स्व. पुष्कर सिंह चंदेल की बुआ थी दोनों

**अमृत विचार:** काकादेव थानाक्षेत्र में पांडुनगर स्थित इंद्रा पार्क के पास शुक्रवार दोपहर एक बंगले की दूसरी मंजिल पर फर्श पर दो सगी वृद्ध बहनों के शव पड़े मिले। रोज की तरह सब्जी विक्रेता सब्जी देने के लिए उन्हें बुलाने गया तो दरवाजा अंदर से बंद था।

दरवाजे में लगे शीशे से अंदर झांका तो शव पड़े होने का पता चला। सब्जी विक्रेता ने घटना की सूचना प्रथम मंजिल में रहने वाले उनके भतीजे को दी। बंगले की पहली मंजिल पर रहने वाले आलोक सिंह चंदेल ने पुलिस को बताया कि ग्राउंड फ्लोर पर उनके भाई सपा नेता रहे स्व. पुष्कर सिंह चंदेल के परिवार में पत्नी अपर्णा और बेटे रोहन और नैंसी के साथ रहती हैं। प्रथम मंजिल पर वह अपनी पत्नी अर्पिता और बेटे हर्ष और समर के साथ रहते हैं। पिता चंद्रवीर सिंह चंदेल का इसी वर्ष फरवरी में निधन हो गया था। पिता की दो बहनें 73 वर्षीय प्रेमा चंदेल और 71 वर्षीय सुमन चंदेल अविवाहित थीं और दूसरी मंजिल पर रहती थीं। शुक्रवार सुबह करीब 11.30 बजे उन लोगों ने ऊपर जाकर दरवाजा तोड़ा तो स्व. चंदेल की दोनों बुआ के शव मिले।

## अमेठी में कंटेनर की टक्कर से कार में सवार तीन बच्चों की मौत

**अमेठी, एजेंसी :** जिले के कमरौली थाना क्षेत्र में शुक्रवार को तड़के एक कंटेनर की टक्कर से कार सवार तीन बच्चों की मौत हो गयी और अन्य कई घायल हो गये। शुक्रवार को तड़के बीएचईएल गेट के सामने रेलवे क्रॉसिंग बन्द होने से कई गाड़ियां खड़ी थीं। लखनऊ की तरफ से तेज गति से आ रहे कन्टेनर ने पीछे खड़ी कार में इतनी जोर से टक्कर मारी कि कार समेत आगे खड़ी करीब आधा दर्जन अन्य गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। पिछली कार में सवार चार बच्चे गम्भीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान तीन बच्चों की मौत हो गई। सभी सुलतानपुर जिले के हैं।

# धर्मांतरण बिना भी विवाह कर सकते हैं अंतरधार्मिक जोड़े : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- विशेष अधिनियम के तहत किया जा सकता है अंतरधार्मिक विवाह

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने धर्मांतरण की आवश्यकता के बिना अंतर धार्मिक जोड़े को विशेष विवाह अधिनियम के तहत विवाह करने की अनुमति देते हुए अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि कानून किसी अंतरधार्मिक जोड़े को धर्म-परिवर्तन की आवश्यकता के बिना विशेष विवाह अधिनियम के तहत कोर्ट मैरिज के लिए आवेदन करने से नहीं रोकता है।

कोर्ट ने माना कि विशेष विवाह अधिनियम, 1954 विभिन्न धर्मों के लोगों को विवाह के लिए एक कानूनी ढांचा प्रदान करता है। इस कानून के तहत कोई भी अपना धर्म बदले बिना दूसरे धर्म के व्यक्ति के साथ विवाह कर रह सकता है। न्यायमूर्ति ज्योत्स्ना शर्मा की एकलपीठ ने हापुड़ के पंचशील नगर में लिव-इन जोड़े को सुरक्षा प्रदान करते हुए ये आदेश दिया। कोर्ट ने आगे स्पष्ट किया कि समझौते के माध्यम से विवाह कानून में अमान्य है, लेकिन कानून धर्मांतरण के बिना भी ऐसे जोड़ों को विवाह की अनुमति देता है जो बिना धर्म परिवर्तन किए दूसरे धर्म के व्यक्ति के साथ वैवाहिक जीवन बिताना चाहते हैं।

## वर्ग पहेली-87

**बाएं से दाएं**

1. जिसकी आयु सबसे अधिक हो।
3. 1. अवतार ग्रहण करने वाला 2. अवतार या अवतार-ग्रहण से संबंधित 3. ईश्वर या किसी देवता के अवतार के रूप में जिसकी प्रसिद्धि हो 4. अवतार की तरह का चमत्कारी अथवा प्रभाव रखने वाला।
4. बलि देने की जगह, वह स्थल जहां पूजा या यज्ञ आदि में पशु की बलि दी जाती है।
6. रास्ते में पड़ने वाला उतार, ढाल।
7. आंख की पलक के ऊपर होने वाली फुंसी, बिलनी।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. प्रकट, स्पष्ट 2. खुला हुआ।
3. जहां प्रकाश न किया गया हो, अंधेरा
4. वन या जंगल में उपजने वाले पेड़-पौधों के फूल।
5. देवताओं का राजा, इंद्र।
6. 1. हिमालय की पुत्री, पार्वती, गौरी, शिव की पत्नी 2. कांति, शोभा।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | ■ | ■ | 2 |
| ■ | ■ | ■ | 3 | | | |
| 4 | | | | ■ | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 7 | | | |

### वर्ग पहेली -86 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 अ | नि | य | मि | 2 त |
| 3 आ | जा | नु | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | बो | ■ | 4 ता | ■ | फ़ |
| 5 सं | बं | ध | यो | ज | क | ■ |
| व | ■ | क | ■ | दा | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | 6 र | 7 का | बी |
| न | ■ | 8 छाँ | द | ■ | ठा | ■ |

## सुडोकू-166

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | |
| | | | | 3 | | | | |
| 7 | | | | | | | | |
| | | 2 | | 8 | | | | |
| | | | | | | 4 | | |
| | | 9 | | | | | | |
| | | | | | 3 | | | |
| | | | | | | | | 1 |
| | 5 | | | | | | | |

### सुडोकू -165 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 5 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 4 |
| 2 | 7 | 8 | 9 | 3 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 6 | 7 | 8 | 2 |
| 6 | 8 | 7 | 4 | 9 | 3 | 1 | 2 | 5 |
| 5 | 9 | 3 | 6 | 2 | 1 | 8 | 4 | 7 |
| 4 | 2 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 | 3 |
| 9 | 5 | 2 | 3 | 6 | 8 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 1 | 4 | 2 | 7 | 5 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 3 | 6 | 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 जून शनिवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 07 .24 तक तत्पश्चात दशमी 2 जून 05 .04 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 2 जून 03 .16 तक तत्पश्चात रेवती।

**मेष** – आज आप अपने इष्ट मित्रों से चर्चा कर सकते हैं। धन के विषय में सोच-विचारकर ही निर्णय लें। पिता के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपके मन में स्वयं के द्वारा की गयी गलतियों के प्रति आत्मग्लानि का भाव उत्पन्न हो सकता है।

**वृष** – आज व्यवसाय में आपके प्रयास सफल रहेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर दिन शुभ रहेगा। जॉब को लेकर परेशानी दूर होगी। विवादों का निपटारा आपके पक्ष में होगा। दिन की शुरुआत काफी सुखद रहेगी। अच्छे लोगों से मिलना हो सकता है।

**मिथुन** – आज विदेश यात्रा से आपको काफी अच्छा लाभ होगा। नकारात्मक लोगों की संगत से दूर रहें। राजनीतिक लोगों का सामाजिक सम्मान बढ़ेगा। दैनिक कार्यों में काफी व्यस्त रहने वाले है। अधिकारी वर्ग के लोग आपसे काफी संतुष्ट रहेंगे।

**कर्क** – आज ऐसे कार्यों से दूरी बनाकर रखें जो अवैधानिक हों। सरकारी नियमों का कड़ाई पूर्वक पालन करें। दिन आपके लिए काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। शोधकार्यों से जुड़े लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**सिंह** – आज अनावश्यक चर्चाओं में समय बर्बाद होगा। लोगों की बातों में आकर तात्कालिक निर्णय न लें। आपका मन अशांत रहेगा। जीवनसाथी से नोंक-झोंक संभव है। नशे की सामग्रियों का सेवन न करें।

**कन्या** – आज दूसरों के ऊपर आप काफी ज्यादा निर्भर रहेंगे। वित्तीय लेन-देन में कुछ सावधानी रखने की आवश्यकता है। अपनी जीवनशैली में काफी धन खर्च कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन का आनंद उठाएंगे। कई सारी परेशानियों का समाधान आपको मिलेगा।

**तुला** – आज आपको मित्रों का उत्तम सहयोग मिलेगा। शत्रुओं के कमजोर पड़ने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नया व्यवसाय शुरू करने की योजना पर काम करेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। जो आप चाह रहे थे, वह आपको प्राप्त हो सकता है।

**वृश्चिक** – आज कमीशन से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है। संतान के व्यवहार से मन व्यथित हो सकता है। व्यवसाय में आप काफी व्यस्त हो सकते हैं। इसके कारण आप अपने कुछ महत्वपूर्ण कार्यों की भी अनदेखी कर सकते हैं।

**धनु** – आज आपकी तुलना गलत लोगों के साथ की जा सकती है,लेकिन इस पर आपको धैर्य रखना चाहिए। मन में ज्यादा विचार लाने से बचें। संपत्ति के मामलों में जोरदार विवाद हो सकता है। कानूनी मामलों को लेकर सावधान रहें।

**मकर** – आज नया वाहन खरीद सकते हैं। रुका हुआ धन वापस मिलने के योग बन रहे हैं। आईटी क्षेत्र से जुड़े लोग जॉब बदलने की तैयारी कर सकते हैं। विवाह से जुड़े मामलों को लेकर परिवार में चर्चा हो सकती है। संतान की उन्नति से मन प्रसन्न होगा।

**कुंभ** – आज व्यवसाय में सहयोगियों के प्रति मन में अविश्वास की भावना उत्पन्न हो सकती है। अभद्र भाषा का प्रयोग आपकी प्रतिष्ठा के लिए खतरा हो सकता है। आप धन को लेकर कुछ चिंता में हो सकते हैं। आपको लोगों पर ज्यादा विश्वास नहीं होगा।

**मीन** – आज बुद्धिमान मित्रों की संगत प्राप्त होगी। फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों को अचानक कोई बड़ा काम मिल सकता है। दूसरों की ज्यादा परवाह न करें। स्वयं में प्रसन्न रहने का प्रयास करें। आप नए उद्यम या कार्यों को लेकर उत्साहित रहेंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
तकदीर का तमाशा – सुबह : 10 .00
खेल – शाम : 05 .40

SONY MAX
सैटेलाइट शंकर – सुबह : 10 .10
भूल भूलैया 2 – शाम : 06 .15

SONY PIX
द रैड 2 – सुबह : 12 .34
65 – रात : 09 .00

ZEE CINEMA
थैंक गॉड – सुबह : 10 .44
सूर्यवंशी – रात : 08 .00

colors CINEPLEX
कल हो न हो – दोपहर : 02 .02
चेन्नई एक्सप्रेस – रात : 09 .21

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गप्पू ऑफिस में लेट पहुंचा
बॉस- कहां थे अब तक?
गप्पू- जी वो गर्लफ्रेंड को कॉलेज छोड़ने गया था।
बॉस- शटअप, कल से ऑफिस टाइम से आना, नहीं तो खैर नहीं...
गप्पू-ठीक है तो फिर अपनी बेटी को खुद ही कॉलेज छोड़ देना।

पिता – पेपर कैसा गया?
बेटा – पहला सवाल छूट गया, तीसरा आता नहीं था,चौथा करना भूल गया, पांचवां नजर नहीं आया।
पिता- और सवाल दो?
बेटा – बस सिर्फ वो ही गलत हो गया।
बेटे की बात सुनकर पिता ने अपना सिर पीट लिया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, शनिवार, 1 जून 2024

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,961.31 | 22,530.70 |
| बढ़त | 75.71 | 42.05 |
| प्रतिशत में | 0.10 | 0.19 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 965 फ्लैग 1080 डीएमओ 850 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 975 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 855।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 2085, राज श्री 1410, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1970, फॉर्चुन ली. 1620, जय जवान 1510, सचिन 1540, सूरज 1535, अवसर 1675, राग गोल्ड 1650, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1685, मोर 1655, चक्र टिन 1895, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1900, स्वास्तिक 2055, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 38500, लाल मिर्च 20000-28500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4500, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4450, खजाना 4450, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7575-7900, मलका छांटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8700, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9400, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10800, मोटा हीरा 12100, अरहर गोला मोटा 15800, अरहर पटका मोटा 16400, अरहर कोरा मोटा 16800, अरहर पटका छोटा 15600-15900, अरहर कोरी छोटी 17600, **चीनी**-डालमियां 4190, पीलीभीत 4150, नवाबगंज 4140, बहेड़ी (नई) 4150 रुपये।

# 6.2 प्रतिशत रही बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर

## आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अप्रैल में प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी और बिजली का उत्पादन बेहतर होने से हुई बढ़ोत्तरी

नई दिल्ली, एजेंसी

आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अप्रैल में बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल महीने में प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और बिजली का उत्पादन बेहतर होने से बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अच्छी रही है।

मार्च में इन आठ उद्योगों की वृद्धि दर छह प्रतिशत थी जबकि एक साल पहले अप्रैल, 2023 में यह 4.6 प्रतिशत रही थी। कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली को बुनियादी उद्योगों में गिना जाता है। इनकी देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में सम्मिलित रूप से 40.27 प्रतिशत हिस्सेदारी है। आंकड़ों से पता चलता है कि उर्वरक क्षेत्र का उत्पादन अप्रैल में गिर गया जबकि कोयला, इस्पात और सीमेंट क्षेत्रों की वृद्धि दर में सुस्ती दर्ज की गई। कोयला उद्योग की वृद्धि दर नरम पड़कर 7.5 प्रतिशत रह गई जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 9.1 प्रतिशत थी। इस्पात उद्योग की वृद्धि दर 16.6 प्रतिशत से घटकर 7.1 प्रतिशत पर आ गई। दूसरी ओर देश के सीमेंट उद्योग साल भर पहले के 12.4 प्रतिशत से घटकर 0.6 प्रतिशत की दर से बढ़ा है।



### सरकार का राजकोषीय घाटा बीते वर्ष सुधरकर जीडीपी के 5.63% पर पहुंचा

सरकार का राजकोषीय घाटा बीते वित्त वर्ष में जीडीपी का 5.63 प्रतिशत रहा। यह केंद्रीय बजट में जताए गए 5.8 प्रतिशत के अनुमान से कुछ कम है। वास्तविक रूप से राजकोषीय घाटा यानी व्यय और राजस्व के बीच अंतर 16.53 लाख करोड़ रुपये रहा। सरकार ने एक फरवरी को पेश अंतरिम बजट में 2023-24 के संशोधित अनुमान में राजकोषीय घाटा 17.34 लाख करोड़ रुपये यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। महालेखा नियंत्रक के अनुसार, सरकार राजस्व संग्रह के लक्ष्य को हासिल करने में कामयाब रही है। शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 2023-24 में 23.36 लाख करोड़ रुपये जबकि व्यय 44.42 लाख करोड़ रुपये रहा। सरकार द्वारा करों के हिस्से के हस्तांतरण के रूप में राज्य सरकारों को 11,29,494 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1,81,088 करोड़ रुपये अधिक है।

### वर्ष 2024 में 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारत की जीडीपी: मूडीज

मूडीज रेटिंग्स ने मजबूत आर्थिक वृद्धि और चुनाव के बाद नीतिगत निरंतरता रहने की उम्मीद पर भारत की वृद्धि दर 2024 में 6.8 प्रतिशत और 2025 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। भारत की वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वर्ष 2023 में 7.7 प्रतिशत बढ़ी थी, जबकि 2022 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर थी। सरकार के सशक्त पूंजीगत व्यय और मजबूत विनिर्माण गतिविधियों के दम पर यह संभव हो पाया। मूडीज ने वैश्विक व्यापक-आर्थिक परिदृश्य 2024-25 में कहा-हमारा मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को आसानी से छह-सात प्रतिशत की दर से बढ़ना चाहिए। हम इस साल करीब 6.8 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाते हैं। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद नीति निरंतरता होने के साथ मजबूत, व्यापक-आधारित वृद्धि को बनाए रखा जा सकेगा। मूडीज ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में 11.1 लाख करोड़ रुपये यानी जीडीपी का 3.4 प्रतिशत पूंजीगत व्यय आवंटन का लक्ष्य रखा गया है।

# रिजर्व बैंक ने एसबीएम बैंक पर 88.70 लाख का जुर्माना लगाया

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक ने कुछ नियामक मानदंडों का पालन न करने के लिए एसबीएम बैंक (इंडिया) पर 88.70 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।



रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि बैंक पर जुर्माना आरबीआई की लाइसेंस से जुड़े शर्तों का अनुपालन न करने पर लगाया गया है। इसके अलावा इकाई को उदारीकृत प्रेषण योजना (एलआरएस) के तहत लेनदेन को तत्काल प्रभाव से रोकने के लिए विशेष निर्देश दिए गए हैं। बैंक को दो अलग-अलग नोटिस जारी किए गए, जिनमें उसे कारण बताने के लिए कहा गया। नोटिसों पर बैंक के उत्तर, उसके द्वारा किए गए अतिरिक्त प्रस्तुतीकरण तथा व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान बैंक के खिलाफ आरोप पाए गए।

### टीआईएल और पूर्व अधिकारियों पर लगा 2.5 करोड़ रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने टीआईएल लि. और तीन पूर्व अधिकारियों पर बिक्री और राजस्व को बढ़ा-चढ़ाकर बताने के लिए 2.5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। मामला 2019-20 और 2020-21 में कथित फर्जी खरीद-बिक्री से बिक्री और राजस्व को बढ़ा-चढ़ाकर बताने से जुड़ा है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि जुर्माना 45 दिन के भीतर चुकाया जाना चाहिए। नियामक ने व्यक्तिगत रूप से टीआईएल और सुमित मजूमदार पर एक-एक करोड़ का जुर्माना लगाया है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 94,650 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,300-55,500 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 72,900 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,900 |
| चांदी पक्की | 890 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 73,100 |
| चांदी आभूषण | 91,000। |

# विदेशी मुद्रा भंडार दो अरब डॉलर घटकर 646.67 अरब डॉलर

मुंबई, एजेंसी

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 24 मई को समाप्त सप्ताह में 2.03 अरब डॉलर घटकर 646.67 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पूर्व के सप्ताह में विदेशीमुद्रा भंडार 4.55 अरब डॉलर की तेजी के साथ 648.7 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 24 मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.51 अरब डॉलर घटकर 567.49 अरब डॉलर रह गई। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 48.2 करोड़ डॉलर घटकर 56.71 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.13 अरब डॉलर रहा।

### भारत ने ब्रिटेन से 100 टन सोना घरेलू तिजोरियों में पहुंचाया

**मुंबई।** भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 में ब्रिटेन में रखे अपने 100 टन सोने को घरेलू तिजोरियों में पहुंचाया है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह 1991 के बाद सोने का सबसे बड़ा स्थानांतरण है। वर्ष 1991 में विदेशी मुद्रा संकट से निपटने के लिए सोने के बड़े हिस्से को गिरवी रखने के लिए तिजोरियों से बाहर निकाला गया था।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में देश के कुल स्वर्ण भंडार में 27.46 टन की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 822 टन हो गया। सूत्रों ने कहा कि सोने का एक बड़ा हिस्सा विदेश में जमा है।

# मोदी सरकार ने बैंकिंग क्षेत्र का कायापलट कर 10 लाख करोड़ से अधिक डूबा कर्ज वसूला : सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्त मंत्री ने बताया-ईडी ने करीब 1,105 बैंक धोखाधड़ी मामलों की जांच की



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने विभिन्न सुधारों और बेहतर प्रशासन के जरिए बैंकिंग क्षेत्र का कायापलट किया है। इसके दम पर बैंकों ने 2014 से 2023 के बीच 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक डूबे कर्ज की वसूली की है।

उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने करीब 1,105 बैंक धोखाधड़ी मामलों की जांच की है, जिसके परिणामस्वरूप 64,920 करोड़ रुपये की अपराध आय जब्त की गई है। दिसंबर 2023 तक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) को 15,183 करोड़ रुपये की संपत्ति वापस कर दी गई है। सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा-हाल ही में, भारत के बैंकिंग क्षेत्र ने तीन लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार करते हुए अपना अब तक का सबसे अधिक शुद्ध लाभ दर्ज करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत और निर्णायक नेतृत्व के दम पर बैंकिंग क्षेत्र का कायापलट हुआ। हमारी सरकार ने व्यापक तथा दीर्घकालिक सुधारों के जरिए बैंकिंग क्षेत्र में संप्रग के पापों का प्रायश्चित किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने डूब कर्ज (खासकर बड़े डिफॉल्टर से) की वसूली में कोई ढील नहीं बरती और यह प्रक्रिया जारी है।

## राष्ट्रीय

# देश में जलाशयों का जल स्तर गिरकर 23% रह गया

## केंद्रीय जल आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 150 प्रमुख जलाशयों के भंडारण में लगातार गिरावट जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में भीषण गर्मी के बीच 150 प्रमुख जलाशयों के भंडारण स्तर में लगातार गिरावट जारी है और यह कुल भंडारण क्षमता का 23 प्रतिशत रह गया है। पिछले वर्ष समान अवधि के दौरान के जल स्तर के मुकाबले मौजूदा जल स्तर में 77 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) की ओर से जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। सीडब्ल्यूसी के आंकड़ों के मुताबिक जलाशयों का मौजूदा जलस्तर पिछले वर्ष के स्तर का मात्र 77 प्रतिशत तथा सामान्य जलस्तर का 94 प्रतिशत है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने शुक्रवार को देश भर के 150 प्रमुख जलाशयों के ताजा भंडारण स्तर की स्थिति पर अपना साप्ताहिक बुलेटिन जारी करते हुए एक बयान में कहा-इन जलाशयों में कुल उपलब्ध भंडारण 41.705 अरब घन मीटर (बीसीएम) है, जो इन जलाशयों की कुल भंडारण क्षमता का 23 प्रतिशत है। आयोग ने कहा-यह पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान दर्ज किए गए 53.832 बीसीएम तथा सामान्य भंडारण क्षमता 44.511 बीसीएम से काफी कम है। परिणामस्वरूप, मौजूदा भंडारण पिछले वर्ष के स्तर का केवल 77 प्रतिशत तथा सामान्य भंडारण का 94 प्रतिशत है। सीडब्ल्यूसी द्वारा निगरानी किये जाने वाले 150 मुख्य जलाशयों की कुल भंडारण क्षमता 178.784 बीसीएम है, जो देश में निर्मित कुल भंडारण क्षमता का लगभग 69.35 प्रतिशत है। देश के 150 जलाशयों में से दस उत्तरी क्षेत्र - हिमाचल प्रदेश, पंजाब और राजस्थान - में स्थित हैं और इनकी भंडारण क्षमता 19.663 बीसीएम है।

सीडब्ल्यूसी के मुताबिक पूर्वी क्षेत्र में - असम, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, नागालैंड और बिहार में कुल 23 जलाशय हैं, जिनकी कुल जल भंडारण क्षमता 20.430 बीसीएम है। आयोग ने कहा कि उपलब्ध जल भंडारण 5.645 बीसीएम है, जो कुल क्षमता का 28 प्रतिशत है। पश्चिमी क्षेत्र - गुजरात और महाराष्ट्र - में कुल 49 जलाशय हैं, जिनकी कुल भंडारण क्षमता 37.130 बीसीएम है। इन जलाशयों का मौजूदा भंडारण 8.833 बीसीएम है, जो कुल क्षमता का 24 प्रतिशत है। यह पिछले वर्ष के 28 प्रतिशत से कम है, लेकिन सामान्य भंडारण 23 प्रतिशत से बेहतर है।

वहीं मध्य क्षेत्र-उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़-में 26 जलाशय हैं जिनकी कुल भंडारण क्षमता 48.227 बीसीएम है। वर्तमान में उपलब्ध भंडारण क्षमता 14.046 बीसीएम है, जो कुल क्षमता का 29.1 प्रतिशत है। पिछले वर्ष भंडारण क्षमता 37 प्रतिशत थी। इन जलाशयों की सामान्य भंडारण क्षमता 29.4 प्रतिशत होती है।

### 31 मई तक घटकर रही गई है 30 प्रतिशत क्षमता



सीडब्ल्यूसी बुलेटिन के अनुसार 16 मई से 31 मई के सप्ताह के लिए यह घटकर 5.864 बीसीएम (कुल क्षमता का 30 प्रतिशत) रह गई है। पिछले वर्ष इसी अवधि में जल भंडारण कुल क्षमता का 38 प्रतिशत था। वर्ष के इस समय सामान्य जल संग्रहण 31 प्रतिशत होता है।

### भारी बारिश से मणिपुर के राजभवन परिसर में जलभराव

**इंफाल।** चक्रवात रेमल के प्रभाव से पिछले कुछ दिनों में हुई मूसलाधार बारिश के कारण मणिपुर के राजभवन परिसर में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इंफाल घाटी में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ से तीन लोगों की मौत हो गई है,जबकि हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इंफाल नदी के तटबंध विभिन्न स्थानों पर टूटने के बाद राजभवन परिसर में पानी एकत्र हो गया। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों की तुलना में राजभवन की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। इस बीच, मणिपुर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) के प्रवक्ता निंगोम्बम बुपेंद्र ने 'एक्स' पर तस्वीरें साझा करते हुए लिखा-राजभवन बाढ़ के पानी में डूब रहा है।

# योगी सबसे योग्य मुख्यमंत्री, उन्हें हटाने के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता : नड्डा

लखनऊ/नई दिल्ली, एजेंसी



- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने साक्षात्कार में की सीएम की तारीफ

तिहाड़ जेल से बेल पर छूटे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ पर दिए गए विवादित बयान पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने करारा जवाब दिया है। एक निजी टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में जेपी नड्डा ने कहा कि पूरे देश में योगी आदित्यनाथ जैसा मुख्यमंत्री कोई नहीं है। वह सबसे योग्य मुख्यमंत्री हैं। उनकी काबिलियत पर हर किसी को भरोसा है। उन्हें हटाने के बारे में कोई सोच भी नहीं सकता है।

साक्षात्कार के दौरान जब जेपी नड्डा से केजरीवाल के उस बयान के विषय में पूछा गया कि जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव के बाद सीएम योगी को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद से हटा देंगे तो इस पर जेपी नड्डा ने कहा कि सीएम योगी का काम पूरे देश में सबसे शानदार रहा है। उन्होंने जिस कुशलता के साथ प्रदेश की बागडोर संभाली है, वह उन्हें सबसे योग्य मुख्यमंत्री साबित करती है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि उनके विषय में ऐसी बातें करने वाला व्यक्ति कोई अज्ञानी ही होगा। केजरीवाल पागल हो गए हैं। उनकी कुटिल चालों को देश की जनता अच्छी तरह समझती है।

## एक नजर

### अदालत ने की नीरव माल्या व चोकसी को लेकर ईडी की खिंचाई

**मुंबई।** महाराष्ट्र में धन शोधन निवारण अधिनियम की एक विशेष अदालत ने नीरव मोदी, विजय माल्या और मेहुल चोकसी को पकड़ने में विफलता के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की खिंचाई की। सुनवाई के दौरान अदालत ने चार्टर्ड अकाउंट व्योमेश शाह की उस याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें उन्होंने विदेश यात्रा के लिए अदालत की पूर्व अनुमति को खत्म करने की मांग की थी। शाह पर गरवारे इंडस्ट्रीज के निहाल गरवारे के लिए धन शोधन का आरोप है, जिसे पिछले साल जेएंडके बैंक को एक सौ करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### मप्र में सरपंच का पति घूस लेते पकड़ा गया

**इंदौर।** लोकायुक्त पुलिस ने मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में एक गांव की सरपंच के पति को शुक्रवार को 95,000 रुपये की कथित घूस लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) आरडी मिश्रा ने बताया, "व्यासखेड़ी गांव की सरपंच सुंदरबाई के पति राहुल रावत (28) को कनाड़िया रोड के एक अस्पताल के बाहर जाल बिछा कर रंगे हाथों पकड़ा गया है।

# ईडी को 7 जून तक पूरक आरोप पत्र दाखिल करने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

### रेलवे में नौकरी के बदले जमीन का मामला



दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को भारतीय रेलवे में कथित तौर पर नौकरी के बदले जमीन घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में 7 जून तक पूरक आरोप-पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। कथित घोटाले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद और उनके परिवार के कई सदस्य शामिल हैं।

विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि उन्होंने पिछले कुछ महीनों में कार्यवाही के दौरान कई बार ईडी से जांच पूरी होने के बारे में पूछा है। न्यायाधीश ने कहा कि ईडी के वकील ने बार-बार कहा है कि आगे की जांच अग्रिम चरण में है और जल्द ही पूरी होने की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि 12 अप्रैल को पारित अपने आदेश में अदालत ने ईडी को दो सप्ताह के भीतर किसी भी शेष जांच के निष्कर्ष को अंतिम रूप देने का प्रयास करने का निर्देश दिया था। हालांकि, आज तक कोई और पूरक आरोप-पत्र दायर नहीं किया गया। न्यायाधीश ने कहा-यह अदालत उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार सांसदों/विधायकों से संबंधित सभी मामलों में तेजी लाने के लिए अधिकृत है। न्यायाधीश ने कहा कि सभी आरोपियों के खिलाफ आरोप धनशोधन की कथित प्रकृति में परस्पर जुड़े तथ्यों और लेन-देन का एक समूह हैं, भले ही ये अब तक आगे बढ़ाए गए हों या नहीं। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 7 जून की तारीख तय करते हुए ईडी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि वह पूरक आरोप-पत्र अगली तारीख तक दाखिल करे। न्यायाधीश ने 29 मई को कथित घोटाले में अंतिम आरोप पत्र दाखिल करने में देरी के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की खिंचाई की थी।

विशेष न्यायाधीश ने आरोप-पत्र दाखिल करने के लिए हर तारीख पर सीबीआई द्वारा अतिरिक्त वक्त मांगे जाने पर नाखुशी जताई थी। सीबीआई ने मार्च में तीन आरोपियों-अशोक कुमार, बबीता और भोला यादव के खिलाफ पूरक आरोप-पत्र दाखिल किया था।

# किशोरियों की बिक्री के मुद्दे पर राजस्थान को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- मानवाधिकार आयोग ने दिए कार्रवाई के निर्देश

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने राजस्थान की किशोरियों को दूसरे राज्यों में बेचने की शिकायतों के संबंध में राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

आयोग ने राज्य सरकार को बालिकाओं की तस्करी और वेश्यावृत्ति के कृत्यों पर अंकुश लगाने के लिये राज्य स्तरीय मानव तस्करी विरोधी नोडल अधिकारी नियुक्त करने और उसे जिला मानव तस्करी विरोधी इकाइयों (डीएएचटीयू) के सहयोग के साथ मिलकर इस तरह के अपराधों को रोकने के लिये काम करने को कहा है। आयोग की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, उसने राज्य सरकार द्वारा हाल की कुछ ऐसी घटनाओं में मामला दर्ज किये जाने की बात स्वीकार की है लेकिन कहा है कि ऐसा लगता है कि किशोरियों की तस्करी की घटनाएं जारी हैं। आयोग ने मानव तस्करी रोकने और पीड़ितों के पुनर्वास जैसे कार्यों के लिये केन्द्रीय गृह मंत्रालय की व्यापक योजना के तहत गठित की जाने वाली डीएएचटीयू को प्रभावी रूप से लागू करने के लिये सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को नोटिस भेजें हैं।

# अदालत ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को 3 जुलाई तक बढ़ा दी। सिसोदिया की न्यायिक हिरासत समाप्त होने के बाद उन्हें जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया और विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उनकी रिमांड बढ़ा दी। न्यायाधीश ने ईडी से हाल में दायर आरोपपत्र की प्रति सिसोदिया और अन्य सह-आरोपियों को देने को भी कहा। न्यायाधीश ने मामले में इन आरोपियों के वकील को ईडी कार्यालय में दस्तावेज देखने के लिए एक महीने का समय दिया। सह-आरोपी और आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की तरफ से पक्ष रख रहे वकील ने अदालत से कहा कि दस्तावेज का अध्ययन करने में 90 से 100 घंटे लग सकते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में पुनर्मतदान की याचिका की खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के मुंगेर में कथित तौर पर कई मतदान केंद्रों पर कब्जे और कमजोर वर्ग के लोगों को मतदान नहीं करने देने का आरोप लगाते हुए उन जगहों पर पुनर्मतदान का निर्देश चुनाव आयोग को देने की मांग वाली एक याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की अवकाशकालीन पीठ ने याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए इसे खारिज करने का आदेश पारित किया। पीठ ने याचिकाकर्ता कुमारी अनीता की ओर से पहले पटना उच्च न्यायालय से फरियाद करने का विकल्प नहीं अपनाने पर आपत्ति जताई है।

# भाजपा हरियाणा-यूपी सरकारों से पानी उपलब्ध कराने को कहे

नई दिल्ली, एजेंसी

- अरविंद केजरीवाल ने आग्रह करते हुए कहा-यह राजनीति करने का समय नहीं है



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को भाजपा से आग्रह किया कि वह हरियाणा और उत्तर प्रदेश की अपनी सरकारों से राष्ट्रीय राजधानी को एक महीने तक पानी उपलब्ध कराने के लिए कहे। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राजनीति करने का समय नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी गंभीर जल संकट का सामना कर रही है।

वहीं जल संसाधन मंत्री आतिशी ने हरियाणा पर दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं छोड़ने का आरोप लगाया है। आप सरकार के खिलाफ भाजपा द्वारा आज प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इससे समस्या का समाधान नहीं होगा। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा-मेरी सभी से हाथ जोड़ कर विनती है कि इस वक़्त राजनीति करने की बजाय, आइये, मिलकर दिल्ली के लोगों को राहत दिलवायें। उन्होंने कहा, "अगर भाजपा हरियाणा और उत्तर प्रदेश की अपनी सरकारों से बात करके एक महीने के लिए दिल्ली को कुछ पानी दिलवा दे तो दिल्ली वाले भाजपा के इस कदम की खूब सराहना करेंगे। इतनी भीषण गर्मी किसी के हाथ की बात नहीं। लेकिन हम सब मिलकर काम करें तो लोगों को इससे राहत तो दिलवा सकते हैं।

### दिल्ली सरकार ने अधिक पानी आपूर्ति की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय का किया रुख

दिल्ली सरकार ने भीषण गर्मी के दौरान जल संकट से जूझ रही राष्ट्रीय राजधानी को अधिक पानी की आपूर्ति करने के लिए हरियाणा को निर्देश देने का अनुरोध करते हुए शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया। आम आदमी पार्टी (आप) नीत दिल्ली सरकार ने हरियाणा को हिमाचल से मिलने वाले अतिरिक्त जल को राष्ट्रीय राजधानी को देने की मांग की है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी की ओर से दायर याचिका में केंद्र, भाजपा शासित हरियाणा और कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश को पक्षकार बनाया गया है। याचिका में कहा गया है कि पानी बुनियादी मानवाधिकारों में से एक है। याचिका में कहा गया कि पानी की उपलब्धता किसी भी व्यक्ति के बुनियादी मानवाधिकारों में से एक है। पानी न केवल जीने के लिए आवश्यक है, बल्कि पानी तक पहुंच संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गरिमा एवं गुणवत्तापूर्ण जीवन की गारंटी का एक अनिवार्य घटक भी है।



# होम रन नहीं, चौके-छक्कों की होगी बारिश

## अमेरिका पहुंचा क्रिकेट, आज से शुरू होगा टी-20 विश्व कप का महासमर, यूएसए और कनाडा के बीच होगा पहला मैच

न्यूयॉर्क, एजेंसी

टी-20 विश्व कप के जरिए क्रिकेट का कारवां बेसबॉल के दीवाने देश अमेरिका में दस्तक देगा तो कई नए सितारे चमकेंगे तो कई बेनूर भी होंगे, कुछ प्रबल दावेदार होंगे तो कुछ छिपे रूस्तम निकलेंगे। आज से शुरू हो रहे ताबड़तोड़ क्रिकेट के इस महासमर में पहली बार 20 टीमें जोर आजमाइश करेंगी तो भव्यता देखने लायक होगी।

भारतीय टीम जहां पिछले काफी समय से आईसीसी खिताब नहीं जीत पाने का मलाल मिटाना चाहेगी तो ऑस्ट्रेलिया एक और खिताब जीतकर अपना दबदबा कायम रखने की फिराक में होगा। पाकिस्तान और वेस्टइंडीज का लक्ष्य सही समय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का होगा। गत चैंपियन इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की चुनौती भी कमतर नहीं है। दक्षिण अफ्रीका के पास हेनरिच क्लासेन, डेविड मिलर, क्विंटोन डिकॉक और कैगिसो रबाडा जैसे मैच विनर हैं और इसका लक्ष्य चोकर्स का तमगा हटाने का होगा।

इस टूर्नामेंट के जरिए अमेरिका में क्रिकेट का पदार्पण होने जा रहा है जहां 29 दिन के भीतर 55 में से 16 मैच खेले जाएंगे। बाकी 39 मैच वेस्टइंडीज में होंगे जिनमें सुपर आठ चरण के मैच, सेमीफाइनल और फाइनल शामिल है। खिताब के प्रबल दावेदारों के अलावा अफगानिस्तान की चुनौती को भी कमतर नहीं आंका जा सकता जो अपना दिन होने पर कोई भी उलटफेर कर सकती है। जहां तक टीम इंडिया का सवाल है तो सबसे मजबूत टीमों में से एक होने के बावजूद यह 2013 चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से कोई आईसीसी खिताब नहीं जीत सकी है। इस बार बतौर कप्तान रोहित की साख भी दाव पर है। रोहित से पहले विराट कोहली भी सबसे सफल टेस्ट कप्तान जरूर रहे लेकिन आईसीसी खिताब नहीं जीत सके।

पिछले 12 महीने में भारतीय टीम दो आईसीसी टूर्नामेंटों में उपविजेता रही और ऑस्ट्रेलिया के हाथों अपनी धरती पर पिछले साल एक दिवसीय विश्व कप का फाइनल हार गई। पिछले दो टी-20 विश्व कप में पुराने ढर्रे पर चलने का उसे खामियाजा भुगतना पड़ा लेकिन इस बार वह गलती दोहराना नहीं चाहेगी। भारत को यहां तीन मैच खेलने हैं जिनमें पाकिस्तान के खिलाफ नौ जून को होने वाला चर्चित मुकाबला शामिल है। भारतीय टीम इसी मैदान पर एक जून को बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगी जबकि उसको पहला मैच पांच जून को आयरलैंड से खेलना है।



फाइल फोटो

### अभ्यास मैचः वेस्टइंडीज ने 35 रन से ऑस्ट्रेलिया को हराया

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** निकोलस पूरन (75), कप्तान रोवमन पॉवेल (52) और शरफेन रदरफोर्ड (47) रनों की तूफानी पारियों तथा उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने अभ्यास मैच में ऑस्ट्रेलिया को 35 रनों से हरा दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन ने जॉनसन चार्ल्स के साथ पारी को संभाला और दूसरे विकेट लिए 90 रनों की साझेदारी की। निकोलस पूरन ने 25 गेंद पर सर्वाधिक 75 रन और जॉनसन चार्ल्स ने 31 गेंदों में 40 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 257 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 258 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने भी बेहतरीन बल्लेबाजी का मुजाहिरा किया लेकिन वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के विकेटों को गिराते हुए उनकी रनों की रफ्तार पर लगाम लगाई। ऑस्ट्रेलियाई टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 222 रन ही बना सकी और 35 रनों से मुकाबला हार गई।

## अभ्यास मैच आज, भारतीय टीम के पास खुद को परखने का मौका

**न्यूयॉर्क।** भारतीय टीम टी-20 विश्व कप में पांच जून को होने वाले अपने शुरुआती मुकाबले से पहले आज जब बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच के लिए मैदान पर उतरेगी तो उसके सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल प्रभावी योगदान देकर अपनी जगह पक्की करना चाहेंगे तो वहीं अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज तेज गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह का साथी बनने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। विश्व कप के 13 साल के सूखे को खत्म करने के लिए टीम की सबसे बड़ी चुनौती सही संयोजन को ढूंढने की होगी। ऐसे में यह अभ्यास मैच काफी महत्वपूर्ण होगा। विराट कोहली इस मैच के शुरू होने से कुछ समय पहले अमेरिका पहुंचेंगे ऐसे उनके इस मैच को खेलने की संभावना कम है। भारतीय टीम बाकी के सभी 14 खिलाड़ियों को इस मैच में आजमाना चाहेगी क्योंकि इस मुकाबले को आधिकारिक मान्यता नहीं मिली है। यह सभी खिलाड़ियों के लिए लय परखने का अवसर होगा। कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को दो ऐसे क्षेत्र है जहां विवेकपूर्ण निर्णय लेने की आवश्यकता होगी।



### हमें हालात को समझना होगा : रोहित

**न्यूयॉर्क।** नवनिर्मित नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की तारीफ करते हुए भारतीय कप्तान रोहित ने कहा कि पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ मैच से पहले उनकी टीम को पिच और हालात के अनुकूल ढलना होगा। अभ्यास मैच इसलिए भी अहम है क्योंकि भारत के मैच स्थानीय समयानुसार सुबह 10 .30 पर शुरू होंगे । रोहित ने कहा हम हालात को समझने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि हम यहां पहले खेले नहीं हैं। हम कोशिश यही करेंगे कि पांच जून को पहले मैच से पूर्व हालात के अनुकूल ढल सकें।

### लामिछाने को अमेरिका ने नहीं दिया वीजा

**काठमांडू।** नेपाल के शीर्ष लेग स्पिनर संदीप लामिछाने टी-20 विश्व कप में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि ने अमेरिका ने दूसरी बार उनके वीजा आवेदन को नामंजूर कर दिया। अमेरिका ने पिछले सप्ताह उनका वीजा आवेदन नामंजूर कर दिया था। इसके बाद नेपाल सरकार और नेपाल क्रिकेट संघ ने दोबारा आवेदन किया था। नेपाल क्रिकेट संघ ने बयान ने कहा आवश्यक पहल करने के बावजूद अमेरिकी दूतावास ने राष्ट्रीय खिलाड़ी लामिछाने को वीजा देने में अपनी असमर्थता व्यक्त की है।

| ग्रुप ए |
|---|
| भारत |
| पाकिस्तान |
| आयरलैंड |
| कनाडा |
| यूएसए |
| **ग्रुप बी** |
| इंग्लैंड |
| ऑस्ट्रेलिया |
| नामीबिया |
| स्कॉटलैंड |
| ओमान |
| **ग्रुप सी** |
| न्यूजीलैंड |
| वेस्टइंडीज |
| अफगानिस्तान |
| युगांडा |
| पापुआ न्यू गिनी |
| **ग्रुप डी** |
| दक्षिण अफ्रीका |
| श्रीलंका |
| बांग्लादेश |
| नीदरलैंड |
| नेपाल |

### टी-20 विश्व कप का कार्यक्रम

| दिनांक | मुकाबले | शहर |
|---|---|---|
| 1 जून | यूएसए बनाम कनाडा | डलास |
| 2 जून | वेस्ट इंडीज बनाम पापुआ न्यू गिनी | गुयाना |
| | नामीबिया बनाम ओमान | बारबाडोस |
| 3 जून | श्रीलंका बनाम दक्षिण अफ्रीका | न्यूयॉर्क |
| | अफगानिस्तान बनाम युगांडा | गुयाना |
| 4 जून | इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड | बारबाडोस |
| | नीदरलैंड बनाम नेपाल | डलास |
| 5 जून | **भारत बनाम आयरलैंड** | **न्यूयॉर्क** |
| | पापुआ न्यू गिनी बनाम युगांडा | गुयाना |
| | ऑस्ट्रेलिया बनाम ओमान | बारबाडोस |
| 6 जून | यूएसए बनाम पाकिस्तान | डलास |
| | नामीबिया बनाम स्कॉटलैंड | बारबाडोस |
| 7 जून | कनाडा बनाम आयरलैंड | न्यूयॉर्क |
| | न्यूजीलैंड बनाम अफगानिस्तान | गुयाना |
| | श्रीलंका बनाम बांग्लादेश | डलास |
| 8 जून | नीदरलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका | न्यूयॉर्क |
| | ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड | बारबाडोस |
| | वेस्ट इंडीज़ बनाम युगांडा | गुयाना |
| 9 जून | **भारत बनाम पाकिस्तान** | **न्यूयॉर्क** |
| | ओमान बनाम स्कॉटलैंड | एंटीगुआ |
| 10 जून | दक्षिण अफ्रीका बनाम बांग्लादेश | न्यूयॉर्क |
| 11 जून | पाकिस्तान बनाम कनाडा | न्यूयॉर्क |
| | श्रीलंका बनाम नेपाल | फ्लोरिडा |
| | ऑस्ट्रेलिया बनाम नामीबिया | एंटीगुआ |
| 12 जून | **यूएसए बनाम भारत** | **न्यूयॉर्क** |
| | वेस्ट इंडीज़ बनाम न्यूज़ीलैंड | त्रिनिदाद |
| 13 जून | इंग्लैंड बनाम ओमान | एंटीगुआ |
| | बांग्लादेश बनाम नीदरलैंड | सेंट विंसेंट |
| | अफगानिस्तान बनाम पापुआ न्यू गिनी | त्रिनिदाद |
| 14 जून | यूएसए बनाम आयरलैंड | फ्लोरिडा |
| | दक्षिण अफ्रीका बनाम नेपाल | सेंट विंसेंट |
| | न्यूज़ीलैंड बनाम युगांडा | त्रिनिदाद |
| 15 जून | **भारत बनाम कनाडा** | **फ्लोरिडा** |
| | नामीबिया बनाम इंग्लैंड | एंटीगुआ |
| | ऑस्ट्रेलिया बनाम स्कॉटलैंड | सेंट लूसिया |
| 16 जून | पाकिस्तान बनाम आयरलैंड | फ्लोरिडा |
| | बांग्लादेश बनाम नेपाल | सेंट विंसेंट |
| | श्रीलंका बनाम नीदरलैंड | सेंट लूसिया |
| 17 जून | न्यूज़ीलैंड बनाम पापुआ न्यू गिनी | त्रिनिदाद |
| | वेस्ट इंडीज बनाम अफगानिस्तान | सेंट लूसिया |
| 19 जून | ए2 बनाम डी1 | एंटीगुआ |
| | बी1 बनाम सी2 | सेंट लूसिया |
| 20 जून | सी1 बनाम ए1 | बारबाडोस |
| | बी2 बनाम डी2 | एंटीगुआ |
| 21 जून | बी1 बनाम डी1 | सेंट लूसिया |
| | ए2 बनाम सी2 | बारबाडोस |
| 22 जून | ए1 बनाम डी2 | एंटीगुआ |
| | सी1 बनाम बी2 | सेंट विंसेंट |
| 23 जून | ए2 बनाम बी1 | बारबाडोस |
| | सी2 बनाम डी1 | एंटीगुआ |
| 24 जून | बी2 बनाम ए1 | सेंट लूसिया |
| | सी1 बनाम डी2 | सेंट विंसेंट |
| 26 जून | **सेमीफाइनल-1** | गुयाना |
| 27 जून | **सेमीफाइनल-2** | त्रिनिदाद |
| 29 जून | **फाइनल** | **बारबाडोस** |

## इंग्लैंड ने पाकिस्तान को हराया



ओवल, एजेंसी

फिल सॉल्ट (45) और कप्तान जॉस बटलर (39) रनों की शानदार परियों तथा गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने आखिरी टी-20 में पाकिस्तान को सात विकेट से हराकर चार मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली है।

सीरीज के दो मैच बारिश की वजह से रद्द हो गए थे। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान के कप्तान बाबर और रिजवान की सलामी जोड़ी ने तेज शुरुआत की, लेकिन पाकिस्तान की पारी 19.5 ओवर में 157 रन पर सिमट गई। 158 रन के जवाब में इंग्लैंड के कप्तान बटलर और फिल सॉल्ट ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 6.2 ओवर में 82 रन जोड़ डाले। जॉनी बेयरस्टो (28) और हैरी ब्रूक (17) रन बनाकर कर नाबाद रहे। इंग्लैंड ने 15.3 ओवर में 158 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया।

# फ्रेंच ओपन में बारिश, हार से भीगे दिग्गज

- 17 वर्ष की मीरा एंड्रीवा ने विक्टोरिया अजारेंका को हराया
- रूबलेव उलटफेर का शिकार चौथे दौर में पहुंची कोको गॉफ
- गैर वरीयता प्राप्त पीटन स्टर्न्स ने डारिया कसाटकिना को दी मात

पेरिस, एजेंसी

छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रूबलेव को शुक्रवार को यहां फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के तीसरे दौर में माटियो अर्नाल्डी से हारकर उलटफेर का सामना करना पड़ा जबकि महिलाओं के वर्ग में मौजूदा अमेरिकी ओपन चैम्पियन कोको गॉफ ने चौथे दौर में प्रवेश किया।

रूबलेव को 35वीं रैंकिंग पर काबिज अर्नाल्डी से 7-6 (6), 6-2, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा जिसमें उन्होंने 37 'अनफोर्स्ड' और चार डबल फॉल्ट किये। रूबलेव को अब अगले दौर में अर्नाल्डी का सामना स्टेफानोस सिटसिपास और झिनझेन झांग के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ना है। यानिक सिनर ने पावेल कोतोव को शिकस्त दी। महिलाओं के वर्ग में गॉफ ने डायना यास्त्रेमस्का को 38 'अनफोर्स्ड' गलतियां करने पर मजबूर किया और 6-2, 6-4 से जीत हासिल की। बारिश के कारण देर रात तक चले टूर्नामेंट के मैचों में कई उलटफेर देखने को मिले कई दिग्गजों को हार का सामना करना पड़ा। जिसमें अमेरिका की गैर वरीयता प्राप्त पीटन स्टर्न्स की 10वीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना पर जीत भी शामिल है। इटली की एलिजाबेटा कोसियारेटो (51 रैंकिंग) ने लियूडमिला सैमसोनोवा (17 रैंकिंग) पर 7-6, 6-2 की जीत से एक और उलटफेर किया। अब कोसियारेटो की भिड़ंत गॉफ से होगी। बारिश के कारण लगातार तीसरे दिन खेल प्रभावित रहा। शुक्रवार को अभी तक दो बार खेल रोका जा चुका है।

वहीं स्टर्न्स को अपनी बारी के लिए पूरे दिन इंतजार करना पड़ा लेकिन यह मैच जब बीती रात नौ बजे के बाद शुरू हुआ तो इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने 17 फोरहैंड विनर्स लगाकर कसाटकिना को 7-5, 6-2 से हराया। रूस की 17 वर्ष की खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और यहां 19वीं वरीयता प्राप्त विक्टोरिया अजारेंका को 6-3, 3-6, 7-5 से हराया। एंड्रीवा का अगला मुकाबला स्टर्न्स से होगा। वह पहली बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचेगी।



आंद्रे रुबलेव के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद जश्न मनाते इटली के माटेओ अर्नाल्डी।



यूक्रेन की दयाना यास्त्रेमस्का के खिलाफ शॉट खेलती अमेरिका की कोको गौफ।

## खेल डायरी

### नीरज को यूरोप में दो माह की ट्रेनिंग की मिली मंजूरी



**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा की पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए यूरोप में 60 दिन की ट्रेनिंग लेने की योजना को मंजूरी दे दी जिसमें उनके साथ कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज और फिजियो ईशान मारवाह भी होंगे। खेल मंत्रालय की मिशन ओलंपिक इकाई (एमओसी) ने एशियाड स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट के हंगरी में 10 से 21 जून तक होने वाले अंतर्राष्ट्रीय ट्रेनिंग शिविर में स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच वेन पैट्रिक लोम्बार्ड को शामिल करने का प्रस्ताव भी स्वीकार कर लिया। वह 29 मई से 28 जुलाई तक यूरोप में अलग अलग स्थानों पर ट्रेनिंग करेंगे। वहीं, पहलवान विनेश छह से नौ जून तक बुडापेस्ट में यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग की दूसरी रैंकिंग सीरीज पोलयाक इमरे एवं वरगा जानोस मेमोरियल में हिस्सा लेंगी। इनके साथ ही एमओसी ने लंबी कूद एथलीट शैली सिंह के यूरोप में ट्रेनिंग शिविर को 23 जून तक बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी।

### अदिति अमेरिकी महिला ओपन के पहले दौर में संयुक्त 35वें स्थान पर

**लैंकेस्टर (पेंसिल्वेनिया)।** मेजर टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने की कवायद में लगी भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने अमेरिकी महिला ओपन के पहले दौर में तीन ओवर 73 का कार्ड खेला। अदिति पहले दौर के बाद संयुक्त 35वें स्थान पर हैं। पहले दौर में केवल चार खिलाड़ियों ने अंडर पार का स्कोर बनाया। जापान की युका सासो पहले दौर के बाद दो शॉट की बढ़त पर हैं। उनके बाद एमेच्योर एडेला सेर्नौसेक, थाईलैंड की विचानी मीचाई और एंड्रिया ली का नंबर आता है जिन्होंने एक अंडर 69 का स्कोर बनाया। इस भारतीय खिलाड़ी ने अपने दूसरे नौ होल में दूसरे और नौवें होल में बोगी और इस बीच पार चार वाले चौथे होल में डबल बोगी की।

### विश्व जूनियर चैंपियनशिप में प्रणव और दिव्या करेंगे भारत की अगुवाई

**गांधीनगर।** अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर अभिमन्यु मिश्रा, भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रणव आनंद और अंतर्राष्ट्रीय मास्टर दिव्या देशमुख शनिवार को यहां शुरू होने वाली फिडे विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप में खिताब के बड़े दावेदार होंगे। चौदह जून तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 46 देशों के 230 खिलाड़ी भाग लेंगे जिसमें कई ग्रैंडमास्टर है। गुजरात राज्य शतरंज संघ द्वारा आयोजित की जा रही चैंपियनशिप का उद्देश्य खेल को बढ़ावा देना और युवा प्रतिभाओं को अपनी चमक बिखरने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। सचिव देव पटेल ने कहा यह आयोजन केवल दुनिया भर के युवा शतरंज खिलाड़ियों की अविश्वसनीय प्रतिभा को प्रदर्शन का मौका देगा।

### आईबीए से अलग हुआ भारत, विश्व मुक्केबाजी से जुड़ा

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने शुक्रवार को निलंबित आईबीए से नाता तोड़ लिया और ओलंपिक में खेल के भविष्य को लेकर खतरे से निपटने के लिए विश्व मुक्केबाजी से जुड़ गया। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने महीनों पहले चेताया था कि अगर राष्ट्रीय महासंघ अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) से जुड़े रहे तो 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक से इस खेल को हटाया जा सकता है। बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा मुक्केबाजी का ओलंपिक दर्जा बरकरार रहना खेल के लिए जरूरी है लिहाजा हम विश्व मुक्केबाजी से जुड़कर खुश हैं। विश्व मुक्केबाजी का गठन अप्रैल 2023 में किया गया। इसके अध्यक्ष आईबीए अध्यक्ष पद के पूर्व दावेदार बोरिस वान डेर वोर्स्ट हैं। वान डेर वोर्स्ट ने कहा अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी के लिए भारत बहुत महत्वपूर्ण देश है और हम बीएफआई का विश्व मुक्केबाजी परिवार में स्वागत करते हैं। यह बेहद रोमांचक कदम है जिससे एशिया में हमारी मौजूदगी बढ़ेगी।



# सेमीफाइनल में पहुंचीं त्रिशा-गायत्री

**सिंगापुर ओपन**

कल्लांग, एजेंसी

त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय बैडमिंटन जोड़ी शुक्रवार को दक्षिण कोरिया की कित सो यंग और कोंग ही योंग की जोड़ी को हराकर सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट में आज यहां भारतीय जोड़ी ने दक्षिण कोरिया की किम सो यंग और कोंग ही योंग की जोड़ी को 79 मिनट तक चले बेहद ही रोमांचक क्वार्टरफाइनल मुकाबले में 18-21, 21-19, 24-22 से हराकर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारतीय महिला युगल की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कोरिया की किम-कोंग की जोड़ी ने पहले गेम में बढ़त के साथ त्रिशा-गायत्री की जोड़ी पर दबाव बनाया। इसके बाद कोरियाई जोड़ी ने बढ़त के साथ पहले गेम में अपनी पकड़ मजबूत की। मैच के दूसरे गेम में कांटे की टक्कर देखने को मिली। इस गेम में काफी उतार चढ़ाव देखा गया पहले भारतीय जोड़ी ने 7-3 की बढ़त के साथ शानदार शुरुआत की। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों 19-19 की बराबरी पर पहुंचा कर मैच में वापसी की। तीसरे और निर्णायक गेम में 5-3 की बढ़त हासिल कर ली। मैच का सबसे रोमांचक पल तब आया जब दोनों टीम 20-20 की बराबरी पर पहुंच गई। फिर खेल 22-22 तक पहुंच गया लेकिन अंत में भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार दो अंक हासिल करके गेम को 24-22 से अपने नाम करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया।





### क्वालीफायर्स के क्वार्टर फाइनल में हारीं अंकुशिता

**बैंकॉक।** अंकुशिता बोरो की विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर्स में स्वीडन की एग्नेस एलेक्सियसन से 2-3 से हार के साथ ही भारत की महिलाओं के 60 किग्रा भार वर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल करने की उम्मीदें भी समाप्त हो गई।

भारत की 23 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी स्वीडिश प्रतिद्वंदी के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन यूरोपीय खेलों की पूर्व पदक विजेता खिलाड़ी ने अपने अनुभव के दम पर बोरो को बाहर का रास्ता दिखा दिया। भारतीय खिलाड़ी ने अच्छी शुरुआत की लेकिन वह इसे बरकरार नहीं रख पाई। अरुंधति चौधरी (66 किग्रा) और अमित पंघाल (51 किग्रा) को भी आज अपने मुकाबले खेलने हैं।

## पेरिस ओलंपिक में निशांत देव ने पक्का किया स्थान

- क्वार्टर फाइनल में निशांत ने मोल्दोवा के सेबोटारी को हराया
- निकहत, प्रीत पवार और लवलीना पहले ही कर चुकीं हैं टिकट पक्का

बैंकॉक, एजेंसी

निशांत देव (71 किग्रा) मुक्केबाजी ओलंपिक क्वालीफायर्स के सेमीफाइनल में पहुंचकर पेरिस में होने वाले खेलों का कोटा हासिल करने वाले पहले भारतीय पुरुष मुक्केबाज बन गए। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता और पिछले क्वालीफायर्स में मामूली अंतर से ओलंपिक का टिकट कटाने से चुके निशांत ने क्वार्टर फाइनल में मोल्दोवा के वासिल सेबोटारी को 5-0 से हराकर कोटा हासिल किया।

भारत ने इस तरह से मुक्केबाजी में ओलंपिक के लिए चौथा कोटा स्थान हासिल किया। निशांत से पहले महिला मुक्केबाज निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीत पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) पेरिस के लिए अपना टिकट पक्का कर चुकी हैं। पुरुषों के 71 किग्रा भार वर्ग में पांच कोटा स्थान दांव पर लगे थे और इस तरह से निशांत ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर पेरिस ओलंपिक में अपना स्थान पक्का किया। टूर्नामेंट में अभी तक अपना दबदबा बनाए रखने वाले निशांत ने फिर से आक्रामक शुरुआत की और शुरू से ही दनादन मुक्के जड़कर अपने प्रतिद्वंद्वी को पस्त कर दिया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

